वर्ष-31, अंक- 315, पृष्ठ-12 | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 09, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
सोमवार
01 सितंबर 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

## एक नजर

### डातम-पातम जलप्रपात में दो युवकों की डूबने से मौत, एक का शव बरामद, दूसरे की तलाश जारी

**हेरहंज।** थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध डातम-पातम जलप्रपात में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया, जिसमें दो युवकों की डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान सन्नी कुमार (20 वर्ष) और नितेश कुमार (22 वर्ष) के रूप में हुई है, दोनों पलामू जिले के मेदनीनगर रजवाडीह के रहने वाले थे। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक अपने कुछ दोस्तों के साथ जलप्रपात घूमने आए थे। नहाने के दौरान वे अचानक गहरे पानी में चले गए और डूब गए। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने तुरंत मदद की कोशिश की। सन्नी कुमार का शव कुछ देर बाद पानी की सतह पर आ गया, जिसे स्थानीय लोगों ने बाहर निकाल लिया। नितेश कुमार की तलाश अभी भी जारी है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया। स्थानीय गोताखोरों की मदद से नितेश के शव की खोज जारी है। प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवारों को सूचना दे दी गई है और वे घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं। इस हृदयविदारक हादसे से पूरे इलाके में शोक की लहर है। प्रशासन ने लोगों से जलप्रपात और अन्य जलस्रोतों पर सावधानी बरतने की अपील की है, खासकर बरसात के मौसम में जब पानी का बहाव तेज होता है और खतरा अधिक रहता है।

**प्रोजेक्ट भवन के नए सभागार में कार्यक्रम का होगा आयोजन**

## सीएम सोरेन कल शिक्षकों को देंगे नियुक्ति पत्र

- सहायक आचार्य, पीजीटी शिक्षकों एवं लैब सहायकों को मिलेगा नियुक्ति पत्र
- 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के टॉपर विद्यार्थियों को किया जाएगा पुरस्कृत
- आकांक्षा कोचिंग से जेईई मेंस और एडवांस में सफल विद्यार्थियों को भी पुरस्कार

नवीन मेल डेस्क



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आगामी मंगलवार (02 सितंबर) को सहायक आचार्य, पीजीटी शिक्षकों एवं लैब सहायकों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। साथ ही, मुख्यमंत्री विभिन्न परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी करेंगे। झारखंड बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षा के टॉपर विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, आकांक्षा कोचिंग से जेईई मेंस और एडवांस परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

इस कार्यक्रम का आयोजन रांची के धुर्वा में प्रोजेक्ट भवन के द्वितीय तल पर स्थित नया सभागार में दिन में 12:00 बजे से होगा। इस कार्यक्रम में चयनित अभ्यर्थियों सहित शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और गण्यमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

जानकारी के अनुसार, पुरस्कृत होने वाले विद्यार्थियों के संबंध में जिलों को पत्र भेजा गया है। भेजे गए पत्र में कहा गया है कि बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थी को 2 सितंबर 2025 को राज्य स्तर पर होने वाले कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा। द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को जिला स्तर पर कार्यक्रम कर पुरस्कृत किया जाएगा। राज्य में प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थी को तीन लाख रुपए, द्वितीय स्थान पाने वाले स्टूडेंट को दो लाख रुपए और तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थी को एक लाख रुपए पुरस्कार स्वरूप मिलेंगे। टॉपर विद्यार्थियों को लैपटॉप भी मिलेगा। आकांक्षा कोचिंग के सफल विद्यार्थियों को भी लैपटॉप दिया जाएगा।

## नावाजयपुर में सड़क निर्माण स्थल पर नक्सलियों की फायरिंग

- लेवी वसूली के इरादे से पहुंचे थे टीएसपीएस के सदस्य, मौके से फरार

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** रविवार देर शाम पलामू जिले के नावाजयपुर थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़क स्थल पर प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीएस) के हथियारबंद सदस्यों ने फायरिंग कर दहशत फैलाई। घटना को अंजाम देने के बाद नक्सली मौके से फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार, दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर करीब पांच नक्सली पहुंचे और खुद को टीएसपीएस के सब-जोनल कमांडर नगीना के दस्ते का सदस्य बताते हुए निर्माण स्थल पर हवाई फायरिंग शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि नक्सली लेवी (रंगदारी) वसूलने के इरादे से आए थे। घटना की सूचना मिलते ही नावाजयपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। मामले की पुष्टि करते हुए पलामू की पुलिस सूत्रों ने बताया कि पूरे क्षेत्र में छानबीन और तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, जिस इलाके में घटना हुई है, वह पहले से ही टीएसपीएस नक्सलियों का प्रभाव क्षेत्र माना जाता रहा है। वर्षों बाद किसी सड़क निर्माण स्थल पर नक्सलियों द्वारा इस तरह की फायरिंग की घटना सामने आई है। क्षेत्र में पहले भी कई बार नक्सली मुठभेड़ हो चुकी है और जोनल कमांडर शशिकांत गंझू का इस क्षेत्र में दबदबा रहा है। फिलहाल, पुलिस और सुरक्षा बल अलर्ट मोड में हैं और इलाके की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

**पश्चिमी सिंहभूम जिले में पुलिस व सुरक्षाबलों को मिली बड़ी सफलता**

# छत्तीसगढ़ का कुख्यात नक्सली हिडिमा सारंडा जंगल से गिरफ्तार

- माओवादी एरिया कमेटी का सदस्य शिवा बोदरा भी पकड़ा गया
- दोनों नक्सलियों ने किए महिला सदस्यों के शोषण के खुलासे

नवीन मेल डेस्क



**चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में पुलिस और सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस और कोबरा 209 बटालियन ने रविवार की सुबह छत्तीसगढ़ के कुख्यात माओवादी कमांडर संदीप उर्फ हिडिमा पाडेयाम सहित दो नक्सलियों को सारंडा जंगल से गिरफ्तार किया। इनके पास से एक पिस्टल, 11 कारतूस, दो मैगजीन, दो वॉकी-टॉकी, डेटोनेटर और आईईडी बनाने का सामान बरामद किया गया है।

चाईबासा के पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने रविवार को प्रेस वार्ता में बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एएसपी पारस राणा के नेतृत्व में चलाए गए विशेष अभियान में पुलिस और कोबरा 209 बटालियन ने जराईकेला थाना क्षेत्र के सारंडा जंगल से दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पहला छत्तीसगढ़ का कुख्यात माओवादी कमांडर संदीप उर्फ हिडिमा पाडेयाम है। वहीं, पकड़े गए दूसरे नक्सली की पहचान माओवादी एरिया कमेटी के सदस्य शिवा बोदरा उर्फ शिबु के रूप में हुई है। शिवा बोदरा सरायकेला खरसावां के कुचाई का निवासी है। एसपी राकेश रंजन ने बताया कि दोनों माओवादी लंबे समय से सारंडा और आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय थे। इन दोनों पर 40 से अधिक नक्सली मामले दर्ज हैं। छत्तीसगढ़ का बीजापुर निवासी संदीप पिछले दस वर्षों से झारखंड में सक्रिय था और आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) लगाकर सुरक्षा बलों को निशाना बनाता था। शिवा ओडिशा के राउरकेला जिले में दो माह पूर्व हुए विस्फोटक लूटकांड में भी शामिल रहा है। पूछताछ के दौरान दोनों नक्सलियों ने संगठन के भीतर महिला सदस्यों के शोषण के चौंकाने वाले खुलासे किए हैं।

शेष पेज 11 पर...

### नक्सलियों और उग्रवादियों के खिलाफ लगातार मिल रही सफलता



हेमंत सोरेन सरकार नक्सलियों व उग्रवादियों की समाप्ति को लेकर प्रतिबद्ध है। राज्य पुलिस को नक्सलियों और उग्रवादियों के खिलाफ लगातार सफलता भी मिल रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कई बार कहा भी है कि राज्य में नक्सलियों और उग्रवादियों के खिलाफ अभियान सतत रूप से चल रहा है। उनके खिलाफ लड़ाई अपने अंतिम चरण में है। इधर, झारखंड पुलिस सारंडा के जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है और इसमें कामयाबी भी मिल रही है। नक्सली और उग्रवादी मारे जा रहे हैं और गिरफ्तार भी हो रहे हैं। कई नक्सलियों और उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण भी किया है।

## आज से लागू होगी सिल्वर हॉलमार्किंग

- यूपीएस और पर्सनल फाइनेंस से जुड़े नियमों में भी होंगे बदलाव



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** सितंबर महीने में कुछ ऐसे बदलाव होने जा रहे हैं, जिनका सीधा असर जेब पर पड़ेगा। इसमें आईटीआर फाइलिंग, एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस), सिल्वर हॉलमार्किंग और पर्सनल फाइनेंस से जुड़े नियम शामिल हैं। आयकर विभाग की ओर से वित्त वर्ष 2024-25 की आईटीआर फाइलिंग के लिए निर्धारित की गई विस्तारित डेडलाइन 15 सितंबर 2025 को समाप्त होगी। इससे पहले आईटीआर दाखिल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई 2025 थी। देश में एक सितंबर से सिल्वर हॉलमार्किंग लागू हो जाएगी। ग्राहकों के पास हॉलमार्क वाली चांदी या बिना हॉलमार्क वाली चांदी खरीदने के दोनों विकल्प होंगे। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने चांदी के आभूषणों के लिए हॉलमार्किंग की सुविधा देने का फैसला किया है। हालांकि, शुरुआत में यह स्वैच्छिक होगा। एसबीआई कार्ड्स ने सितंबर से प्रभावी अपने क्रेडिट कार्ड नियमों में संशोधन किया है। 1 सितंबर से, लाइफस्टाइल होम सेंटर एसबीआई कार्ड, लाइफस्टाइल होम सेंटर एसबीआई कार्ड सेलेक्ट और लाइफस्टाइल होम सेंटर एसबीआई कार्ड प्राइम कार्डधारकों को डिजिटल गेमिंग प्लेटफॉर्म, व्यापारियों और सरकारी लेनदेन के माध्यम से की गई खरीदारी पर रिवॉर्ड पॉइंट नहीं मिलेंगे।

सभी सीपीपी (कार्ड प्रोटेक्शन प्लान) एसबीआई कार्ड ग्राहकों को 16 सितंबर से उनकी रिन्यूएबल डेट के आधार पर ऑटोमेटिक रूप से अपडेट किए गए प्लान वेरिएंट में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। कार्ड प्रोटेक्शन प्लान तीन विकल्पों में उपलब्ध है, जिसमें क्लासिक, प्रीमियम और प्लैटिनम शामिल हैं। रिन्यूएबल की कीमतें क्लासिक के लिए 999 रुपए, प्रीमियम के लिए 1,499 रुपए और प्लैटिनम के लिए 1,999 रुपए निर्धारित की गई है।

पात्र केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) चुनने की अंतिम तिथि 30 सितंबर, 2025 तक बढ़ा दी गई है। सरकार द्वारा यह विस्तार 30 जून, 2025 की मूल समय सीमा से बढ़ाकर अधिक कर्मचारियों को यह निर्णय लेने का अवसर देने के लिए दिया गया है कि उन्हें राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) से यूपीएस में जाना है या नहीं।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

## आज / कल




## लखनऊ में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, दो लोगों की मौत



**लखनऊ (आईएएनएस)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गुडंबा क्षेत्र के बेहटा गांव में रविवार को एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया और धमाके के साथ इमारत गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। धमाका इतना शक्तिशाली का था कि आसपास के करीब 5 मकानों को नुकसान पहुंचा है। आशंका जताई जा रही है कि कुछ और लोग मलबे में दबे हो सकते हैं। कुछ घायलों को मलबे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। आनन-फानन में पुलिस को घटना की सूचना दी गई। साथ ही, स्थानीय लोगों की मदद से हादसे में घायल लोगों निकाला गया। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। अब तक दो लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। अधिकारियों का कहना है कि आलम के घर में संचालित पटाखा फैक्ट्री की जांच की जाएगी और पता लगाया जाएगा कि यह कहीं अवैध तरीके से तो नहीं चल रही थी।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शी जिनपिंग के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक**

# सीमा शांति और सहयोग पर हुई चर्चा



### पीएम मोदी ने कहा

- आपसी विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता के आधार पर हम संबंध बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध
- हमारे सहयोग से दोनों देशों के 2.8 अरब लोगों के हित जुड़े हैं, कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा

**तियानजिन (चीन) (आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच रविवार को तियानजिन में द्विपक्षीय बैठक हुई। इस दौरान दोनों नेताओं ने पिछले साल कजान में हुई अपनी बैठक के बाद से द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा की।

प्रधानमंत्री मोदी ने चीन यात्रा के निमंत्रण और द्विपक्षीय बैठक के लिए चीनी राष्ट्रपति का धन्यवाद किया। इस बीच, उन्होंने कहा कि हम आपसी विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता के आधार पर अपने संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए मैं आपका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। पिछले साल कजान में हमारी बहुत ही सार्थक चर्चा हुई। हमारे संबंधों को सकारात्मक दिशा मिली। सीमा पर सैनिकों की वापसी के बाद शांति और स्थिरता का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा, हमारे विशेष प्रतिनिधियों के बीच बॉर्डर मैनेजमेंट के संबंध में सहमति बनी है। कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू हुई है। दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें भी फिर से शुरू की जा रही हैं। हमारे सहयोग से दोनों देशों के 2.8 अरब लोगों के हित जुड़े हैं। इससे पूरी मानवता के कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आपसी विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता के आधार पर हम अपने संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने एससीओ (शंघाई सहयोग संगठन) की सफल

शेष पेज 11 पर...

**इंडिया**

## भ्रम टूटता गया ज्यों ज्यों वोट अधिकार यात्रा बढ़ी



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



बिहार के सासाराम से 17 अगस्त प्रारंभ हुई पटना के गांधी मैदान तक की 16 दिवसीय वोट अधिकार यात्रा बहुत ही उत्साह और उमंग के साथ निकली जिसमें लालू यादव उनके सुपुत्र तेजस्वी यादव और कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी थे । युवाओं की अच्छी भीड़ भी उसने देखी गई। लोगों को लगा कि बिहार में एक नया समीकरण तैयार हो रहा है लेकिन शीघ्र ही एक भ्रम टूटता सा चला गया खासतौर पर लालू यादव के जमाने में लालू बड़े भाई की भूमिका में और कांग्रेस को पिछलग्गु बनाकर रखे जाने की जो बात होती थी इस पर उल्टी हुई दिख रही है और जब पूर्णिया में पप्पू यादव इस यात्रा में शामिल हो गए तब राजद के तेजस्वी यादव जो अपने को मुख्यमंत्री घोषित करवाना चाह रहे थे और अति उत्साह में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री का उम्मीदवार बता रहे थे सकते में आ गए और उन्हें समझ में आ गया कि इस बार की बदली हुई कांग्रेस की चाल में फंस गए हैं। इस प्रकार वोट अधिकार यात्रा जो की बिहार में एक क्रांति लाने की मंशा से शुरू की गई थी दरभंगा में पीएम मोदी की मां को गाली बकने के बाद झटका खाने लगी और अब ऐसे मुकाम पर पहुंची है जब अंदर से भड़के हुए राजद के रुख पर बहुत कुछ निर्भर करता है जो अपने को अब अलग-थलग महसूस कर रहा है ।राहुल गांधी और तेजस्वी यादव एकजुट होकर वोट अधिकार यात्रा कर रहे हैं।

कांग्रेस पार्टी के नीति निर्धारकों और पीआर टीम के सुझावों के अनुसार कांग्रेस ने अपना पिछलग्गु वाली छवि बदलने की हिम्मत दिखाई है क्योंकि माना जा रहा है कि यू पी में अखिलेश का बिहार में लालू का और झारखंड में हेमंत का दामन थाम कर ही कांग्रेस की राजनीति चल रही है। ऐसे में तेजस्वी को मुख्यमंत्री घोषित नहीं करने वाले राहुल गांधी ने अपने एजेंडे पर यह यात्रा शुरू की। उन क्षेत्रों को प्रमुखता दी गई जहां मुस्लिम समुदाय का वर्चस्व है और अपनी मदद के लिए घोर सनातन विरोधी स्टालिन और रेवंत रेड्डी को बुलाया गया। यह मुस्लिम वोटरों को अपनी ओर आकर्षित करने का प्रयास था और वे सफल भी रहे। अगर गाली किसी हिंदू ने दी होती तो अब तक राहुल गांधी माफी मांग चुके होते। लेकिन मुस्लिम वोट बैंक को बचाने के लिए पूरी कांग्रेस पार्टी खड़ी हो गई। हद तो तब हो गई जब राजद के मना करने पर भी पूर्णिया में पप्पू यादव को शामिल करके कांग्रेस ने संकेत दे दिया है कि वह राजद को यादवों का नेता मानकर उसका वर्चस्व स्वीकार नहीं करेगा। फर्जी मतदाताओं के आरोप प्रत्यारोप के बीच चुनाव आयोग अपनी प्रक्रिया चला रहा है ऐसे में बिहार का प्रयोग और परिणाम देश की आगामी राजनीति पर असर डालेगा ही जिसमें बेदाग नीतीश कुमार की उपलब्धियां हैं और पूर्ववर्ती सरकारों के जंगल राज या कुशासन की तुलना में सुशासन बाबू का शासन है और आम आदमी पार्टी की तरह ईमानदारी और नए बिहार का सपना दिखाने वाले प्रशांत किशोर हैं। इसमें दिलचस्प बात यह है कि राजनीति के कुशल खिलाड़ी नीतीश कुमार ने पिछली बार की तरह मास्टर स्ट्रोक खेला है और सितंबर से हर परिवार में एक महिला को मिलेंगे 10 हजार रुपए की योजना शुरू कर दी है जिस कारण यात्रा में महिलाओं की भीड़ नहीं दिख रही।

### बाइक बोट घोटाले मामले में 394.42 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** बाइक बोट घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की स्पेशल टास्क फोर्स ने बड़ी कार्रवाई की। उन्होंने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत 394.42 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की अचल और चल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। ये संपत्तियां कामाख्या एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट, कामाख्या एजुकेशनल सोसायटी, गुरु नानक चैरिटेबल ट्रस्ट, अल्पाइन टेक्निकल एजुकेशन सोसाइटी, एपी गोयल चैरिटेबल ट्रस्ट और मीना आनंद के नाम पर थीं।

## सितंबर में देश में भारी बारिश का पूर्वानुमान

- भारत मौसम विज्ञान विभाग ने जारी की मासिक रिपोर्ट

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** देश के कई हिस्सों में बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने की घटनाओं के बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को अपनी मासिक रिपोर्ट जारी की। इसमें सितंबर 2025 में सामान्य से अधिक बारिश की भविष्यवाणी की गई है। आईएमडी की मासिक वर्षा और तापमान आउटलुक रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर में पूरे देश में औसत मासिक बारिश सामान्य से अधिक (लंबी अवधि के औसत (एलपीए) का 109 प्रतिशत से अधिक) होने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 1971-2020 के आंकड़ों के आधार पर सितंबर में देश में औसत बारिश लगभग 167.9 मिमी है। आईएमडी की रिपोर्ट में कहा गया, भौगोलिक रूप से देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है। हालांकि, पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों, दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत और सबसे उत्तरी भारत के कुछ क्षेत्रों में सामान्य से कम बारिश हो सकती है। सामान्य से अधिक बारिश कृषि और जल संसाधनों के लिए काफी फायदेमंद हो सकती है, लेकिन इसके साथ बाढ़, भूस्खलन, सड़क परिवहन में व्यवधान, सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियां और पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान जैसे जोखिम भी हैं। इन जोखिमों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए, बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, आईएमडी की पूर्व चेतावनियों का उपयोग करना, निगरानी और संरक्षण प्रयासों को बढ़ाना और संवेदनशील क्षेत्रों में मजबूत प्रतिक्रिया प्रणाली स्थापित करना आवश्यक है।

## विदेशी शराब व बीयर के साथ युवक गिरफ्तार



● यह कार्रवाई गुप्त सूचना पर थाना प्रभारी नारायण सोरेन के निर्देशन में की गई

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** पुलिस ने कादलकुर्मी गांव में छापामारी कर बड़े पैमाने पर विदेशी शराब और बीयर के अवैध कारोबार में एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने चोरी की रॉयल स्टेग ब्रांड की शराब और किंगफिशर, गॉड फादर ब्रांड की बीयर की कुल 39 बोतलें बरामद की। यह कार्रवाई गुप्त सूचना पर थाना प्रभारी नारायण सोरेन के निर्देशन में की गई।

आरोपी लंबे समय से अवैध कारोबार में संलिप्त था, जिससे ग्रामीणों को राहत मिली है। पुलिस की कार्रवाई से नशा कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

# अवैध क्लिनिक में महिला की मौत, लापरवाही पर विवाद

### परिजनों ने क्लिनिक संचालक पर गंभीर आरोप लगाए, स्वास्थ्य विभाग ने की सख्त कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित एक निजी क्लिनिक में ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। मृतिका पूनम देवी के परिजनों ने क्लिनिक के संचालक एवं चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

बताया गया कि क्लिनिक में गैरकानूनी तरीके से ऑपरेशन किये जा रहे हैं और दुर्घटना की स्थिति में उचित उपचार एवं सुरक्षा नहीं दी जा रही। जैसे ही यह मामला सामने आया, पलामू के सिविल सर्जन ने इलाके में कई अवैध नर्सिंग होम को सील करने की कार्रवाई शुरू की।




यह घटना स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और नियमों के पालन पर गहरी चिंता व्यक्त करती है। परिजनों ने पुलिस और स्वास्थ्य विभाग से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस घटना के बाद क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा के मानकों और निगरानी को और सख्त करने की जरूरत महसूस की जा रही है।

## बीडीओ ने खाद दुकानों की जांच की, कुछ दुकानें बंद मिलीं

नवीन मेल संवाददाता



**ऊंटारी रोड।** प्रखंड में खाद की कालाबाज़ारी और नकली खाद की बिक्री की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) श्रवण कुमार भगत ने रविवार को खाद दुकानों की जांच की। जांच एसडीओ के आदेशानुसार की गई। बीडीओ ने प्रखंड अंतर्गत सभी दुकानों का निरीक्षण कर स्टॉक, दस्तावेज, बिलिंग मशीन और खाद की गुणवत्ता की गहनता से जांच की। जांच के दौरान कुछ खाद दुकानें बंद पाई गईं, जिससे बीडीओ ने नाराज़गी जताई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रखंड क्षेत्र में किसी भी हाल में कालाबाज़ारी और नकली उर्वरक की बिक्री बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसानों को समय पर उचित मूल्य पर खाद मिले, इसके लिए प्रशासन हर संभव कार्रवाई करेगा। उन्होंने बताया कि अगर कोई किसान खाद को लेकर कोई भी शिकायत करेगा तो उस दुकान पर जांच कर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ ने मलवरिया पैक्स में उपस्थित किसानों को निर्धारित दर पर खाद का वितरण कराया और किसानों को आश्वस्त किया कि जरूरत के अनुसार जल्द खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

## बिना निबंधन संचालित क्लिनिक सील, पांच अन्य क्लिनिकों की जांच

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** जिले में बिना अनुमति और दस्तावेजों के चल रहे निजी क्लिनिकों पर कार्रवाई तेज करते हुए रविवार को हरिहरगंज शहर में उपायुक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य और प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान रागिनी शिशु क्लिनिक को बिना निबंधन के संचालित पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। इसके साथ ही माता लाखमणी हॉस्पिटल, विनोद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस कौआखोह, गुलमोहर हॉस्पिटल और देवंती हॉस्पिटल सहित पांच अन्य क्लिनिकों की भी जांच की गई और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।




जांच टीम में बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, सीओ मनीष कुमार सिन्हा, थाना प्रभारी चंदन कुमार और डॉ. अरविंदकुमार शामिल थे। अधिकारियों ने बताया कि कुछ अन्य क्लिनिक भी बंद मिले हैं, जिनकी जांच जल्द की जाएगी।

## पथरा गांव में शराब दुकान खोलने का जोरदार विरोध

नवीन मेल संवाददाता




**हुसैनाबाद।** प्रखण्ड के पथरा गांव में आयोजित ग्रामसभा में ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से गांव में शराब दुकान खोलने का विरोध किया। ग्रामसभा की अध्यक्षता विजय पासवान ने की और कहा गया कि पथरा गांव पूरी तरह नशा मुक्त है, ऐसे में शराब दुकान समाज व युवाओं के लिए घातक साबित होगी। इसका महिलाओं, बच्चों और युवाओं पर नकारात्मक असर पड़ेगा और गांव की शांति, स्वच्छता प्रभावित होगी। प्रस्ताव पारित कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गांव में शराब दुकान किसी भी हाल में न खोली जाए। ग्राम प्रधान ने राज्य के मुख्यमंत्री को पत्र भेजा और पथरा पंचायत को 'नशामुक्त गांव' घोषित करने की मांग की गई।

## हुसैनाबाद में यूरिया खाद की किल्लत, किसानों का हाल- बेहाल

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के किसानों के लिए यूरिया की भारी किल्लत परेशानी का सबब बनी हुई है। धान की फसल के लिए जरूरी पटवन के बाद अब यूरिया की आवश्यकता है, लेकिन यूरिया की कमी से किसान मायूस हैं। स्थानीय खाद दुकानों पर प्रति दुकान मात्र 100 बैग यूरिया मिला, जो आधार कार्ड के माध्यम से वितरण कर दिया गया। किसान नर्मदेश्वर सिंह, कन्हैया यादव, घूरा प्रसाद, नसीम खान सहित दर्जनों किसानों ने बताया कि हुसैनाबाद, हैदरनगर और मोहम्मदगंज के दुकानों पर यूरिया नहीं मिल रही।



### ब्लैक में बिक रहा यूरिया

270 रुपये वाली यूरिया 500 रुपये में चोरी-छिपे बेची जा रही है। सीमांत किसान ऊंचे दाम पर खाद खरीदने में असमर्थ हैं। किसानों का आरोप है कि पैक्स केंद्रों पर भी यूरिया नहीं है। विभागीय अधिकारी खानापूर्ति कर लौट जाते हैं। पूर्व 20 सूत्री उपाध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता जिशान हसन ने खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की और चेतावनी दी कि अगर एक सप्ताह में समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन होगा।

## निर्माणाधीन सड़क से बच्चों का स्कूल जाना हुआ मुश्किल



नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** राजकीय मध्य विद्यालय, हैदरनगर के छात्रों को स्कूल आने-जाने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। हाईस्कूल मोड़ से बंशीपुर मार्ग के निर्माण के दौरान पीसीसी रोड के दोनों ओर मिट्टी भराई के लिए मिट्टी का ढेर लगा दिया गया है। स्कूल पहुंच मार्ग कीचड़ से भर चुका है, और मिट्टी के ढेरों ने रास्ता बंद कर दिया है। बच्चे साइकिल और पैदल जाने में असमर्थ हैं। उप प्रमुख पप्पू पासवान ने उपायुक्त से अनुरोध किया है कि दोषी संवेदक पर कार्रवाई की जाए और मार्ग को शीघ्र दुरुस्त कराया जाए।

### छतरपुर में माँ भवानी संघ की बैठक संपन्न

## धूमधाम व नशामुक्त वातावरण में होगी दुर्गा पूजा

नवीन मेल संवाददाता

**छत्तरपुर (पलामू)।** छत्तरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के ग्राम लोहाराही वार्ड संख्या 14 स्थित सतबहिनी धाम परिसर में माँ भवानी संघ की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी दुर्गा पूजा को लेकर तैयारियों की रूपरेखा तय की गई और पूजा आयोजन के लिए नई समिति का गठन किया गया। बैठक के दौरान कुल 25 सदस्यों की संचालन समिति बनाई गई। समिति में मुख्य संरक्षक के रूप में प्रभात सिन्हा, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील यादव, मुनारीक यादव, पप्पू सिन्हा, राहुल सिन्हा, भूनेश्वर यादव, विनय यादव, प्रसाद यादव, संतोष यादव, पंचम साव को शामिल किया गया। वहीं मनोहर यादव को मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया।



समिति ने यह स्पष्ट किया कि दुर्गा पूजा के दौरान किसी भी प्रकार के नशा का पूर्णतः निषेध रहेगा और आयोजन पूरी श्रद्धा और गरिमा के साथ किया जाएगा।

बैठक में पुरानी समिति का विस्तार करते हुए सर्वसम्मति से लवकुश यादव उर्फ टनटन यादव को समिति का अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष मंजय कुमार यादव, सचिव सत्यनारायण प्रजापति, उप सचिव रामाशीष यादव, कोषाध्यक्ष बालदेव यादव और उपकोषाध्यक्ष अजय कुमार यादव बनाए गए। पुजारी के रूप में राहुल सिन्हा और मुनारीक यादव को नियुक्त किया गया, जो पूजा-पाठ की सभी धार्मिक जिम्मेदारियां निभाएंगे। पूजा पंडाल की सुरक्षा व्यवस्था के लिए भी समिति गठित की गई है, जिसमें मनोज यादव को सुरक्षा अध्यक्ष, रवि कुमार भुइयाँ को उपाध्यक्ष बनाया गया। अन्य सदस्यों में दिनेश कुमार, अमृत कुमार, चंदीप कुमार, नवीन चंद्रवंशी, कामता यादव, राजेश पासवान, श्रवण साव, गुप्ता यादव, पिंटू यादव, दिलीप साव, पंकज गुप्ता और शिवनाथ यादव शामिल हैं।

## कोयल नदी में मछली उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि

● बाढ़ के बाद मत्स्यपालकों को मिली प्रचुर मछली, स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** जून से लगातार हुई बारिश और उसके बाद आई बाढ़ के उतरने से कोयल नदी में मछली उत्पादन में जबरदस्त वृद्धि हुई है। नदी के जल स्तर में वृद्धि के कारण विभिन्न नस्लों की मछलियाँ प्रचुर मात्रा में पाई जा रही हैं, जिन्हें स्थानीय मत्स्यजीवी समाज ने खुशी-खुशी स्वीकार किया है। नदी के साथ-साथ आस-पास के आहर, तालाब और जलाशय भी जल से भर गए हैं, जिससे मछली पालन क्षेत्र में विस्तार हुआ है। मत्स्य पालन से जुड़े लोगों और मछुआरों के लिए यह समय आर्थिक दृष्टि से खासा लाभकारी साबित हो रहा है। नदी और तालाबों में मछलियों की बढ़ती उपलब्धता से स्थानीय बाजारों में मछली की प्रचुरता हुई है तथा निर्यात के रास्ते भी खुले हैं। यह क्षेत्र धीरे-धीरे मछली उत्पादन का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। जून, जुलाई, और अगस्त में रिकॉर्ड वर्षा ने इस क्षेत्र में जल संचय की अपार संभावनाएं खोल दी हैं।



## संविधान निर्माता का आदर: आपसी सहमति से स्थापना की अपील

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** के खराड़ पर डॉ. भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा की स्थापना के विवाद को सुलझाने के लिए पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेता कमलेश कुमार सिंह की उपस्थिति में बैठक हुई। नेता ने कहा कि अंबेडकर सभी के हैं और उनकी प्रतिमा किसी भी जाति, धर्म या समुदाय के लिए नहीं, बल्कि सबके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने दोनो पक्षों से आपसी सहमति बनाकर प्रतिमा स्थापना की अपील की। बैठक में विभिन्न समाज के लोग उपस्थित रहे और आपसी समन्वय से विवाद सुलझाने की बात पर जोर दिया गया।



## किसानों की फसलें खेतें में सूख रही हैं और अधिकारी मौन

नवीन मेल संवाददाता

**ऊंटारी रोड।** बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सुधीर कुमार चंद्रवंशी ने केंद्र सरकार और स्थानीय प्रशासन पर खाद की कालाबाज़ारी को लेकर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि किसानों की भलाई के नाम पर बनाई गई योजनाएं सिर्फ कागज़ पर सजी हैं, ज़मीनी हकीकत इससे उलट है। चंद्रवंशी ने कहा कि यूरिया और डीएपी जैसी आवश्यक उर्वरक किसानों को उनकी वास्तविक कीमत से कहीं ज़्यादा कीमत पर मिल रही हैं। उन्होंने सवाल किया कि जब प्रिंट रेट से ज़्यादा कीमत लेना अपराध है, चंद्रवंशी ने दावा किया कि यूरिया का सरकारी मूल्य 266 रुपये है लेकिन किसानों को यह 500 से 1000 रुपये में बेचना पड़ रहा है। डीएपी 1350 की जगह 1800 रुपये तक बिक रही है। उनकी टीम ने कई प्रखंडों में जाकर खाद की उपलब्धता की जांच की, जहाँ यह सामने आया कि एजेंसियां ही दुकानदारों को महंगे दाम पर खाद उपलब्ध करा रही हैं। दुकानदारों को नैनो यूरिया और घटिया किस्म के जिंक खाद खरीदने को मजबूर किया जा रहा है, वरना उन्हें लाइसेंस रद्द और सप्लाई बंद करने की धमकी दी जा रही है। एक खाद दुकानदार ने एजेंसी का बिल दिखाते हुए बताया कि यूरिया का बिल 247 रुपये में बनता है, लेकिन उसे 330 रुपये लिए जाते हैं। इसी तरह डीएपी का बिल 1270 रुपये में बनाकर 1600 रुपये तक वसूली की जाती है। चंद्रवंशी ने कहा कि यह घोटाला अधिकारियों की मिलीभगत के बिना संभव नहीं। उन्होंने 6 अगस्त को आए खाद के रैक का उदाहरण देते हुए बताया कि करोड़ों की कालाबाज़ारी की गई। उन्होंने उच्चस्तरीय जांच की मांग की और कहा कि उपभोक्ता नंबर और बैंक खाते के आधार पर सारी सच्चाई सामने लाई जा सकती है। सुधीर चंद्रवंशी ने कहा कि खाद संकट से सिर्फ कृषि नहीं, बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था संकट में आ सकती है। उन्होंने कहा, "सरकार की यह प्राथमिक जिम्मेदारी है कि किसानों का शोषण रोके। अगर किसानों की रीढ़ कमजोर हुई तो देश खाद्यान्न संकट का सामना करेगा।



### खड़ी फसलें सूख रहीं, किसान बेहाल

चंद्रवंशी ने चेतावनी देते हुए कहा कि आज खेतों में खड़ी फसलें सूख रही हैं, लेकिन सरकार मूक दर्शक बनी बैठी है। अगर अभी सरकार समाधान नहीं निकालेगी, तो कल जब अकाल पड़ेगा, क्या 5 किलो चावल बांटकर जिम्मेदारी निभा ली जाएगी? उन्होंने सरकार से पूछा कि जब चुनाव आएंगे, तो किसानों से वोट मांगने कौन-सा चेहरा लेकर जाएंगे?

### थाना में लगे सीसीटीवी कैमरे, अब असामाजिक तत्वों पर रहेगी नजर

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले की विधि-व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिएप हुसैनाबाद थाना में 1 सितंबर को दोपहर 12 बजे सीसीटीवी कैमरों का उद्घाटन किया जाएगा। कार्यक्रम में पलामू एसपी उपस्थित रहेंगे। हुसैनाबाद बिहार की सीमा से सटा हुआ है और संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है। चिन्हित पांच प्रमुख चौक-चौराहों पर कुल 15 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं जिनकी निगरानी सीधे थाना से होगी। इससे असामाजिक तत्वों पर निगरानी और अपराध नियंत्रण में सहूलियत मिलेगी।

**पर्यटन स्थल** | भौंराहा पर्वतीय निरीक्षण भवन से भीमबराज का विहंगम नजारा

## बारिश ने बढ़ाया प्राकृतिक सौंदर्य व पर्यटक आकर्षण

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** इस वर्ष की अच्छी बारिश ने भौंराहा पर्वतीय निरीक्षण भवन से निहारने योग्य भीमबराज का विहंगम एवं मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किया है। भीमबराज की पहाड़ियों से लेकर नीचे फैले मैदानी इलाकों तक की हरियाली अपनी छटा बिखेर रही है, जिससे यह दृश्य धरा से गगन तक व्यापक रूप में नज़र आता है। बादल रहित, नीला आसमान और चारों ओर फैली घनी हरियाली ने इस क्षेत्र का प्राकृतिक सौंदर्य और भी आकर्षक बना दिया है। यह स्थान वनभोज, प्रकृति दर्शन और पर्यटन के लिए बेहद पसंदीदा माना जाता है, जहां अक्सर लोग घूमने, तस्वीरें लेने और वीडियो बनाने आते हैं। सोशल मीडिया पर यूट्यूबर और ट्रैवल ब्लॉगर इस जगह के नजारे साझा करते हैं, जिससे इसकी लोकप्रियता और बढ़ती जा रही है।



नए साल के अवसर पर भी यहां हजारों की संख्या में पर्यटक जुटते हैं, जिससे पर्वतीय क्षेत्र पूरी तरह से गुलजार हो उठता है। प्रकृति प्रेमी रौशन कुमार ने अपने मोबाइल कैमरे से इस विहंगम नजारे को कैद किया है। उनकी तस्वीरों में भीमचुल्हा क्षेत्र के प्राकृतिक स्थलों की खूबसूरती झलकती है। यहां की शीतल छाया, निर्मल जल स्रोत, और दुर्लभ व विलुप्तप्राय पुष्प-पौधों की विविधता पर्यटकों को यहां आकर्षित करती है। भोनुढोढा झरना और भौंराहा पर्वत की चोटी पर स्थित अजूबा पत्थर भी पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र है। इस क्षेत्र की प्राकृतिक संपदा और शांति भ्रमणकारियों को वनभोज का आनंद लेने, फोटोग्राफी करने और प्रकृति के बीच समय बिताने का मौका देती है।

## पीसीसी रोड पर निर्माण कार्य से आवागमन बाधित

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** कृष्णा नगर, वार्ड नंबर-1 के निवासियों ने पीसीसी रोड पर कर्मचारी भवन के निर्माण को रोकने की मांग की है। यह सड़क वर्ष 2014 में बनी थी और चर्च, ब्लॉक कैंपस, डाकघर आदि को जोड़ती है। लोगों ने आरोप लगाया कि अमीन आनंद कुमार सिंह और सीआई संतोष कुमार द्वारा खुंटागड़ी कर निर्माण शुरू कर दिया गया है, जिससे सड़क पर अतिक्रमण हो रहा है और हजारों लोगों की आवाजाही बाधित हो रही है। स्थानीय लोगों ने अंचल अधिकारी से इस कार्य में हस्तक्षेप कर भवन निर्माण को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की है। आवेदन पर धनञ्जय कुमार सिंह, राम किंकर सिन्हा समेत कई लोगों के हस्ताक्षर हैं।

### स्कूल के खेल मैदान में कीचड़, खिलाड़ियों की रुचि प्रभावित

**हैदरनगर।** जिले के हैदरनगर स्थित प्लस टू हाई स्कूल का खेल मैदान बरसात के बाद बुरी तरह कीचड़ से लबरेज हो गया है, जिससे स्कूली बच्चों सहित आम खिलाड़ियों की खेलकूद में रुचि प्रभावित हो रही है। समाजसेवी एवं खिलाड़ियों ने बताया कि मैदान का जीर्णोद्धार और चारदीवारी निर्माण की वर्षों से मांग की जा रही है।

### बेतला में सर्पदंश प्रबंधन और रेस्क्यू का प्रशिक्षण शिविर आयोजित

# वनकर्मियों व पुलिसकर्मियों को सिखाया गया सांप की पहचान, प्राथमिक उपचार और सुरक्षित रेस्क्यू का तरीका

**नवीन मेल संवाददाता**

**बेतला (लातेहार)।** पलामू टाइगर रिजर्व (नॉर्थ) क्षेत्र अंतर्गत बेतला राष्ट्रीय उद्यान में रविवार को सर्पदंश प्रबंधन एवं रेस्क्यू पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व PTR नॉर्थ के उप निदेशक प्रजेश जेना ने किया। शिविर में लगभग 70 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें लातेहार जिला पुलिस बल, पलामू, गढ़वा व लातेहार के वनकर्मी और स्थानीय रेस्क्यू विशेषज्ञ शामिल थे।





जेडएसआई के विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को प्रैक्टिकल डेमो के माध्यम से विषैले और गैर-विषैले साँपों की पहचान, सुरक्षित रेस्क्यू तकनीक, सर्पदंश के समय प्राथमिक उपचार और अस्पताल पहुँचाने की प्रक्रिया की जानकारी दी। साथ ही यह भी बताया गया कि सर्पदंश की स्थिति में "गोल्डन आवर" यानी पहले एक घंटे में सही इलाज मिलना जीवन बचाने में सबसे अहम होता है।

विशेषज्ञों ने इस बात पर ज़ोर दिया कि साँप पर्यावरण का अहम हिस्सा हैं, उन्हें मारने के बजाय सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में पुनर्वासित करना चाहिए। झाड़-फूंक जैसी अंधविश्वासी गतिविधियों से बचने और वैज्ञानिक इलाज अपनाने का भी संदेश दिया गया।

शिविर का उद्देश्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के फील्ड स्टाफ और स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित कर सर्पदंश जैसी आपात स्थिति में बेहतर करने के लिए तैयार करना था। इस प्रशिक्षण को प्रतिभागियों ने अत्यंत उपयोगी और जीवनरक्षक बताया।

## स्व. ध्रुव नारायण बाबू का श्राद्धकर्म संपन्न राजनेताओं व सामाजिक संगठनों ने दी श्रद्धांजलि

- **रएसएस के पूर्व विभाग संघचालक व भाजपा नेता मनोज सिंह के पिता को अंतिम श्रद्धांजलि देने जुटे प्रदेशभर के गणमान्य**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के महामंत्री मनोज सिंह के पिता एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व जिला विभाग संघचालक स्व. ध्रुव नारायण सिंह जी का श्राद्धकर्म समारोह श्रद्धा और भावनाओं के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में राजनीतिक, प्रशासनिक, सामाजिक, एवं धार्मिक संगठनों से जुड़ी हस्तियां उपस्थित रहीं।



प्रदेश के प्रमुख नेताओं, अधिकारियों और सामाजिक प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर स्व. ध्रुव बाबू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और शोक संवेदना व्यक्त की।

श्राद्धकर्म में भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय, केंद्रीय जनजातीय आयोग की सदस्य आशा लकड़ा, सांसद विष्णु दयाल राम, मनीष जायसवाल, विधानसभा में मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल, विधायक आलोक चौरसिया, शशि भूषण मेहता, उज्जवल दास, जनार्दन पासवान, प्रकाश राम, रामचंद्र सिंह, संजय सिंह यादव, अमर बावरी, वीरांची नारायण, अनंत ओझा, कमलेश सिंह, रामचंद्र चंद्रवंशी, सुनील सिंह, समीर उरांव, बृजमोहन राम, मनोज भुइंया, राकेश प्रसाद, विकास प्रीतम, ननजी प्रसाद, सुनीता सिंह, आरती सिंह, पुष्पा देवी, दिलीप सिंह नामधारी, पवन साहू, अमरदीप यादव, शशांक राज, दीपक बांका, समरी लाल, राजकुमार पहन, रामचंद्र केसरी, बड़कुवर गगरई, किशुन दास, वरुण साहू, अमित तिवारी, ठाकुर महतो, पंकज सिंह, विनय लाल, रामदेव सिंह भोक्ता, मनीर उरांव, प्रवीण मेहता, चंद्रशेखर गुप्ता, उज्ज्वल मडल, राजेंद्र सिंहा उर्फ गुड्डू संयुक्त सहित कई अन्य नेता एवं गणमान्य नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। सभी ने स्व. ध्रुव नारायण सिंह के सेवा और समर्पण को याद करते हुए उनके विचारों और योगदान को प्रेरणास्रोत बताया।

# पलामू में यूरिया की कमी को लेकर सांसद विष्णु दयाल राम ने केंद्रीय मंत्री को पत्र लिखा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय क्षेत्र में यूरिया खाद की कमी को लेकर किसानों को हो रही दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए सांसद विष्णु दयाल राम ने केंद्रीय ग्रामीण एवं कृषि मंत्रालय के मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखा है। उन्होंने झारखंड के पलामू और गढ़वा जिलों में यूरिया खाद की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। सांसद विष्णु दयाल राम ने बताया कि पलामू और गढ़वा जिलों में खरीफ और रबी की फसल के लिए यूरिया की भारी कमी है। किसानों को समय पर खाद न मिलने से उनकी फसल और आजीविका पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इस साल अच्छी बारिश के बावजूद, खाद की कमी के कारण किसानों को



जमाखोरी और कालाबाजारी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पलामू जिले को 9800 मीट्रिक टन यूरिया की जरूरत है, लेकिन केवल 7129.70 मीट्रिक टन की आपूर्ति हुई है। गढ़वा जिले को 7000 मीट्रिक टन की आवश्यकता के मुकाबले 6021.48 मीट्रिक टन ही मिला है। वर्तमान में पलामू को 2670 और गढ़वा को 978.515 मीट्रिक टन यूरिया की तुरंत आवश्यकता है। सांसद ने बताया कि झारखंड को केंद्र सरकार से 1.59 लाख मीट्रिक टन यूरिया का आवंटन मिला था, लेकिन अब तक केवल 1.13 लाख मीट्रिक टन ही उपलब्ध कराया गया है, जिससे राज्य के कई हिस्सों में खाद संकट उत्पन्न हो गया है।

सांसद विष्णु दयाल राम ने मंत्री शिवराज सिंह चौहान से इस समस्या का त्वरित समाधान करने और किसानों को आवश्यक यूरिया खाद उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने इस पहल को सकारात्मक बताते हुए कहा कि यह कदम किसानों के लिए राहत और खेती को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। इस पत्र के माध्यम से सांसद ने किसानों की मदद और क्षेत्र के कृषि विकास को बढ़ावा देने का प्रयास किया है।

# हिंदू समाज की एकता के लिए विश्व हिंदू परिषद संकल्पित : दामोदर मिश्र

- **स्थापना दिवस समारोह में संगठनात्मक विस्तार के साथ हिन्दुत्व व सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित और एकजुट करना है। उक्त बातें रविवार को मेदिनीनगर के राजा भाऊ स्मृति संघ भवन में आयोजित विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए प्रांत सेवा टोली सदस्य सह पलामू जिला पालक दामोदर मिश्र ने कहीं।

उन्होंने कहा कि परिषद का मुख्य कार्य हिंदू धर्म की सेवा, सुरक्षा और प्रचार-प्रसार करना है। परिषद देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में बसे हिंदुओं के साथ भी संवाद स्थापित कर उन्हें जोड़ने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि परिषद जाति प्रथा को खत्म कर एक व्यापक हिंदू समाज के निर्माण के लिए संकल्पित है। गौ हत्या और लव जिहाद जैसे मुद्दों पर परिषद लगातार संघर्ष कर रही है और आगे भी गौवंश व हिंदू कन्याओं की रक्षा हेतु सक्रिय भूमिका निभाएगी।

दामोदर मिश्र ने बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष को ध्यान में रखते हुए संघ द्वारा पंच परिवर्तन अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी आत्मनिर्भरता और नागरिक कर्तव्य जैसे विषयों पर विशेष कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने आगामी विजयादशमी पर संघ के संचलन के लिए सभी कार्यकर्ताओं से गणवेश की संख्या समय से उपलब्ध कराने की अपील की।

समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक व्यापक जी ने पौराणिक कथाओं और आध्यात्मिक उदाहरणों के माध्यम से हिंदू संगठन की आवश्यकता और उसके योगदान पर प्रकाश डाला। वहीं विहिप के पलामू विभाग मंत्री महेंद्र नाथ ने स्वतंत्रता संग्राम में संघ की भूमिका और परिषद की उपलब्धियों की जानकारी दी।

विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस समारोह 16 अगस्त से जिलेभर में चलाया जा रहा था, जिसमें अब तक 200 से अधिक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित हो चुके हैं। इसी श्रृंखला में मेदिनीनगर में आयोजित समापन समारोह का संचालन जिला मंत्री अमित तिवारी ने किया। उन्होंने परिषद की स्थापना, उद्देश्य, कार्य एवं भावी योजनाओं को विस्तार से बताया।

समारोह के दौरान चैनपुर प्रखंड की विहिप-बजरंग दल समिति का पुनर्गठन भी किया गया। इसमें सरयू प्रसाद कमलापुरी, दिलीप सोनी व महेंद्र प्रसाद को संरक्षक, देवराज शर्मा को अध्यक्ष, घनश्याम गुप्ता को मंत्री तथा मुकेश प्रजापति को बजरंग दल प्रखंड संयोजक बनाया गया। वहीं सतबरवा के उपाध्यक्ष सुनील विश्वकर्मा को प्रखंड अध्यक्ष नियुक्त किया गया। नगर बजरंग दल के सह संयोजक सर्वेश आनंद और वार्ड 4 संयोजक अभिषेक सिंह बनाए गए।

समारोह में प्रांत सेवा टोली सदस्य दामोदर मिश्र, विभाग प्रचारक व्यापक जी, विभाग मंत्री महेंद्र नाथ, जिला उपाध्यक्ष अजीत पाठक, महिला उपाध्यक्ष अनामिका सिंह, मातृशक्ति संयोजिका ऊषा राणा, कोषाध्यक्ष राजीव गोयल, धर्म प्रसार प्रमुख विनय गुप्ता, बजरंग दल संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, सह संयोजक हिमांशु पांडेय, दुर्गा वाहिनी संयोजिका कामिनी सिंह, सेवा प्रमुख गोपाल तिवारी, समरसता प्रमुख पप्पू लाठ, बलोपासना प्रमुख विकास कश्यप, सहित कई अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही। आयोजन में जोश और अनुशासन दोनों का समन्वय देखने को मिला।

# 27-28 सितंबर को बॉलीवुड सितारों के संग रंगारंग डांडिया नाइट का आयोजन

- **पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स महिला विंग की शानदार तैयारी, सितारों की घोषणा 7 सितंबर को**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की महिला विंग ने अपने दूसरे स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में 'बॉलीवुड ग्लैमर' थीम पर भव्य गेट-टुगेदर कार्यक्रम आयोजित किया। इस उत्सव में सदस्यों ने बॉलीवुड के प्रसिद्ध पात्रों का रूप धारण कर जोश-ओ-ख़ुराक के साथ हिस्सा लिया।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आज की महिला हर क्षेत्र में अपनी काबिलियत से मिसाल कायम कर रही है। उन्होंने महिला विंग की सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक भूमिका की सराहना की और आशा जताई कि यह विंग आने वाले समय में और ऊँचाइयों को छुएगी। उनकी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ गई।

महिला विंग की सक्रिय सदस्याओं जैसे गुंजन अग्रवाल, शिखा अग्रवाल, संध्या जायसवाल, प्रियंका सिंघानिया समेत कई अन्य ने इस आयोजन को सफल बनाने में अहम योगदान दिया।

कार्यक्रम में पिछले वर्ष की गतिविधियों का जायजा लिया गया और आगामी डांडिया नाइट (27-28 सितंबर) की तैयारियों पर विशेष चर्चा हुई। प्रियंका सिंघानिया ने बताया कि इस बार लेडीज विंग की तैयारी बेहद शानदार है और बीते साल की तुलना में यह आयोजन और भी भव्य होगा।

टीना आनंद ने बताया कि 7 सितंबर को इस डांडिया में भाग लेने वाले बॉलीवुड सितारों की घोषणा की जाएगी, जो कार्यक्रम को और भी आकर्षक बनाएगी।

चैंबर ऑफ कॉमर्स की महिला विंग इस तरह के आयोजन के माध्यम से न केवल सांस्कृतिक उत्सव मनाती है बल्कि महिलाओं के सशक्तिकरण और सामाजिक भागीदारी को भी मजबूती प्रदान करती है।

# करमा पूजा और ईद मिलादुन्नबी को शांति से मनाने पर बनी सहमति

- **सदर थाना में सीओ की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर थाना परिसर में रविवार को सीओ अमरदीप सिंह बल्होत्रा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में दोनों समुदायों के सम्मानित लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे।

बैठक का मकसद था आने वाले करमा पूजा और ईद मिलादुन्नबी जैसे पर्वों को शांतिपूर्ण माहौल में मनाना। सभी लोगों ने एकजुट होकर यह फैसला लिया कि हमेशा की तरह इस बार भी पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाए जाएंगे।

बैठक में लोगों ने प्रशासन को साफ-सफाई, बिजली, ट्रैफिक और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सुझाव दिए और जरूरी इंतजाम करने की मांग की। साथ ही यह भी कहा गया कि असामाजिक तत्वों और अफवाह फैलाने वालों पर सख्त नजर रखी जाए।

इस अवसर पर सीओ अमरदीप सिंह बल्होत्रा ने कहा कि सदर प्रखंड हमेशा से भाईचारे की मिसाल रहा है। उन्होंने बताया कि पर्व के दौरान दंडाधिकारी तैनात किए जाएंगे, ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी न हो। प्रशिक्षु आईपीएस शुभम नागरगोजे, जो सदर थाना प्रभारी भी हैं, ने कहा कि पर्व के समय सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी। पुलिस बल तैनात रहेगा और नियमित पेट्रोलिंग की जाएगी। असामाजिक तत्वों पर सख्त नजर रखी जाएगी।

बैठक में थाना प्रभारी लालजी, एएसआई अरविंद गुप्ता, चंद्रशेखर दुबे, योगेंद्र कुमार, समाजसेवी अजय तिवारी, सुलेमान अंसारी, मुखिया उमेश पासवान, शिक्षक रविंद्र सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी की ओर से अतिथियों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित भी किया गया।

### खुरा कला पिकेट प्रभारी पर युवक की पिटाई का आरोप

# रूचिर तिवारी ने घायल से की मुलाकात पिकेट प्रभारी को बर्खास्त करने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव और पूर्व विधायक प्रत्याशी रूचिर कुमार तिवारी ने सोमवार को एमएमसीएच, सदर अस्पताल का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में कई व्यवस्थागत खामियों को उजागर किया, साथ ही एक पिटाई के शिकार युवक लगन चौधरी से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी ली।

घायल लगन चौधरी, जो चैनपुर थाना क्षेत्र के चोढ़ासा गांव के रहने वाले हैं, ने बताया कि खुरा कला पिकेट प्रभारी ने रविवार तड़के करीब 4 बजे उन्हें घर से जबरन उठाया और एक मामले में सुलह के लिए दबाव बनाने लगे। इंकार करने पर 50 से अधिक लाठियों से बेरहमी से पिटाई की गई। पीड़ित इतना गंभीर रूप से घायल है कि अब चलने में भी असमर्थ है।

लगन चौधरी की पत्नी ने आरोप लगाया कि जब उसने 5000 दिए, तभी पिटाई बंद की गई। परिवार के अन्य सदस्य भी डर और दहशत में हैं।

रूचिर तिवारी ने इस घटना को पुलिसिया दमन का गंभीर उदाहरण बताते हुए पलामू के एसपी से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि पिकेट प्रभारी का काम शांति बनाए रखना होता है, न कि आम जनता के साथ अमानवीय व्यवहार करना। ऐसे पुलिसकर्मियों को तत्काल बर्खास्त किया जाना चाहिए।

रूचिर तिवारी ने सदर अस्पताल में व्याप्त व्यवस्थागत कमियों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि सीटी स्कैन मशीन खराब है, चिकित्सकों के बैठने वाले विभाग के बाथरूम जर्जर स्थिति में हैं, और कई जगह एसी भी काम नहीं कर रहे हैं।

निरीक्षण के दौरान अखिल भारतीय किसान सभा के जिलाध्यक्ष उमेश सिंह चेरो, सोनी अहमद, नसीम राइन समेत कई कार्यकर्ता और स्थानीय लोग भी उपस्थित थे।

### सामुदायिक सहयोग की मिसाल : मनातू थाना परिसर में नि:शुल्क कोचिंग क्लास की शुरुआत

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र के बच्चों के लिए शिक्षा और सशक्तिकरण की नई राह



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला अंतर्गत मनातू थाना परिसर में सामुदायिक पुलिसिंग की एक सराहनीय पहल के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर 11वीं एवं 12वीं के विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क कोचिंग कक्षा की शुरुआत की गई। इस पहल का उद्देश्य नक्सल प्रभावित क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मार्गदर्शन और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करना है।

**पढ़ाई के साथ खेल और गार्जियन मीटिंग भी :** इस योजना में केवल शिक्षा तक सीमित न रहकर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखा गया है। छात्रों के शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए सुबह के समय फुटबॉल खेल का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही, हर माह अभिभावक बैठक आयोजित करने की योजना है ताकि बच्चों के शैक्षणिक और सामाजिक विकास में परिवार की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

**पुलिस और समाज के बीच सेतु बना यह प्रयास :** पुलिस विभाग की यह संवेदनशील पहल केवल एक कोचिंग कक्षा नहीं, बल्कि समाज और पुलिस के बीच विश्वास और सहयोग का सेतु बन रही है।

**विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए उम्मीद की किरण**

इस कोचिंग में गणित एवं रसायन विज्ञान विषयों की पढ़ाई कराई जाएगी। रविवार को आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में थाना प्रभारी मनातू ने फीता काटकर कोचिंग कक्षा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पुलिस पदाधिकारी, समाजसेवी, शिक्षक, मीडिया प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

**पहले दिन से ही पढ़ाई शुरू**

कार्यक्रम के तुरंत बाद रसायन विज्ञान की पहली कक्षा संचालित की गई, जिसे बच्चों ने गंभीरता से सुना और समझा। हालांकि यह कक्षा प्रत्येक रविवार को निर्धारित है, लेकिन विद्यार्थियों ने आग्रह किया कि इसे दैनिक रूप में चलाया जाए, ताकि वे स्कूल से पहले इसका लाभ उठा सकें।

# अगले सप्ताह से सभी दुकानों पर होगी यूरिया की भरपूर उपलब्धता : डीसी

- कालाबाजारी पर होगी कड़ी कार्रवाई, किसानों को मिलेगा सही दाम पर खाद

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी दिनेश कुमार यादव ने साफ किया है कि आगामी एक सप्ताह के भीतर गढ़वा जिले की सभी खाद-बीज दुकानों पर यूरिया की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इसका मकसद किसानों को उचित दाम पर खाद उपलब्ध कराना है ताकि वे अपनी फसलों के लिए जरूरी यूरिया समय पर प्राप्त कर सकें। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर यूरिया न खरीदें और किसी भी अनधिकृत दुकानदार से सतर्क रहें। अगले तीन-चार दिनों के अंदर जिले में यूरिया की कमी दूर कर दी जाएगी। उपायुक्त ने पैक्स, लैंप्स, सहकारी समितियों और अधिकृत उर्वरक विक्रेताओं को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे यूरिया केवल तयशुदा दर पर ही उपलब्ध कराएं। अगर कोई दुकानदार निर्धारित मूल्य से ज्यादा वसूली करता पाया गया तो उसका लाइसेंस तुरंत रद्द कर दिया जाएगा। साथ ही, सभी अंचल अधिकारी एवं कृषि विभाग के पदाधिकारियों को भी यूरिया की कालाबाजारी पर नजर रखने का आदेश दिया गया है। कालाबाजारी में लिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी। उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारियों, पुलिस अधिकारियों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को भी अपने-अपने क्षेत्रों में यूरिया की अवैध बिक्री पर सख्ती से नजर रखने को कहा है, ताकि किसानों को समय पर और सही दाम पर खाद मिल सके।

## गढ़वा में जय भवानी संघ के दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारी

**गढ़वा ।** जय भवानी संघ ने 2025 के 36वें दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारी को लेकर शिव मंदिर परिसर में बैठक की। संयोजक मुरली श्याम सोनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में संघ के संरक्षक एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस वर्ष अध्यक्ष अमन कुमार कश्यप बनाए गए हैं, जबकि कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री आदि पदाधिकारियों का चयन भी कराया गया।

## शांति समिति की बैठक में ईद मिलादुन्नबी और करमा पर्व पर विशेष चर्चा

**श्री बंशीधर नगर।** पुलिस थाना परिसर में ईद मिलादुन नबी और करमा पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार आजाद की अध्यक्षता में हुई बैठक में दोनों समुदायों के लोगों ने मिल-जुलकर त्योहार मनाने का आश्वासन दिया।

## भवनाथपुर में श्रद्धा और उल्लास से मनाई गई राधा अष्टमी

**भवनाथपुर।** टाउनशिप दुर्गा मंदिर परिसर स्थित राधे कृष्ण मंदिर में राधा अष्टमी पर्व पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भजन-कीर्तन, मंत्रोच्चारण, हवन और पूजन के साथ दिन भर मंदिर में धार्मिक आयोजन चलता रहा। महिलाओं ने पारंपरिक वस्त्र पहनकर उपवास और पूजन किया। संध्या आरती के दौरान "राधे-राधे" के जयकारों से माहौल गूंज उठा। आयोजन में जसवंत चौबे, प्रदीप चौबे, अर्जुन कुमार आदि का योगदान सराहनीय रहा।

## गढ़वा में जय भवानी संघ ने शुरू की दुर्गा पूजा की तैयारियां

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** स्थानीय संगत मोहल्ला के शिव मंदिर प्रांगण में जय भवानी संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। संघ के संयोजक मुरली श्याम सोनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में आगामी 36वें दुर्गा पूजा महोत्सव को भव्य रूप से मनाने की योजना बनाई गई। बैठक में संरक्षक उमेश कुमार कश्यप, प्रमुख कार्यकर्ता, पूर्व सदस्य और संघ के अनेक सदस्य उपस्थित थे। संघ के नए अध्यक्ष के रूप में अमन कुमार कश्यप को चुना गया। कोषाध्यक्ष विशाल कांस्यकार, उपकोषाध्यक्ष अतुल कश्यप, उपाध्यक्ष प्रिंस कंशकार समेत अन्य पदाधिकारियों का भी चयन किया गया। बैठक में संघ की पिछली गतिविधियों की समीक्षा की गई और आगामी दुर्गा पूजा के लिए तैयारियों पर चर्चा हुई। सदस्यगण आयोजन की सफलता हेतु अपनी-अपनी जिम्मेदारियां निभाने को तत्पर रहे। बैठक में संघ की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने तथा सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने पर भी चर्चा हुई। संघ के संयोजक मुरली श्याम सोनी ने कहा कि इस वर्ष का दुर्गा पूजा महोत्सव संघ की नयी ऊर्जा और सद्भाव का परिचायक होगा। उन्होंने सभी सदस्यगण से एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सामाजिक विकास और सांस्कृतिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

## प्रशिक्षण में उपेक्षा : महिला वार्ड सदस्य फर्श पर बैठकर खा रही हैं खाना



नवीन मेल संवाददाता

- समय पर नहीं मिल रहा नाश्ता और भोजन सरकारी गाइडलाइन की उड़ रहीं धज्जियां

**मेराल।** प्रखंड सभागार में आयोजित तीन दिवसीय महिला वार्ड सदस्यों के प्रशिक्षण में भारी अनियमितता सामने आई है। मीनू के अनुसार, ना तो नाश्ता समय पर दिया जा रहा है और ना ही भोजन। भोजन की गुणवत्ता और मात्रा में भी कटौती की जा रही है। दुलदुलवा पंचायत की वार्ड सदस्य सरिता देवी, सविता देवी और हासनदाग की चिंता देवी ने बताया कि उन्हें दोपहर 1 बजे दो समोसे और 3:30 बजे खाना दिया जाता है, जो न तो मेनू के अनुसार होता है और न ही पर्याप्त। सरकारी निर्देश के अनुसार प्रशिक्षण में सुबह और शाम नाश्ता, दोपहर में भोजन और टेबल-कुर्सी पर भोजन देने की व्यवस्था होनी चाहिए, लेकिन महिलाओं को जमीन पर बैठाकर भोजन कराया जा रहा है। ट्रेनर चंचला देवी ने भी कुर्सी की व्यवस्था न होने की बात स्वीकार की। यह पूरी व्यवस्था सरकारी राशि के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार की ओर इशारा करती है, लेकिन अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं।

## डंडई के विद्यालयों में राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुई खेलकूद प्रतियोगिता

नवीन मेल संवाददाता



**डंडई।** प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जमा दो उच्च विद्यालय लवाही कला के खेल मैदान में बालक व बालिका वर्ग के लिए अलग-अलग खेल आयोजित किए गए। प्रतियोगिताओं में बोरा दौड़, कुर्सी रेस, 100 मीटर दौड़, क्रिकेट मैच, लंगड़ी खेल, कबड्डी, लंबी कूद आदि शामिल थे। बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में हर्ष कुमार, इरशाद सद्दीकी, श्याम कुमार और लवकुश कुमार ने बेहतर प्रदर्शन किया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर क्रमशः दयानंद कुमार, आनंद कुमार, सूरज रजक, आदित्य कुमार और नीतीश कुमार, सत्यानंद कुमार, हरिओम ठाकुर रहे। बालिका वर्ग की बोरा दौड़ में रिंकू कुमारी प्रथम, रूपा कुमारी द्वितीय और अंजली कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं।

कुर्सी दौड़ में रूपा कुमारी प्रथम, निशु कुमारी द्वितीय और समीक्षा कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। बालक वर्ग में लंगड़ी दौड़ में आकाश कुमार प्रथम, इंद्रजीत कुमार द्वितीय और विवेक कुमार तृतीय रहे। प्रतियोगिता से पहले विद्यालय के प्राचार्य अमिताभ कुमार ने छात्र-छात्राओं को खेल दिवस का महत्व बताया और खेल के द्वारा शरीर व मन दोनों को स्वस्थ रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि खेलों में सक्रिय भागीदारी से बच्चे न केवल स्वस्थ रहते हैं बल्कि उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता भी विकसित होती है। इस अवसर पर शिक्षकों और अभिभावकों ने भी छात्रों को प्रोत्साहित किया। पूरे कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## श्री बंशीधर नगर और भंडरिया में शांति समिति की हुईं बैठकें

नवीन मेल संवाददाता



श्री बंशीधर नगर एवं भंडरिया। मुस्लिम धर्मावलंबियों के पर्व ईद मिलादुन नबी एवं करमा पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के लिए दोनों स्थानों पर शांति समिति की बैठकें आयोजित की गईं। श्री बंशीधर नगर की बैठक की अध्यक्षता पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार आजाद ने की, जबकि भंडरिया थाना परिसर की बैठक नए थाना प्रभारी सुभाष कुमार पासवान की अध्यक्षता में हुई। दोनों बैठकों में दोनों समुदाय के सदस्यों ने आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने पर सहमति जताई। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम करने, अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी असामाजिक गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को देने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस ने पर्व के दौरान गश्त बढ़ाने और नियमों के पालन का आश्वासन दिया। सामाजिक सद्भाव और आपसी सहयोग पर जोर देते हुए वक्ताओं ने कहा कि पर्वों का आनंद भाईचारे से ही संभव है। उन्होंने दोनों समुदायों को एकजुट होकर विकास और शांति बनाए रखने का संदेश दिया। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि, पुलिस अधिकारी, शांति समिति के सदस्य और कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। सभी ने इस मौके पर साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया।

## धुरकी के कोरवा टोली में डायरिया से मासूम की मौत



नवीन मेल संवाददाता

**धुरकी।** प्रखंड मुख्यालय से एक किलोमीटर दूर कोरवा टोली में डायरिया फैलने से एक चार वर्षीय मासूम बादल कुमार की मौत हो गई। वह अनिल कोरबा का पुत्र था। परिवार के अन्य सदस्य भी डायरिया से पीड़ित हैं और उनका इलाज धुरकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। पीड़ित परिवार आदिम जनजाति से संबंध रखता है और कोरबा भवन में अस्थायी रूप से निवास करता है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रत्नेश कुमार ने बताया कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है और जरूरत पड़ने पर विशेष शिविर भी लगाया जाएगा।

## कलवार समाज ने मनाया भगवान बलभद्र का जयंती उत्सव

**श्री बंशीधर नगर।** ब्याहुत कलवार समाज ने भगवान बलभद्र की जयंती पूजा हवन के साथ बड़े हर्षोल्लास से मनाई। कार्यक्रम में कुलदेवता की प्रतिमा पूजा, भजन-आरती, प्रसाद वितरण के बाद समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। साथ ही स्वजातीय परिचर्चा में समाज के उत्थान पर चर्चा हुई और एकजुटता का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि चंद्रशेखर प्रसाद ने भगवान बलभद्र के महत्व और कलवार समाज के गौरवपूर्ण इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने गरीब एवं मेधावी छात्रों के शिक्षा खर्च का उत्तरदायित्व लेने की घोषणा भी की।

## बालेखांड व पचौर में दुर्गा पूजा को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

- धूमधाम से पर्व मनाने का निर्णय पूजा समिति का हुआ पुनर्गठन

**डंडई।** बालेखांड और पचौर गांवों में दुर्गा पूजा को लेकर बैठक आयोजित की गई। बालेखांड में राम नरेश सिंह को पूजा समिति का अध्यक्ष चुना गया जबकि पचौर में विनोद कुमार को अध्यक्ष बनाया गया। बैठक में पिछले वर्ष के खर्च का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया और 10 दिवसीय रामलीला मंचन का निर्णय भी लिया गया। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से पूजा को भव्य बनाने का संकल्प लिया।

## कोल्ड स्टोरेज के अभाव में किसानों को नहीं मिल रहा फसल का उचित मूल्य



**केतार।** सोन और पंडा नदी के किनारे बसे गांवों के किसान आलू, प्याज, मिर्च, लहसुन और सब्जियों की खेती करते हैं, लेकिन कोल्ड स्टोरेज की सुविधा नहीं होने के कारण उन्हें फसल का सही मूल्य नहीं मिल पा रहा है। किसानों ने बताया कि फसल खराब होने के डर से उन्हें मजबूरी में सस्ते दाम पर बेच देना पड़ता है। समाजसेवी पंकज कुमार सिंह ने कहा कि सरकार अविलंब कोल्ड स्टोरेज का निर्माण करे। जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद और ग्रामीण मदन कुमार पटेल ने भी इसे किसानों के हित में आवश्यक कदम बताया।

## खरौंधी में मेजर ध्यानचंद जयंती पर खेल महोत्सव का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

- छात्राओं ने दिखाया खेल कौशल पुरस्कार वितरण से बढ़ा उत्साह

**खरौंधी।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, खरौंधी में दो दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर किया गया। छात्राओं ने दौड़, खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन और म्यूजिकल चेयर रेस जैसे विभिन्न खेलों में भाग लिया। खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी और वार्डन लक्ष्मी रानी ने पुरस्कृत किया। वार्डन ने कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक है।

## बालिका आवासीय विद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया

नवीन मेल संवाददाता



**केतार।** झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस और राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में 29-30 अगस्त को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी और पुष्पांजलि से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। छठी से आठवीं कक्षा की छात्राओं के लिए 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, खो-खो, कबड्डी, रस्साकशी और गिल्ली-डंडा जैसे खेलों का आयोजन किया गया, जबकि नौवीं से बारहवीं कक्षा की छात्राओं के लिए बैडमिंटन, फुटबॉल और म्यूजिकल चेयर रेस रखी गई। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार दिया गया। पर्यवेक्षिका अमिता पांडेय ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा देना है।



## मदरसा गौसिया नूरिया को मिला 50 बेड का छात्रावास

**धुरकी।** मदरसा दारूल उलूम गौसिया नूरिया, धुरकी को झारखंड सरकार द्वारा 2.95 करोड़ रुपये की लागत से 50 बेड का छात्रावास स्वीकृत किया गया है। इस उपलब्धि पर मदरसा कमिटी और मुस्लिम समुदाय ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री हफीजुल हसन और गढ़वा जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी के प्रति आभार जताया। मदरसे के प्रधानाचार्य मुफ्ती रौशन रजा अजहरी ने बताया कि इससे बिहार, यूपी, छत्तीसगढ़ से आने वाले छात्रों की आवासीय समस्या दूर होगी। प्रेस कांफ्रेंस में कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और सरकार के इस निर्णय की सराहना की।

## थाना परिसर में करमा पर्व और मिलादेउन्नबी के लिए शांति समिति की हुई बैठक

**भंडरिया।** भंडरिया थाना परिसर में थाना प्रभारी सुभाष कुमार पासवान की अध्यक्षता में करमा पर्व और मिलादे उल न्नबी को शांतिपूर्ण रूप से मनाने के लिए शांति समिति की बैठक हुई। प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई और झारखंड सरकार की गाइडलाइन का पालन आवश्यक बताया। जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने भी एकजुटता और शांति से पर्व मनाने पर जोर दिया। यदि कोई असामाजिक तत्व माहौल बिगाड़ने का प्रयास करे तो पुलिस को सूचना देने का आग्रह किया गया।

## सहायक अध्यापक संघ की बैठक में नियुक्ति प्रक्रिया पर जताई नाराजगी



**गढ़वा।** जिला टेट उत्तीर्ण सहायक अध्यापक संघ की एक अहम बैठक गढ़वा टाउन हॉल मैदान में हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष रविशंकर ठाकुर ने की। बैठक में सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में हो रही अनियमितताओं पर कड़ा विरोध जताया गया। संघ के अनुसार, सरकार ने परीक्षा में शिथिलता दी थी जिसे परिणाम से पूर्व रद्द कर दिया गया, जिससे 22 वर्षों से सेवा दे रहे सहायक अध्यापक प्रभावित हुए हैं। उन्होंने मांग की कि रिजर्व सीट पर उनके कच्चे (रॉ) मार्क्स के आधार पर मेरिट बनाकर डीवी कराई जाए। बैठक में सैकड़ों शिक्षक शामिल हुए और नॉर्मलाइजेशन के नियमों को सार्वजनिक करने की मांग की गई।

## जय मां शेरावाली संघ करेगा भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** जय मां शेरावाली संघ, भागलपुर टंडवा द्वारा इस वर्ष भी भव्य दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। संघ के संयोजक दौलत सोनी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी आकर्षक पूजा पंडाल का निर्माण किया जाएगा, जो गढ़वा जिला वासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए संघ की एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता संरक्षक संत कुमार गुप्ता ने की। बैठक में सुनील कुमार को अध्यक्ष बनाया गया, जबकि उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सचिव, पुजारी, मीडिया प्रभारी, संगठन मंत्री, कार्यालय मंत्री और सोशल मीडिया प्रभारी समेत विभिन्न पदों पर सदस्यों की नियुक्ति की गई। संघ के संयोजक दौलत सोनी ने बताया कि यह आयोजन 2017 से निरंतर किया जा रहा है और स्वच्छता को लेकर नगर परिषद द्वारा संघ को सम्मानित भी किया गया है।

**आस्था**

### श्री बंशीधर नगर में भगवान बलभद्र की जयंती पर भव्य पूजा-अर्चना

## भगवान बलभद्र का अस्त्र हल है, जो कृषक के लिए महत्वपूर्ण

नवीन मेल संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** रविवार को स्थानीय चचेरिया स्थित अलका मैरिज हॉल में ब्याहुत कलवार समाज ने भगवान बलभद्र की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बलभद्र की प्रतिमा पूजन-हवन से हुई, जिसका संचालन विद्वान पंडित रामचंद्र पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया। मुख्य यजमान डॉ. संतोष कुमार और उनकी पत्नी प्रीति सागर ने पूजा-अर्चना की। भजन-आरती के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। उसके बाद सम्मान समारोह हुआ, जिसमें समाज के प्रतिष्ठित सदस्यों जैसे चंद्रशेखर प्रसाद, जोखू प्रसाद, विद्या सागर आदि को अंगवस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। स्वजातीय परिचर्चा में कलवार समाज के विकास और एकजुटता पर विस्तार से चर्चा हुई। वक्ताओं ने समाज के उत्थान के लिए मिलकर काम करने पर बल दिया। मुख्य अतिथि चंद्रशेखर प्रसाद ने कहा कि भगवान बलभद्र का अस्त्र हल और मूसल है, जो कृषक समाज के लिए महत्वपूर्ण है।

उन्होंने गरीब और मेधावी छात्रों की शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक देवशंकर प्रसाद ने किया और धन्यवाद ज्ञापन अश्विनी कुमार ने किया। अंत में महाप्रसाद का वितरण हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में समाज के अनेक सदस्य, स्थानीय गणमान्य और महिला-पुरुषों ने भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया।

## डंडई में राष्ट्रीय खेल दिवस पर विद्यालयों में खेलकूद प्रतियोगिता

**डंडई।** डंडई के विभिन्न विद्यालयों में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बालक और बालिका वर्ग के लिए अलग-अलग खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जमा दो उच्च विद्यालय लवाही कला के खेल मैदान में बोरा दौड़, कुर्सी रेस, 100 मीटर दौड़, क्रिकेट, लंगड़ी खेल, कबड्डी, लम्बी कूद सहित कई प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। 100 मीटर दौड़ में हर्ष कुमार, इरशाद सद्दीकी, श्याम कुमार आदि को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त हुए। बालिका वर्ग में बोरा दौड़ में रिंकू कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के पूर्व विद्यालय प्राचार्य अमिताभ कुमार ने खेल दिवस के महत्व की जानकारी देते हुए छात्रों को खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

## न्यूज बॉक्स

### झारोटेफ का कर्मचारी शक्ति समागम संपन्न



**लातेहार।** झारोटेफ के तत्वाधान में रविवार को कर्मचारी शक्ति समागम जिला मुख्यालय के एक निजी होटल में हुआ। अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव ने इसका संचालन किया। विधायक रामचन्द्र सिंह ने उपस्थितों को सम्बोधित करते हुए मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पदाधिकारियों के भ्रष्टाचार व दुर्व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कर्मचारी एवं शिक्षक संगठनों से पुरानी पेंशन योजना लागू कराने की मांग भी उठाई गई। तमाम कर्मचारी व शिक्षक बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### अनाथ बच्ची साक्षी का सहारा बनी बाल कल्याण समिति



**लातेहार।** बाल कल्याण समिति द्वारा अनाथ बच्ची साक्षी को कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए रांची भेजा गया। बेटी की सुरक्षा और रोजगार के लिए जिला मैनेजर रोसालिया लकड़ा द्वारा संरक्षण सुनिश्चित किया गया है। बाल कल्याण समिति के प्रयासों को सराहा गया। साक्षी के हित में आगे भी सहयोग जारी रहेगा।

### अनुमंडल सह प्रखंड सरना समिति ने बैगई जमीन पर करमा पर्व मनाने से रोकने का आरोप एसडीएम पर लगाया



**महुआडांड़।** अनुमंडल सह प्रखंड सरना समिति ने रविवार को एसडीएम के रवैये की कड़ी निंदा की। एसडीएम द्वारा अभी तक करमा पर्व के लिए अनुमति नहीं मिलने पर 3 सितंबर को विरोध स्वरूप काला झंडा लगा कर गांव-गांव करमा पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। समिति ने कहा कि पहले करमा पर्व मनाने वालों को रोका गया है जबकि दूसरे समुदाय को अनुमति दी गई। जांच के बाद उचित निर्णय होगा।

### बूथ स्तर से संगठन को मजबूत बनाएं : असगर खान




**चंदवा।** प्रखंड कांग्रेस कमिटी की पंचायत स्तरीय संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत हुटाप पंचायत कांग्रेस कमिटी का रविवार को सर्वसम्मति से चुनाव हुआ। इसमें अध्यक्ष अनीता कुजूर, उपाध्यक्ष मनीला टोपनो व अगस्टिन खाखा, महासचिव निमंती कुजूर, जीना खाखा, एलिजाबेथ, पॉलिना टोपनो, अमोश मिंज को बनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान ने की। श्री खान ने कहा कि कांग्रेस को धारदार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को बूथ से लेकर जिला कमिटी तक संगठन मजबूत करने में मेहनत करनी होगी। नवीन कुमार भारती ने कांग्रेस का संदेश हर घर तक पहुंचाने और गरीब, किसान, मजदूर, महिलाओं व युवाओं के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कोमर ग्राम में धूमधाम से जतरा मनाया जाएगा



**बालूमाथ।** कोमर गांव में पारंपरिक जतरा पर्व के आयोजन हेतु कुशी टोला में बैठक हुई। सभी परिवारों से निर्धारित सहायता राशि तय की गई, जतरा के दिन डीजे की अनुमति नहीं होगी, केवल पारंपरिक वाद्य यंत्र बजाए जाएंगे। आयोजन के लिए संचालन कमेटी एवं स्वागत टीम बनाई गई। जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने रास्ते की मरम्मत तथा जतरा के दिन मांदर सौगात देने का वादा किया। बैठक में ग्रामीणों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई।

## दुर्गा पूजा की तैयारी शुरू, लाल किला थीम पर बनेगा पंडाल

# दुर्गा मंडल रोल महुआमिलान स्टेशन की बैठक संपन्न, प्रतुल शाहदेव चुने गए अध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** आगामी दुर्गा पूजा को लेकर चंदवा शहर और ग्रामीण इलाकों में तैयारियां जोरों पर हैं। रविवार को दुर्गा मंडप प्रांगण, रोल महुआमिलान स्टेशन में दुर्गा मंडल की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सह भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने की। संचालन आशीष कुमार सिंह और धन्यवाद ज्ञापन दीपक निषाद ने किया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष दुर्गा पूजा पंडाल ₹लाल किला₹ की थीम पर बनेगा। इसके लिए विशेष शिल्पकारों को बुलाया जाएगा। साथ ही, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भक्ति जागरण और भव्य जतरा मेले का भी आयोजन किया जाएगा।

पूजा व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। प्रतुल नाथ शाहदेव को पुनः अध्यक्ष चुना गया। कार्यकारिणी अध्यक्ष रमेश प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष रमेश साव, महासचिव शिव कुमार मुंडा, कोषाध्यक्ष अनिष प्रसाद गुप्ता, व पूजा व्यवस्थापक लखन प्रजापति सहित कई अनुभवी सदस्यों को जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं।

बैठक में संरक्षक मंडली और युवा कार्यसमिति का भी गठन किया गया जिसमें चंदवा के अनेक युवाओं को जोड़ा गया। सभी ने दुर्गा पूजा को ऐतिहासिक और अनुशासित बनाने की प्रतिबद्धता जताई।

### प्रमोद साहु बने झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन के अध्यक्ष



**चंदवा।** झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन के सम्मेलन में प्रमोद साहु को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। उन्होंने मजदूरों के शोषण के विरुद्ध लड़ने व पलायन के कारणों पर गंभीरता से विचार करने की बात कही। नई कमेटी में विभिन्न क्षेत्रीय सदस्यों का समावेश है।

### महुआडांड़ में फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले का आयोजन

**महुआडांड़।** साले पारिष मैदान में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच में विधायक रामचंद्र सिंह ने किक मारकर शुभारंभ किया। माताओं और बहनों ने पारंपरिक नृत्य से विधायक का स्वागत किया। खेल से जुड़ी समस्याओं के बारे में ज्ञापन भी सौंपा गया। कांग्रेस व अन्य गणमान्य लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### चुंदरु धाम में गणेश महोत्सव का दूसरा दिन भी भव्य

**टंडवा (चतरा)।** चुंदरु धाम मंदिर परिसर में चल रहा दस दिवसीय गणेश महोत्सव भक्तिमय माहौल में जारी है। श्रद्धालु श्रीमद्भागवत महापुराण कथा सुन रहे हैं। ग्रामोद्योग की वस्तुएं भी लोगों को आकर्षित कर रही हैं। प्रशासनिक व्यवस्था सुचारू बनी हुई है।

### यूरिया मिश्रित दूषित पानी से पांच पशुधन मृत, किसानों ने मुआवजे की मांग की

**बालूमाथ।** बरनी पेट्रोल पंप के समीप जमा दूषित पानी पीने के कारण दो किसानों के पांच पशुओं की मौत हो गई। किसान रामेश्वर यादव के दो खेतिहर बैल एवं जगदेव उरांव के दो गर्भवती बकरियां व एक बकरा मृत पाए गए। पिछले दो माह में इसी कारण एक और पशु मृत्यु हो चुकी है। किसान मुआवजे की मांग करते हुए संबंधित विभाग और यूरिया सर्विस सेंटर संचालक से जवाबदेही चाहते हैं।

## खाद्य सुरक्षा कानून पर नुक्कड़ नाटक कर किया जागरूक

नवीन मेल संवाददाता



**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड के कुटमू चौक पर शनिवार को खाद्य सुरक्षा कानून की जानकारी देने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लातेहार के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर आयोजित हुआ, जिसमें सर्ना कलां जत्था डुमारो के कलाकारों ने भाग लिया। कलाकारों ने इंटरटेनिंग अंदाज़ में गंभीर सामाजिक संदेश दिए और बताया कि खाद्य सुरक्षा कानून गरीबों को न्यूनतम दर पर राशन का अधिकार देता है।

नाटक में अंत्योदय, बीपीएल और हरा राशन कार्ड जैसी योजनाओं के माध्यम से अनाज वितरण की प्रक्रिया समझाई गई। इसके साथ ही 1967 हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी गई, जिस पर राशन से जुड़ी किसी भी गड़बड़ी की शिकायत दर्ज की जा सकती है। कलाकारों ने बीच-बीच में नागपुरी गीतों के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। कपिल देव सिंह, विद्यानंद सिंह, मनीष उरांव, मायारानी और श्रद्धा कुमारी की टीम ने अपने अभिनय और गायन से ग्रामीणों को जानकारी के साथ-साथ मनोरंजन भी प्रदान किया।

## टोरी में आरओबी निर्माण समेत मांगों को लेकर 8 सितंबर को नाटक का मंचन

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा (लातेहार)।** प्रखंड के कामता पंचायत में किसानों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें रवि शंकर गंझु की अध्यक्षता में टोरी-चंदवा में आरओबी (फ्लाईओवर ब्रिज) के निर्माण और अन्य स्थानीय मांगों को लेकर आगामी 8 सितंबर को कफन मंचन नाटक करने का निर्णय लिया गया।

किसान नेता अयूब खान ने कहा कि 3 अप्रैल 2021 को केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने फ्लाईओवर का शिलान्यास किया था, लेकिन चार साल बाद भी काम शुरू नहीं हुआ। रविशंकर गंझु ने बताया कि यह मार्ग एनएच-22 पर स्थित है, जिससे कई राज्यों और जिलों की हजारों गाड़ियां गुजरती हैं। ऐसे में ब्रिज नहीं बनने से स्थानीय लोग भारी संकट झेल रहे हैं।

बैठक में अयूब खान, रामधनी भगत, पचु गंझु, गुजरा भोगता, ललन राम, माईकल हंश, सजीद खान आदि उपस्थित रहे।

## अवैध लकड़ी तस्करी में कार्रवाई, दो गिरफ्तार




- छिपादोहर वन प्रक्षेत्र ने भारी मात्रा में लकड़ी बरामद की

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** छिपादोहर-लात मार्ग पर गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग ने पिकअप वाहन से अवैध सखुआ लकड़ी जब्त की। मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर रेंजर ने कहा कि अवैध तस्करी में कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। बरामद लकड़ी और वाहन जब्त कर कानूनी कार्रवाई शुरू की गई।

## चंदवा में करमा पूजा की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा (लातेहार)।** कुसुम टोली स्थित कृषि फार्म परिसर में रविवार को प्रखंड सरना समिति चंदवा द्वारा करमा पूजा की पूर्व संध्या पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोहरदगा के जलेश्वर उरांव और विशिष्ट अतिथि मुखिया रंजीत उरांव उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत धरती मां को नमन कर की गई। अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। मौके पर महिलाओं और स्कूली छात्राओं ने आदिवासी गीतों और मांदर की थाप पर नृत्य कर सबका मन मोह लिया।

आयोजन में अध्यक्ष चंद्रदेव उरांव, उपाध्यक्ष फूलदेव उरांव, सचिव मनीजर उरांव, कोषाध्यक्ष चंद्रदेव उरांव, पढ़हा राजा धनेश्वर उरांव, और बड़ी संख्या में सरना समिति की महिला और पुरुष सदस्य मौजूद थे।

### रैनबसेरा में वृद्ध की मौत, बरवाडीह पुलिस जांच में जुटी

**लातेहार।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के रैनबसेरा में एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई, जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस दल घटना स्थल पर पहुंचकर जांच कर रहा है। मृतक की पहचान गणेश राम के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में मौत कुछ समय पूर्व हुई प्रतीत होती है।

## बरनी गांव में करमा पूर्व संध्या का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**बारियातु (लातेहार)।** प्रखंड क्षेत्र के बरनी गांव स्थित यादव पेट्रोल पंप के समीप खेल मैदान में राजी सरना पड़हा प्रार्थना सभा के बैनर तले करमा पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक उरांव ने की, वहीं मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रकाश राम, राष्ट्रीय प्रचारक मंगरा उरांव, लोहरदगा जिला अध्यक्ष बीरी उरांव और विधायक प्रतिनिधि कृष्णा यादव मंच पर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ करम डाल को भूमि पर स्थापित कर पूजा से हुआ। वक्ताओं ने करमा पूजा के सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। विभिन्न गांवों से पहुंचे खोड़हा सांस्कृतिक दलों ने करम गीतों पर शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। पारंपरिक वेशभूषा में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, युवा और बच्चे शामिल हुए और आयोजन को सफल बनाया।

## कुंदा प्रखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क समस्या बनी चुनौती

- बीएसएनएल टावर लगा, पर कार्य नहीं हो पा रहा

नवीन मेल संवाददाता



**चतरा।** मेदवाडीह, शाहपुर, नवादा सहित कई गांवों में नेटवर्क समस्या होने से लोग डिजिटल काम के लिए ऊंचे स्थानों पर चढ़ते हैं। बीएसएनएल टावर लगे दो वर्ष हो गए, फिर भी सेवा अक्षम है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से नेटवर्क सुधार की मांग की है।

## राजगुरु गांव में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर हुई बैठक अध्यक्ष अशोक साव व उपाध्यक्ष रवि यादव बने



- शांति और सौहार्द के साथ मनाएंगे दुर्गा पूजा, समिति का गठन

नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम राजगुरु में दुर्गा पूजा पंडाल परिसर में धमालंबियों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अशोक कुमार साव ने की। सर्वसम्मति से इसका निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दुर्गा पूजा शांति, सौहार्द और भव्यता के साथ मनाई जाएगी। पूजा आयोजन को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष अशोक कुमार साव एवं उपाध्यक्ष रवि कुमार यादव के नेतृत्व में समिति का गठन किया गया। समिति में कहा गया कि पूजा को भाईचारे के साथ संपन्न कराने का संकल्प सभी ने लिया। बैठक में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने खुद बनाई राहत की राह लकड़ी के पुल से बहाल हुआ आवागमन

- उबका के समीप डेढ़ माह से क्षतिग्रस्त लोहरसी-हेंजला ग्रामीण सड़क, श्रमदान कर बनाया गया वैकल्पिक पुल

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र के लोहरसी-हेंजला ग्रामीण पथ पर आवागमन पिछले डेढ़ माह से पूरी तरह ठप पड़ा था। आरा गांव के उबका के समीप बीते 13 जुलाई को भारी बारिश में सड़क और कलवर्ट बह जाने से संपर्क पूरी तरह कट गया था। इस मार्ग से सैकड़ों गांव जुड़ते हैं, जो चंदवा को मैकलुस्कीगंज और एनएच-39 रांची-मेदिनीनगर से जोड़ता है। लगातार शिकायतों के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई पहल नहीं की गई।

आख़िरकार ग्रामीणों के सब्र का बाँध टूटा और उन्होंने श्रमदान कर लकड़ी का पुल तैयार कर आवागमन बहाल कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि 23 अगस्त को फिर भारी बारिश में सड़क और बचा हुआ कलवर्ट भी बह गया था। इससे बच्चों की पढ़ाई, मरीजों का अस्पताल जाना और दैनिक जरूरतें भी बुरी तरह प्रभावित हो रही थीं।

शनिवार को विधायक प्रतिनिधि (आईटीडीए) राजू उरांव ने क्षतिग्रस्त स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशासन की उदासीनता पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि नेमरा की सूरत दस दिन में बदल सकती है तो डेढ़ महीने में यह सड़क क्यों नहीं सुधर सकती? मौके पर पंचायत प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। सभी ने प्रशासन से शीघ्र सड़क मरम्मत की मांग की।

## गम्हरिया में कर्मा पूर्व संध्या समारोह का भव्य आयोजन

**लोहरदगा।** पेशरार प्रखंड के गम्हरिया गांव में रविवार को कर्मा पूर्व संध्या समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ कर्मा गीत गाकर और नृत्य कर अपनी सांस्कृतिक पहचान का परिचय दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वेल जिला राजी पड़हा लोहरदगा के लक्ष्मी नारायण भगत रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि "कर्मा पूजा हमारे जीवन के लिए रोगमुक्ति, नए लगन वर्ष की शुरुआत और त्योहारों के शुभारंभ का प्रतीक है। इस पूजा में सृष्टि का आधार पेड़-पौधों और धरती की सेवा को माना गया है। हमें अपनी धर्म-संस्कृति और परंपराओं को हर हाल में कायम रखना होगा, तभी हमारी पहचान सुरक्षित रहेगी।" उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में समाज में धर्मांतरण और लव जिहाद जैसी गतिविधियाँ चिंता का विषय हैं। इनका प्रतिकार करने के लिए समाज को एकजुट होकर कदम उठाना होगा। साथ ही नशा और अशिक्षा को दूर करने तथा पेशा-रोजगार को बढ़ावा देने पर बल दिया।

### जेएसएलपीएस की बैठक में उपायुक्त ने दिए निर्देश, कहा -

# स्वयं सहायता समूहों का क्रेडिट लिंकेज का लिमिट बढ़ाएं, सभी समूह को एक्टिव करें

**नवीन मेल संवाददाता**




**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने जेएसएलपीएस के कार्यों की समीक्षा समाहरणालय सभाकक्ष में कई। बैठक में जेएसएलपीएस अंतर्गत सभी प्रखंडों में स्वयं सहायता समूहों के गठन, उन्हें विभिन्न तरह के ऋण प्रदान किये जाने, उन्हें प्रदत्त ऋण की समीक्षा किये जाने, फुलो-झानो आशीर्वाद अभियान, आरसेटी के द्वारा प्रशिक्षण व युवक युवतियों को ऋण उपलब्ध कराना आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश दिये गये। उपायुक्त ने जेएसएलपीएस अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों के क्रेडिट लिंकेज का लिमिट बढ़ाये जाने, स्वयं सहायता समूहों को एक्टिव करने, उनके द्वारा बनाये जाने वाले उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने, सभी समूहों का माइक्रो क्रेडिट प्लान बनाये जाने, स्वयं सहायता समूहों को केसीसी, पीएमएफएमई, एआईएफ जैसी ऋण सहायता की योजनाओं से जोड़े जाने, जेएसएलपीएस की स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को पीएम जीवन ज्योति योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजनाओं से जोड़े जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही, पीएम जीवन ज्योति योजना और पीएम सुरक्षा बीमा योजना में क्लेम सेटलमेंट ससमय निष्पादित कराए जाने का निर्देश दिया। निदेशक, आरसेटी को आरसेटी अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त युवक-युवतियों को बैंक ऋण उपलब्ध कराए जाने और हेवी मोटर व्हीकल का प्रशिक्षण के लिए कार्ययोजना तैयार करने व प्रस्ताव भेजे जाने का निर्देश दिया। जिला स्तर पर एक साप्ताहिक हाट का आयोजन करने का निर्देश दिया गया जिसमें कोई भी अपने उत्पाद बेच सके। बैठक में दीन दयाल उपाध्याय कौशल विकास कार्यक्रम, रिवोल्विंग फंड, मुद्रा ऋण, जायका कार्यक्रम, फुलो-झानो आशीर्वाद अभियान, पीवीटीजी समूह को जे एस एलपी एस से जोड़े जाने हेतु आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई व निर्देश दिए गए। बैठक में डीपीएम जेएसएलपीएस संजय गुप्ता, निदेशक आरसेटी, सभी बीपीएम व अन्य उपस्थित थे।

## डीसी ने आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना अंतर्गत वाहनों को किया रवाना

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना अंतर्गत तीन संवर्धित मैजिक और एक गुड्स कैरियर गाड़ी को समाहरणालय परिसर लोहरदगा से उनके निर्धारित रूट के लिए रवाना किया। इससे पूर्व उपायुक्त और उप विकास द्वारा गाड़ियों की चाभी संबंधित संकुल संगठन और ग्राम संगठन के प्रतिनिधि को सौंपी गई। यह योजना पलाश जेएसएलपीएस द्वारा संचालित है। मैजिक सवारी गाड़ियां पेशरार प्रखंड के मुंगो ग्राम से लोहरदगा, पेशरार मुख्यालय से लोहरदगा, पेशरार के सीरम से लातेहार जिला तक चलेगी जो संबंधित संकुल संगठन और ग्राम संगठन द्वारा संचालित किया जाएगा।

## श्री राधा अष्टमी पर सिद्धिविनायक हनुमान मंदिर सह विश्वकर्मा मंदिर में भव्य आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** श्री राधा अष्टमी के पावन अवसर पर सिद्धिविनायक हनुमान मंदिर सह विश्वकर्मा मंदिर, पुराना शुक्र बाजार स्थित अजय उद्यान परिसर में रविवार को भव्य आयोजन संपन्न हुआ। पूर्वाह्न 11 बजे से पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना की शुरुआत हुई। इस अवसर पर यजमान के रूप में विमला देवी पति हरे कृष्णा कांदु, राखी देवी पति अविनाश कांदु, अंकित कांदु, समर, इशा, सुदामा, विक्रम एवं हेमंती देवी उपस्थित रहीं। पूजा के उपरांत आरती व प्रसाद वितरण किया गया। दोपहर 3 बजे से राजा बंगला व सलगी की महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, वहीं रात्रि 7 बजे महाआरती सम्पन्न हुई। पूरे दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धार्मिक माहौल को भक्तिमय बना दिया। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष सरोज कुमार प्रजापति, सचिव कुलदीप कुमार, कोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, उपाध्यक्ष मनोहर गुप्ता सहित संरक्षक विनोद प्रसाद, रामलखन प्रसाद, नवल अग्रवाल, प्रमोद प्रजापति, मनमोहन शर्मा, इंद्र प्रजापति, राजेश गुप्ता, प्रदीप प्रजापति, सेतुबांध शर्मा, महेश शर्मा, नरेश शर्मा, रामबालक शर्मा, दुर्गा प्रजापति, विनय शर्मा, नंदलाल शर्मा, ब्रजेश प्रसाद, राजकुमार साहू, शैलेश कुशवाहा, अजीत अग्रवाल, चंद्रशेखर प्रसाद, अजय प्रसाद तथा अनेक भक्तों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अध्यक्ष सरोज कुमार प्रजापति ने कहा कि ट्रस्ट आगे भी इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम निरंतर आयोजित करता रहेगा।

## बानो-कोलेबिरा में संत मोनिका दिवस धूमधाम से मनाया गया

**बानो।** प्रखंड के जीतूटोली पल्ली और कोलेबिरा प्रखंड के लचरागढ़ पल्ली में रविवार को संत मोनिका दिवस श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। लचरागढ़ आरसी मिशन चर्च में विशेष मिस्सा पूजा आयोजित हुई, जिसका नेतृत्व फादर एरिक जोसेफ कुल्लू ने किया। उनके साथ फादर राजेश केरकेट्टा, फादर राफयल केरकेट्टा और फादर क्लेमेंट लकड़ा ने भी धर्मविधि संपन्न कराई। इस दौरान विभिन्न मंडलियों द्वारा गीत-संगीत प्रस्तुत किए गए। फादर एरिक ने माताओं को धैर्य, क्षमा और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में अर्चना मधु बागे ने संत मोनिका की जीवनी पर प्रकाश डाला।वहीं जीतूटोली कैथोलिक चर्च में फादर अरविंद खाखा द्वारा पवित्र मिस्सा सम्पन्न किया गया।

## नई शिक्षा नीति के अनुरूप हो शिक्षण पद्धति : ओमप्रकाश



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में मासान्त बैठक के आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में गुमला विभाग निरीक्षक ओमप्रकाश सिन्हा के अलावे प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुदेश्वर साहू संस्थापक सदस्य रामलाल महतो मौजूद रहे। वही विभाग निरीक्षक ओमप्रकाश सिन्हा ने आचार्य आचार्याओं को निर्देश देते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षण पद्धति हो तथा शिशु वाटिका का संचालन सुंदर एवं प्रभावकारी तरीके से हो। शिशु वाटिका के 12 शैक्षणिक व्यवस्था पर बल देते हुए कहा कि इसे क्रमशः लागू करने पर पूर्ण रूप से शैक्षणिक माहौल बन सकेगा। जिस निमित प्रांतीय योजना अनुसार सभी आचार्य आचार्या प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लें।

### मन की बात के 125वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने कहा

## बच्चे ही देश का भविष्य : सचिन कुमार



**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की ओर से नगर के विभिन्न बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक संवाद कार्यक्रम "मन की बात" के 125वें एपिसोड को बड़े उत्साह के साथ सुना गया। बूथ संख्या 286 पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने की। सचिन कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए युवाओं को नई ऊर्जा और दिशा देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मोदी जी के विचार और नीतियाँ समाज को सकारात्मक परिवर्तन की ओर ले जा रही हैं। कार्यक्रम में भाजपा नेत्री निषात परवीन ने कहा कि "मन की बात सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता से सीधा जुड़ाव का अद्भुत माध्यम है। मोदी जी ने परीक्षा पर चर्चा और बेटियों को खेलों में प्रोत्साहित कर देश की सोच को नई दिशा दी है।" उन्होंने कहा कि बेटियों के लिए खेलों में भाग लेना हमेशा आसान नहीं होता, लेकिन जब वे हिम्मत के साथ मैदान में उतरती हैं तो न सिर्फ अपने सपनों को बल्कि पूरे समाज की मानसिकता को भी बदलती हैं। इस अवसर पर इश्तियाक अहमद, सत्यम कुमार, अशोक कसकर, मधु पर, रश्मि कुमारी, मोनी कुमारी, निखत आर, जेब तबस्सुम, ऋषिका, श्वेता बैक, अर्चना कुमारी, खुशबू कुमारी, गीता देवी, निशा देवी, टिंकू ठाकुर, विकास कसकर, अजीत महतो, सीताराम महतो, प्रमोद प्रजापति, बबलू साहू, सुनीता देवी, खुशी कुमारी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कुरडेग में धूमधाम से हुआ भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन

**कुरडेग।** स्थित उमामहेश्वर महावीर मंदिर परिसर में स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन रविवार को हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ किया गया। विसर्जन जुलूस में बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल हुए। डीजे पर भक्ति गीतों की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते, "गणपति बप्पा मोरया" और "जय गणेश" के जयकारे लगाते हुए गोहरीडांड़, कदमटोली, परकला और झिरकामुंडा होते हुए पक्का बांध पहुंचे।वहां वैदिक मंत्रोच्चार और आरती-स्तुति के बाद भगवान गणेश की प्रतिमा को श्रद्धा और आस्था के साथ जल में विसर्जित किया गया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक गणेश जयसवाल, अध्यक्ष राहुल साहू, सचिव सुमित ठाकुर, हिमांशु गुप्ता, अमर जयसवाल, रवि जयसवाल, रूपेश मिश्र, मनेन्द्र जयसवाल, नितिन साहू, अभिषेक सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। पूरा माहौल भक्ति और उल्लास से सराबोर हो उठा।

### भाजपा जिला कार्यालय में बैठक व करमा पूर्व संध्या कार्यक्रम संपन्न

## कांग्रेस की दोहरे मतदाताओं को लेकर की जा रही राजनीति हास्यास्पद : दीपक प्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता**




**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, बख्शीडीपा में रविवार को सेवा पखवाड़ा (17 सितंबर से 2 अक्टूबर) और सांसद खेल प्रतियोगिता (29 सितंबर से 25 दिसंबर) को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक के पश्चात करमा पूर्व संध्या कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार प्रदेश सहप्रभारी दीपक प्रकाश तथा पूर्व सांसद सुदर्शन भगत उपस्थित रहे। बैठक में दीपक प्रकाश ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हमेशा सभी का सम्मान करते हैं। उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस जब भ्रष्टाचार और भ्रम की दुकानों में ताले लगते देख रही है, तब देश के प्रधानमंत्री की दिवंगत माता तक को अपमानित कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा वोट चोरी करती तो अकेले पूर्ण बहुमत से 400 से अधिक सीटें पाती। कांग्रेस की दोहरे मतदाताओं को लेकर की जा रही राजनीति हास्यास्पद है। करमा पूर्व संध्या कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि करमा पूजा झारखंड का महापर्व है। यह पर्व झारखंड की पहचान, संस्कृति और परंपरा को जीवंत करता है। इस पर्व से समाज में दूरियां खत्म होती हैं और भाईचारे की भावना प्रबल होती है।

बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने की। कार्यक्रम का संचालन संयोजक अनिल उरांव एवं महामंत्री पशुपतिनाथ पारस ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सामेला भगत ने दिया। करमा पूर्व संध्या कार्यक्रम में मांदर, झूमर, नगेढ़ा और खोड़हा नृत्य प्रस्तुत कर महिलाओं ने विशेष रंग बिखेरा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी पर्व की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर राकेश प्रसाद, अजय मित्तल, मुरलीधर अग्रवाल, बालकृष्णा सिंह, नवीन कुमार टिंकू, अजय कुमार पंकज, सरिता देवी, पवन तिग्गा, विवेक चौहान, सचिन सिंघानिया, मुन्नीलाल उरांव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भूमि संरक्षण के पूर्व पदाधिकारी संजय कुमार के खिलाफ हाईकोर्ट में रिट याचिका : क़यूम अंसारी

लोहरदगा। भूमि संरक्षण विभाग के पूर्व पदाधिकारी संजय कुमार राम पर भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगे हैं। पानी पंचायतों के करोड़ों रुपये का भुगतान लंबित रहने, योजनाओं की स्वीकृति में देरी और लाभुकों से घूस वसूली के मामलों को लेकर उच्च न्यायालय रांची में रिट याचिका (संख्या डब्ल्यूपीसी/8993/2025, रजिस्ट्रेशन 4771/2025) दायर की गई है। क़यूम अंसारी ने कहा कि पूर्व पदाधिकारी ने कार्यालय को बिचौलियों का अड्डा बना दिया था। तालाब जीर्णोद्धार, परकोलेशन टैंक व डीप बोरिंग जैसी योजनाओं में बिना घूस स्वीकृति नहीं दी गई। कई लाभुकों की लिखित शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई।

## राज्य कर्मियों की मांगों को पूरा करने के लिए सार्थक पहल करेंगे : सुखदेव भगत



**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया हिंदू लोहरदगा में कर्मचारी शक्ति समागम सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें लोहरदगा के माननीय सांसद बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए ।सबसे पहले आयोजकों द्वारा माननीय सांसद का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ सांसद के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया ।कार्यक्रम में आयोजकों के द्वारा अन्य राज कर्मियों के भांति शिक्षक संवर्ग को भी एमएसीपी का लाभ दिया जाए, केंद्रीय कर्मियों की भांति राज्य कर्मियों को शिशु शिक्षण भत्ता लाभ दिया जाए, राज्य कर्मियों की सेवानिवृत्ति की उम्र को 62 वर्ष किया जाए, राज्य कर्मियों की एनपीएस में जमा राशि को वापस लाने हेतु कदम उठाई जाए, राज्य प्रशासनिक सेवा के सीमित प्रतियोगिता परीक्षा में समस्त राज्य कर्मियों को बैठने का अवसर दिया जाए सहित अनेक समस्याओं को सांसद के समझ रखा ।सांसद ने कहा कि आपकी मांगे जायज है ।

# सांस्कृतिक धरोहर ही हमारी पहचान : रोहित उरांव

- **पूर्व मंत्री पुत्र रोहित उरांव ने पारंपरिक वाद्ययंत्र मांदर का वितरण किया**

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** विधायक कार्यालय बरवाटोली में समाजसेवी सह कांग्रेस नेता रोहित उराँव ने लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में कर्मा पर्व के अवसर पर पारंपरिक वाद्ययंत्र माँदर का वितरण किया। इस अवसर पर रोहित उराँव ने कहा "आदिवासी सांस्कृतिक धरोहर ही हमारी पहचान है, इसे संजोए रखना बेहद ज़रूरी है। हम आदिवासी अपनी संस्कृति, भाषा, पूजा-पद्धति और वेशभूषा से पहचाने जाते हैं। माँदर वाद्ययंत्र हमारी सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक पहचान का प्रतीक है, जिसका उपयोग पर्व-त्योहार, शादी-विवाह और धार्मिक अनुष्ठानों में किया जाता है।" उन्होंने आगे कहा कि हर वर्ष यह प्रयास रहता है कि लोहरदगा की जनता को पर्व-त्योहारों में माँदर व नगाड़े उपलब्ध कराए जाएँ, ताकि उत्सव में कोई कमी न रह जाए। कई ग्रामीण आर्थिक तंगी के कारण वाद्ययंत्र नहीं खरीद पाते हैं, इसलिए सामाजिक ज़रूरतों को पूरा करना भी उनकी प्राथमिकता है। "बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ सांस्कृतिक परंपराओं को संजोना ही सभ्य और खुशहाल समाज निर्माण की दिशा है।" मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, बिरसा उरांव, जलेश्वर उरांव, राजू उरांव, विशाल डुंगडुंग, असलम अंसारी, सुकेंद्र उरांव, हरिदास उरांव, सुकरा उरांव, राजू बखला, काले उरांव, मनराज उराँव, सोहराई उरांव, मनोज उराँव, आशीष उरांव, नारायण उराँव, मुन्नी उरांव, महादेव उराँव, पियर उरांव, सबिता उराँव, मनोज पन्ना, बुद्धिमान उरांव, भंडारी उरांव, सुशील उरांव, शीला उरांव, एतवा उराँव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## विनय बने कुड़ू दुर्गा बाड़ी पूजा समिति के अध्यक्ष

**कुड़ू-लोहरदग़ा।** दुर्गा पूजा समिति दुर्गा बाड़ी कुड़ू में इस साल दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर शनिवार रात दुर्गा बाड़ी में समिति की बैठक की गयी । जिसमें इस साल के नयी समिति का गठन कर पदधारियो का चयन किया गया। जिसमें इस साल के लिए विनय चौधरी को अध्यक्ष बनाया गया। कार्यकारी अध्यक्ष सचिन कुमार साहू, उपाध्यक्ष कन्हैया प्रसाद साहू, संदीप कुमार उर्फ बबलू, रोहित साहू, अंकित कुमार कोषाध्यक्ष अनुज कुमार सह कोषाध्यक्ष नितिन राज का बनाया गया।

## न्यूज बॉक्स

### गणेश प्रतिमा विसर्जन के साथ पांच दिवसीय गणेश उत्सव संपन्न

**भंडरा ।** नवयुवक संघ गणेश पूजा समिति भंडरा द्वारा आयोजित पांच दिवसीय गणेश पूजा उत्सव गणेश प्रतिमा के विसर्जन के साथ संपन्न हो गया . 5 दिनों तक गणेश पूजा का उत्सव उल्लास पूर्वक वातावरण में मनाया गया. इस मौके पर पूजा समिति के द्वारा बच्चों के बीच नृत्य एवं गीत प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया.प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को समिति के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. गणेश प्रतिमा के विसर्जन पूजा समिति के लोगों के द्वारा जुलूस के रूप में किया गया. विसर्जन जुलूस पूजा स्थल से शुरू होकर मुख्य पथ में भ्रमण करते हुए थाना रोड होकर विसर्जन स्थल पर समाप्त हुई. इस अवसर पर गणपति बप्पा मोरिया कि नारे लगाए गए. प्रतिमा विसर्जन के जुलूस के मौके पर लोगों की भीड़ उमड़ी. नाचते गाते युवा गणेश प्रतिमा के साथ जुलूस में शामिल हुए. इस मौके पर भीड़ को नियंत्रित करने एवं सड़क में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए भंडरा पुलिस बल साथ में चल रही थी।

### लोहरदगा में महिलाओं ने भजनों से बांधा समां



**लोहरदगा।** नगर परिषद क्षेत्र स्थित सिद्धिविनायक हनुमान मंदिर एवं विश्वकर्मा मंदिर में राधा अष्टमी के अवसर पर लोहरदगा एवं सलगी की महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वाद्य यंत्रों पर कृष्ण प्रजापति (नल) एवं बुद्धदेव महतो (ताश) ने संगति दी। वहीं कुडू से आई कलाकाराएं जयंती देवी, नीलमणि देवी, देवंती देवी और उर्मिला देवी ने नागपुरी व भोजपुरी भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर ईशा कुमारी ने राधा का मनमोहक रूप धारण कर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने कार्यक्रम की शोभा बढ़ा दी। भजन-कीर्तन में लोहरदगा व सलगी की बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे शामिल हुए।

### जय श्रीराम समिति की बैठक में विवाद सुलझा संगठन हित में दोनों पक्षों ने मिलाया हाथ



**लोहरदगा।** सनातन धर्म की एकता और संगठन की मजबूती को ध्यान में रखते हुए रविवार को जय श्रीराम समिति की महत्वपूर्ण बैठक समिति के संरक्षक परमेश्वर साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समिति की कोर कमेटी, संरक्षक, गणमान्य नागरिकों सहित जिला, प्रखंड, पंचायत और नगर स्तरीय पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य एजेंडा समिति में उत्पन्न विवाद का समाधान था। दोनों पक्षों को आमंत्रित कर चर्चा की गई और शांति व आपसी विश्वास कायम रखने की पहल की गई। अंततः संगठन, समाज और धर्म हित को सर्वोपरि मानते हुए सभी ने मिलकर एकजुटता बनाए रखने का संकल्प लिया। बैठक में घोषणा की गई कि समिति पहले की तरह यथावत संचालित होगी और सभी कार्यकर्ता मिल-जुलकर संगठन को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि सनातन धर्म की मजबूती और समाज की एकता संगठन की प्राथमिकता है। विवाद और मतभेद संगठन को कमजोर करते हैं, इसलिए आपसी समझ और समन्वय से ही समाज को सशक्त बनाया जा सकता है। निर्णय के बाद समिति के कार्यकर्ताओं और सनातन समाज में हर्ष की लहर दौड़ पड़ी। बैठक में परमेश्वर साहू, सुषमा सिंह, अजय सोनी, शैलेश कुमार, अनूप गुप्ता, समेत नगर पंचायत के पदाधिकारी व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### न्यायालय के आदेश पर फरार अभियुक्त के घर इश्तेहार चिपकाया गया



**सेन्हा-लोहरदगा।** न्यायालय के आदेश पर लम्बे समय से फरार अभियुक्त के घर पर गुमला जिला के घाघरा थाना पुलिस द्वारा इश्तेहार चिपकाया गया.लोहरदगा जिला के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत सेन्हा निवासी देवठान यादव का पुत्र राजेश यादव उर्फ राजेश टाइगर लम्बे समय से फरार है.जिसे घाघरा थाना में राजेश यादव उर्फ राजेश टाइगर के विरुद्ध विभिन्न धराओं के साथ कांड संख्या 36/19 दर्ज है.जिसके आलोक में राजेश यादव को अपर व सत्र न्यायाधीश द्वारा न्यायालय गुमला में उपस्थित हो कर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया था.परन्तु राजेश यादव उर्फ राजेश टाइगर न्यायालय में उपस्थित नही हुआ.जिस कारण न्यायालय द्वारा वारंट निर्गत किया गया.जिसे घाघरा थाना के अवर पुलिस निरीक्षक द्वारा सेन्हा पुलिस के सहयोग सड़ राजेश यादव उर्फ राजेश टाइगर के घर इश्तेहार चिपका कर न्यायालय में उपस्थित हो कर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया है.मौके पर घाघरा थाना के एएसआई मृत्युंजय मिश्रा,सचित कुमार तथा चौकीदार दुर्गा महली उपस्थित थे।

### कमिटी का उद्देश्य, लोगों को त्वरित, सरल और सस्ता न्याय उपलब्ध कराना है: शाहिद



**लोहरदगा।** समाज में आपसी विवादों का सहज समाधान और आर्थिक रूप से कमजोर तबके को राहत पहुँचाने के उद्देश्य से अंजुमन इस्लामिया अदलिया लगातार सक्रिय है। रविवार को आयोजित बैठक में तीन अहम मामलों की सुनवाई हुई। बैठक में अंजुमन इस्लामिया के सचिव शाहिद अहमद बेलू, नायब सदर आरिफ हुसैन बबलू, सहसचिव अल्ताफ कुरैशी, अनवर अंसारी, इरसाद अहमद, अबुल कलाम तैगी और असगर तैगी मौजूद रहे। पहला मामला शहरी क्षेत्र के अजीज कॉटेज लाइन निवासी अब्दुल हनान खान और सेन्हा प्रखंड के डांडू ग्राम निवासी अमानत अंसारी के बीच जमीन विवाद से संबंधित था। इस पर विस्तृत सुनवाई हुई और अगली तारीख तय की गई। इसके अलावा अन्य दो मामलों पर भी सुनवाई हुई, जिन्हें आगामी तिथियों में निपटाया जाएगा। मौके पर सचिव शाहिद अहमद बेलू ने कहा कि अंजुमन इस्लामिया की अदलिया कमिटी समाज को त्वरित और अनौपचारिक न्याय उपलब्ध कराने के लिए काम कर रही है। हमारा प्रयास है कि विवादों का समाधान आपसी सहमति से हो, ताकि लोग महँगी और लंबी कानूनी प्रक्रिया से बच सकें।

# हरित गुमला पौधारोपण में गुमला जिला बना राज्य में अव्वल

## एक लाख पंद्रह हजार से अधिक पौधे लगाए

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा चलाए जा रहे "एक पेड़ मां के नाम" कार्यक्रम के तहत गुमला जिले के स्कूली बच्चों ने प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक पौधारोपण में सर्वाधिक योगदान देकर पूरे राज्य में शीर्ष स्थान हासिल किया है। जिला प्रशासन और वन प्रमंडल गुमला की समन्वित पहल से स्कूलों, मुख्य मार्गों, सार्वजनिक स्थलों और बच्चों के घरों में अब तक 1,15,000 से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। केवल एक दिन में ही 12,459 पौधारोपण कर गुमला ने यह उपलब्धि दर्ज की। इस अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए बच्चों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए हैं। हरित विद्यालय, हरित गुमला नामक इस साप्ताहिक गतिविधि में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार बच्चों को निःशुल्क पौधे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अभियान का लक्ष्य 1,20,000 पौधारोपण का है, जिसमें अब तक अधिकांश लक्ष्य पूरा हो चुका है। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने सभी अभिभावकों और स्कूली बच्चों से अपील की है कि वे इस अभियान को और मजबूत बनाएं और "हरित गुमला की परिकल्पना" को साकार करने में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह पहल बच्चों में प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और हरित भारत के निर्माण में योगदान देने का प्रतीक है।

### अंजुमन कमेटी के सदर सगीर मियां का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**पालकोट (गुमला)।** अंजुमन कमेटी के सदर सगीर मियां का रविवार को लंबी बीमारी के बाद इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। सगीर मियां लंबे समय से अंजुमन कमेटी से जुड़े हुए थे और सामाजिक, धार्मिक एवं शैक्षिक गतिविधियों में उनकी अहम भूमिका रही। उनके नेतृत्व में कई सामाजिक कार्य हुए, जिन्हें आज भी लोग याद करते हैं। निधन की सूचना मिलते पर बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंचे और परिवार को ढांढस बंधाया। अंतिम संस्कार में विभिन्न समुदायों के लोग शामिल हुए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। स्थानीय लोगों ने कहा कि सगीर मियां का जाना क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनके योगदान और सेवा की याद लंबे समय तक लोगों के दिलों में बनी रहेगी।

### पालकोट दतली डैम के समीप डीजल टैंकर पलटा

नवीन मेल संवाददाता



**पालकोट (गुमला)।** पालकोट प्रखंड के दतली डैम के समीप आज एक डीजल लदा टैंकर पलटने की घटना हुई। टैंकर पलटते ही हजारों लीटर डीजल सड़क पर और आसपास के क्षेत्र में फैल गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग जार और बर्तन लेकर बहते डीजल को भरने के लिए मौके पर पहुंच गए। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मौके पर पुलिस टीम तैनात की गई और उन्होंने लोगों को दूर हटाने का प्रयास किया। पुलिस ने बताया कि फिलहाल डीजल की मात्रा और टैंकर पलटने के कारण हुए नुकसान का जांच कार्य जारी है। वहीं, यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि डीजल का कोई और रिसाव न हो और सड़क पर फंसी ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु किया जा सके। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि टैंकर पलटने से सड़क पर फिसलन और पर्यावरणीय जोखिम उत्पन्न हो गया है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि किसी भी तरह से डीजल को इकट्ठा करने या सड़क पर जाने का प्रयास न करें। इस घटना के कारण ट्रैफिक कुछ समय के लिए प्रभावित रहा और आपातकालीन व्यवस्था के तहत परिवहन को अन्य मार्गों से संचालित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर जल्द ही नुकसान और कारणों का पता लगाया जाएगा।

### भरनो थाना में चौकीदार बुधवा गोप को सेवा निवृत्ति पर पुलिसकर्मियों ने दी भावपूर्ण विदाई

**भरनो (गुमला)।** रविवार को भरनो थाना में एक छोटा लेकिन भावपूर्ण समारोह आयोजित कर चौकीदार बुधवा गोप को उनकी सेवा निवृत्ति पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी कंचन प्रजापति सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित थे। बुधवा गोप को फूलमाला पहनाकर, अंग वस्त्र और उपहार देकर विदाई दी गई। चौकीदार बुधवा गोप ने 1987 में सिसई थाना में अपने कार्यकाल की शुरुआत की थी और 1989 में जब भरनो थाना का गठन हुआ, तब से अब तक इस थाना में सेवा प्रदान करते रहे। थाना प्रभारी कंचन प्रजापति ने कहा कि सरकारी नौकरी में हर किसी को एक दिन सेवा निवृत्त होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बुधवा गोप ने अपने कर्तव्यों को निष्ठापूर्वक निभाया है और अपने पुत्र को एक मामले में कानून के हवाले कर अपने उच्च नैतिक उदाहरण से हमें भी सीख दी है।

### पैर फिसलने से कुएं में गिरी 14 वर्षीय छात्रा की मौत

**रायडीह (गुमला)।** थाना क्षेत्र के करीडा गांव में सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। गांव निवासी जितनाथ साहू की 14 वर्षीय पुत्री संतोषी कुमारी की कुएं में डूबने से मौत हो गई। सुबह करीब 8 बजे संतोषी अपनी छोटी बहन के साथ पीने का पानी भरने कुएं पर गई थी। इसी दौरान पैर फिसलने से वह कुएं में गिर गई। आनन-फानन में ग्रामीणों ने उसे बाहर निकाला और परिजन गुमला सदर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में हर घर नल जल योजना के तहत दो जलमीनार का निर्माण किया गया था। इनमें से एक जलमीनार वर्षों से खराब पड़ा है, जबकि दूसरे का पानी पीने योग्य नहीं है। मजबूरी में ग्रामीण अब भी कुएं का पानी इस्तेमाल करते हैं। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है।

### सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार दो लड़कियां गंभीर रूप से घायल

**चैनपुर।** गुमला-चैनपुर मुख्य मार्ग पर रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार दो लड़कियां गंभीर रूप से घायल हो गईं. यह घटना टोंगो संत पीटर के पास सुबह करीब 10.30 बजे हुई. घायलों की पहचान 20 वर्षीय रश्मि कुजूर और 18 वर्षीय नेहा बेक के रूप में हुई है. दोनों बेंदोरा गांव की रहने वाली हैं.जानकारी के अनुसार, रश्मि कुजूर अपनी दोस्त नेहा बेक के साथ स्कूटी से गुमला से अपने घर बेंदोरा लौट रही थीं. टोंगो संत पीटर के पास उनकी स्कूटी अचानक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई. दुर्घटना में दोनों लड़कियों को गंभीर चोटें आईं. हादसे के बाद, स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत मदद के लिए आगे आए और उन्हें अपने निजी वाहन से चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया. चैनपुर में प्राथमिक उपचार के बाद, डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए, उन्हें बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया है.रश्मि कुजूर माइकल कुजूर की बेटी हैं, जबकि नेहा बेक जेवियर बेक की बेटी हैं।

### डायन बिसाही का आरोप लगाकर मारपीट व धमकी, महिला ने दर्ज कराई शिकायत

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** जिले के गुमला थाना क्षेत्र के घटगांव पंचायत के सतपारा घट्टा निवासी बालकी देवी (44 वर्ष) ने अपने परिवार के साथ मारपीट और धमकी देने के मामले में गुमला सदर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बालकी देवी ने आरोप लगाया है कि उनके पति सुरेश महतो, जो लेबर का काम करते हैं, घर लौटने के बाद शनिवार रात 30 अगस्त 2025 को वह परिवार सहित खाना खाकर बर्तन धो रही थीं। इसी दौरान गांव के सात लोग – मंगलेश्वर महतो उर्फ मंगरू महतो, अनिता देवी (पति मंगलेश्वर महतो), मनोज सिंह, बेलु सिंह, रोहित सिंह, बबलु सिंह और भैयालाल सिंह – उनके घर पहुंचे और डायन बिसाही का आरोप लगाकर उन्हें और उनके परिवार को मारपीट के दौरान भद्दी-भद्दी गालियां दीं। बालकी देवी ने बताया कि आरोपियों ने उनके घर में आग लगाने की धमकी दी और 10 दिनों के अंदर गांव और घर छोड़ने का चेतावनी दी, अन्यथा पूरे परिवार को जिंदा जलाने की धमकी दी। घटना के समय रामवृक्ष सिंह और राधिका देवी मौजूद थे, जो चश्मदीद गवाह हैं। बालकी देवी ने पुलिस अधीक्षक और सदर थाना से तत्काल कार्रवाई करने हुए जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की गुहार लगाई है।

### पेड़ लगाकर बच्चें प्राप्त करें प्रमाणपत्र

**गुमला।** राष्ट्रव्यापी "एक पेड़ मां के नाम 2.0" कार्यक्रम के तहत प्रकृति संरक्षण और पर्यावरणीय जागरूकता बढ़ाने के लिए स्कूली विद्यार्थियों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु हरित विद्यालय-हरित गुमला द्वारा अभिभावकों और बच्चों से विशेष अनुरोध किया गया है। भारत सरकार द्वारा बच्चों को प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। इसके लिए सभी विद्यार्थियों/अभिभावकों से अपील की गई है कि वे दिए गए लिंक के माध्यम से अपनी जानकारी भरें। इसमें बच्चों को अपनी मां या महिला अभिभावक के साथ पौधारोपण करते हुए फोटो अपलोड करनी होगी और स्कूल का सही डायस कोड भरना होगा।

### आदिवासी एकता मंच के पदाधिकारियों ने आदिवासी कल्याण मंत्री से की मुलाकात



● झारखंड स्थापना दिवस मेला पर हुई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** जिला अंतर्गत अनुमंडल बसिया के आदिवासी एकता मंच के पदाधिकारियों ने हाल ही में झारखंड सरकार में आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा से उनके रांची स्थित आवास में मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं पर विस्तृत संवाद हुआ। मुलाकात के दौरान आगामी 15 नवंबर, झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर आदिवासी एकता मंच द्वारा आयोजित होने वाले तीन दिवसीय आदिवासी सांस्कृतिक मेला और बाल प्रतियोगिता पर भी विचार विमर्श किया गया। मंत्री चमरा लिंडा ने इस योजना की सराहना करते हुए इसे आगे बढ़ाने की बात कही।

### करमा पूजा के अवसर पर विद्यार्थियों की बीच मांदर का किया गया वितरण , सांस्कृतिक जागरुकता बढ़ाने का प्रयास




**गुमला।** उपायुक्त गुमला के निर्देशानुसार आगामी करमा पूजा को लेकर आज समाहरणालय स्थित उप विकास आयुक्त के सभागार में जिला मुख्यालय के करीब छह छात्रावासों के विद्यार्थियों के बीच सांस्कृतिक वाद्य यंत्र मांदर का वितरण किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो ने बताया कि कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों के विद्यार्थियों को करमा पूजा में मांदर बजाने और अपनी संस्कृति को जीवंत बनाए रखने हेतु यह पहल की गई है। उन्होंने कहा कि गुमला जिला एक जनजातीय बहुल जिला है और युवाओं का अपनी सभ्यता एवं संस्कृति से जुड़े रहना अत्यंत आवश्यक है। उप विकास आयुक्त ने आगे कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक वाद्य यंत्रों का वितरण विद्यार्थियों को उनकी परंपरा और संस्कृति से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

### पांच दिवसीय कैश प्राइज फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



नवीन मेल संवाददाता

**भरनो (गुमला)।** प्रखंड के मठ तुरीअम्बा गांव के तालाब स्थित मैदान में एलेवन स्टार क्लब मठतुरीअम्बा के तत्वाधान में करमा पर्व के शुभ अवसर पर पांच दिवसीय कैश मनी प्राइज एवं जोड़ा खस्सी फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। शुभारंभ मैच का उद्घाटन थाना प्रभारी कंचन प्रजापति, पूर्व मुखिया मुकेश उरांव, पंसस बिरसा उरांव सहित अन्य अतिथियों ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर बॉल किक कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी कंचन प्रजापति ने कहा कि नवयुवकों के प्रयास से हर वर्ष यह टूर्नामेंट आयोजित किया जाता है, जो सराहनीय है। उन्होंने खिलाड़ियों से अपील की कि वे खेल को खेल की भावना के साथ खेलें और विधि व्यवस्था बनाए रखें।

### मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में आमंत्रित हुआ उत्क्रमित उच्च विद्यालय

**गुमला।** जिले के लिए गर्व का क्षण है कि सिसई प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा स्वर्ण श्रेणी प्रमाणीकरण प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि के तहत विद्यालय को आगामी 2 सितंबर को मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण एवं उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मान समारोह में सम्मानित होने के लिए आमंत्रित किया गया है। गौरतलब है कि राज्यभर में केवल 49 विद्यालयों को स्वर्ण श्रेणी में चयनित किया गया है, जिनमें से सांकेतिक रूप से मात्र 3 विद्यालयों को इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। इनमें गुमला जिले से अकेले सिसई प्रखंड का उत्क्रमित उच्च विद्यालय शामिल है।

### विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस उत्सव, कार्यक्रम का शुभारंभ

## भगवान का नाम ही आत्मा की शक्ति है : सचितानंद देव

नवीन मेल संवाददाता




**गुमला।** गुमला जिले के गोबिंदपुर ग्राम के डुमरटोली स्थित श्री राम मंदिर प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ धर्म रक्षक झारखंड प्रांत सह प्रमुख सचितानंद देव, विभाग मंत्री कुलदीप सिंह, जिला मंत्री मनीष और जिला सह मंत्री सकलदीप नाथ साहदेव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। मुख्य अतिथि सचितानंद देव ने संबोधन में कहा कि "भगवान का नाम ही आत्मा की शक्ति है। हिंदू होने का अर्थ केवल नाम लेना नहीं, बल्कि अपने संस्कार और संस्कृति की रक्षा करना है। बच्चों को केवल विदेशी कविताएं नहीं, बल्कि गायत्री मंत्र और हनुमान चालीसा भी सिखाना चाहिए। आज समाज में लव जिहाद जैसी चुनौतियां हैं और हमें अपने धर्म-संस्कार की रक्षा करनी होगी। हिंदू का अर्थ केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि धर्म रक्षक बनना भी है।

### गुमला की 30 ग्रामीण महिलाएं उपायुक्त की पहल पर गुजरात हुई रवाना

## आईआरएमए में लेंगी तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** महिला सशक्तिकरण की दिशा में गुमला जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिले की 30 ग्रामीण महिलाओं को गुजरात स्थित प्रतिष्ठित संस्था ग्रामीण प्रबंधन संस्थान आनंद (आईआरएमए) में तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण के लिए भेजा। यह पहल उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। उपायुक्त ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य केवल अनुभव यात्रा नहीं है, बल्कि महिलाओं के व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव लाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा, "एक शिक्षित महिला आने वाली तीन पीढ़ियों को लाभ पहुंचाती है। महिला सशक्तिकरण के लिए जिला प्रशासन निरंतर नए प्रयास करता रहेगा।" चयनित महिलाओं में अधिकांश पहली बार जिले से बाहर यात्रा कर रही हैं। कई महिलाएं पहले दूसरे राज्यों में मजदूरी करने के लिए मजबूर थीं, लेकिन अब वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर खेती, स्वरोजगार और अन्य कार्यों में आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। इस अवसर पर जिला विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो, जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक कुमार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने परिसदन भवन से महिलाओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। खास बात यह रही कि महिलाएं इस यात्रा में हवाई मार्ग से जाएंगी, और रांची हवाई अड्डे पर स्वयं उपायुक्त उन्हें विदा करेंगी। महिलाओं ने खुशी और गर्व व्यक्त करते हुए कहा, "जिन्होंने कभी रांची तक बस से जाने की भी नहीं सोची थी, आज हम हवाई जहाज से गुजरात जा रही हैं। प्रशासन ने जो भरोसा जताया है, उस पर हम खरा उतरेंगे।" प्रशिक्षण के बाद ये महिलाएं अपने अनुभवों को गांव की अन्य महिलाओं के साथ साझा करेंगी और आत्मनिर्भरता की दिशा में और मजबूत कदम उठाकर जिले का नाम रोशन करेंगी। गुमला जिला, जो कभी नक्सलवाद, पलायन और मानव तस्करी जैसी समस्याओं के लिए जाना जाता था, अब महिला सशक्तिकरण और सामाजिक बदलाव की नई कहानियां गढ़ रहा है। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने लिया लाभ

नवीन मेल संवाददाता



**पालकोट (गुमला)।** पालकोट प्रखंड के बघिमा पंचायत अंतर्गत बड़का टोली गांव में आज सर्वेश्वरी प्रार्थना समूह, महिला संगठन, गुमला के तत्वावधान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अघोरेश्वर बाबा की प्रतिमाओं की पूजा-अर्चना से हुई, जिसके बाद स्वास्थ्य सेवाओं की शुरुआत की गई। शिविर में रांची और गुमला से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने विभिन्न बीमारियों का इलाज किया तथा मरीजों को निःशुल्क दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। लगभग 300 से अधिक ग्रामीणों ने इस चिकित्सा शिविर का लाभ उठाया। इस अवसर पर संगठन के जिला प्रचारक नंदकिशोर सिंह ने बताया कि संस्था का मूल उद्देश्य गरीब, लाचार और वंचित लोगों की सेवा करना है। उन्होंने कहा, "नर सेवा ही नारायण सेवा है। इसी भाव से संगठन सुदूरवर्ती क्षेत्रों में समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।" शिविर में संगठन के सभी सेवक और कार्यकर्ता सक्रिय रूप से उपस्थित रहे और ग्रामीणों की सेवा में जुटे रहे।

## न्यूज बॉक्स

### चैनपुर में प्रखंड स्तरीय आदि कर्म योगी कार्यशाला का आयोजन




**चैनपुर।** प्रखंड स्तरीय आदि कर्म योगी की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन चैनपुर में किया गया। यह कार्यक्रम प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ ने दीप प्रज्वलित कर किया। बीडीओ ने बताया कि यह कार्यक्रम भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य सभी विभागों को एक साथ मिलकर काम करने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि आज यहां प्रशिक्षण लेने वाले लोग अपने-अपने गांवों में जाकर दूसरों को प्रशिक्षित करेंगे। इस कर्मयोगी कार्यक्रम के तीन मुख्य उद्देश्य हैं: सेवा, संकल्प और समर्पण।उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण के लिए प्रखंड से तीन मास्टर ट्रेनर, जिनमें प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, बीपीएम और फिया फाउंडेशन के प्रखंड कोऑर्डिनेटर ललित कुमार महतो शामिल हैं, जिला स्तर पर प्रशिक्षण ले चुके हैं। अब वही मास्टर ट्रेनर यहां प्रशिक्षण देंगे।आगे, फिया फाउंडेशन के प्रखंड कोऑर्डिनेटर ललित कुमार महतो ने जानकारी दी कि यह एक महत्वपूर्ण सरकारी कार्यक्रम है, जिसके तहत चैनपुर के सभी चिन्हित गांवों में एक सूचना केंद्र खोला जाएगा। इन केंद्रों में गांव के ही पढ़े-लिखे व्यक्ति, सेवानिवृत्त शिक्षक, वकील या फौजी को नोडल पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि जब योजना बनेगी, तो उसे ग्राम सभा से पारित करके पंचायत, ब्लॉक और जिला स्तर पर भेजा जाएगा, जिसके बाद इसे राज्य पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। उन्होंने इस प्रशिक्षण में सभी की भागीदारी को अत्यंत आवश्यक बताया।ललित महतो ने यह भी बताया कि चैनपुर में यह प्रशिक्षण 1 और 2 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यशाला कौशल विकास भवन, चैनपुर में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी।इस प्रशिक्षण में प्रखंड प्रमुख, प्रखंड पशुपालन अधिकारी, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी मुखिया, उप-मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, फिया फाउंडेशन के प्रतिनिधि और जेएसएलपीएस के प्रतिनिधियों को शामिल होना है।

### मासिक बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित

**गुमला।** सदर प्रखंड कांग्रेस कमिटी गुमला की मासिक बैठक खड़ीचा चौक, बसुआ पंचायत में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष गुलाम सरवर ने की। यह बैठक संगठन सृजन अभियान 2025 के तहत आयोजित की गई थी। बैठक में प्रखंड पर्यवेक्षक खुर्शीद आलम, उत्तरी मंडल अध्यक्ष बृजकिशोर सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर चार पंचायतों की कमेटियों के नवनियुक्त अध्यक्ष और उपाध्यक्षों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रखंड पर्यवेक्षक खुर्शीद आलम ने कहा कि संगठन को मजबूत करना ही कांग्रेस पार्टी का प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि पंचायत स्तर पर समितियों का गठन कर कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका में लाना संगठन सृजन अभियान की बड़ी सफलता है। प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर ने कहा कि पार्टी का आधार गाँव-गाँव और पंचायत स्तर पर मजबूत होना चाहिए, तभी आगामी चुनाव में कांग्रेस मजबूती से खड़ी होगी। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं। बैठक में उपस्थित सभी नेताओं ने एकजुट होकर संगठन को मजबूती देने और जिला स्तर पर कांग्रेस को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उदय उरांव, विजय उरांव, रामकिशुन बड़ाइक, संजू लकड़ा, नायका लकड़ा, मनोज उरांव, सोमा लकड़ा, धनेश्वर उरांव, बन्धु, आलोक, पवन, संदीप, नोउसद, कमलेश्वर, रणजीत, सोमरा, प्रदीप सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### बीजेपी समर्थित गुंडों के हमले की कांग्रेस ने की कड़ी निंदा

**गुमला।** बिहार में कांग्रेस कार्यालय पर बीजेपी समर्थित सफेदपोश गुंडों के हमले की कांग्रेस ने कड़ी निंदा की है। जिला कांग्रेस कमिटी के मीडिया चेयरमैन आरिफ हुसैन अख्तर ने कहा कि लोकतंत्र में इस तरह की हिंसा शर्मनाक है और प्रधानमंत्री को गाली दिलवाने की साजिश दुर्भाग्यपूर्ण है। अख्तर ने आरोप लगाया कि भाजपा ने रणनीति बनाकर अपने समर्थकों को कांग्रेसियों पर हमला करने भेजा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का कारवां रुकने वाला नहीं है और कांग्रेस कार्यकर्ता संविधान और लोकतंत्र पर भरोसा रखते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि लोकतांत्रिक मूल्यों को रौंदने की कोशिश करने वाले भाजपा समर्थक चुप नहीं बैठेंगे। कांग्रेस प्रवक्ता ने जनता से आह्वान किया कि सच्चाई को पहचानते हुए भाजपा की साजिशों का जवाब वोट के माध्यम से दिया जाएगा।

### करमा पर्व की पूर्व संध्या पर आदिवासी समाज ने सांस्कृतिक धरोहर का मनाया जश्न



**गुमला।** पालकोट रोड स्थित केओ कॉलेज के समीप सरना महासम्मेलन स्थल पर आदिवासी समाज का प्रमुख त्योहार करमा पर्व की पूर्व संध्या हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाई गई। इस अवसर पर हजारों आदिवासी समाज के लोग एकत्रित हुए और अपनी संस्कृति तथा परंपराओं के संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक पाहन पुजार द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना से किया गया। ढोल-नगाड़े और नगाड़ा-वादन के बीच 71 खोड़हा दल के कलाकार मंच पर आए और पारंपरिक वेशभूषा में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ललिता लिंडा, धर्मपत्नी एवं झारखंड के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा रहीं।

### सक्रिय वायर केबल चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार,भेजे गए जेल

**बिशुनपुर (गुमला)।** बिशुनपुर प्रखंड में सक्रिय वायर केबल चोर गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर रविवार को न्यायिक रिमांड में भेज दिया। गिरफ्तार किए गए सदस्यों में पवन साहू, नवीन उरांव और पवन साहू शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिशुनपुर प्रखंड में पिछले कुछ दिनों से यह गिरोह सक्रिय था। आरोपियों ने प्रखंड मुख्यालय के चेडा रोड स्थित एयरटेल टावर, प्रखंड कार्यालय के समीप बीएसएनएल टावर, नवागढ़ सेरका के एयरटेल टावर और पानी टंकी के बायर केबल चोरी कर बेच दिए थे, जिससे क्षेत्र के लोग परेशान थे।दो दिन पूर्व आरोपियों को चिंगरी स्थित एयरटेल टावर में केबल चोरी करते हुए ग्रामीणों ने देखा। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी और इकट्ठा होकर आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया। चोर स्कूटी छोड़कर भागने में सफल हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्कूटी को जप्त कर लिया।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

गर्व अंधा करने वाला है, यह महान आत्माओं की विशालता की दृष्टि से हमें वंचित रखता है। विनम्रता वह खुला द्वार है जिससे होकर ईश्वर की दया एवं शक्ति की दिव्य बाढ़, ग्रहणशील आत्माओं में प्रेमपूर्वक प्रवाहित होती है। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

### हिमालय ने मौन तोड़कर देश को दिया संदेश

मौन खड़े हिमालय ने अब अपनी चुप्पी तोड़ दी और इसकी कीमत हमारी परिकल्पना से परे है। अगस्त में अचानक एक के बाद एक भारी बारिश, बादल फटने, भू-स्खलनों से हुई तबाही के विनाशकारी दृश्य आए दिन सामने आ रहे हैं। पांच अगस्त को एक गगनचुंबी जलधारा उत्तराखंड के धराली की गलियों में उतर गई और जो भी उसके सामने आया, उसे बहा ले गई। इस मुसीबत के बाद किश्तवाड़, कश्मीर (14 अगस्त) में भीषण बादल फटने से अचानक आई बाढ़ में अनेक लोग मारे गए और लापता हुए। तीर्थयात्रा मार्ग पर भारी तबाही हुई। फिर कठुआ जिले में बॉर्डर से सटे इलाके में तीन जगह बादल फटे और जमीन कांपने लगी। जोद घाटी इलाके में भू-स्खलन के बाद शहर से संपर्क टूट गया। हिमाचल प्रदेश में मानसून की बारिश से तबाही थम नहीं रही है। ये घटनाएं दुनिया की सबसे युवा पर्वत श्रृंखला को प्रभावित करने वाले बढ़ते जलवायु संकट को उजागर करती हैं। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि तेजी से बदलते मौसम के मिजाज, गर्म होते महासागर और अनियंत्रित विकास जोखिम को बढ़ा रहे हैं। विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने एशिया में जलवायु की स्थिति रिपोर्ट जारी की, जिसमें बताया गया कि 2024 में एशिया वैश्विक औसत की तुलना में लगभग दोगुनी गति से गर्म हो रहा है। एशिया का 2024 का तापमान 1991-2020 के औसत से 1.04 डिग्री सेल्सियस अधिक था, तथा 1961-1990 के बाद से तापमान वृद्धि की दर दोगुनी हो गई है।वातावरण से गर्मी सोखकर समुद्री लहरों के गर्म होने से हिंद महासागर तेजी से गर्म हो रहा है, और इससे गंभीर चिंताएं पैदा हो रही हैं। जलवायु मॉडल 2020 से 2100 तक 1.7 से 3.8 डिग्री सेल्सियस प्रति शताब्दी की दर से और अधिक तेजी से गर्म होने का अनुमान लगाते हैं। इस गर्माहट के चलते वाष्पीकरण तीव्र हो रहा है और वातावरण में नमी बढ़ रही है। नमी के बढ़ने से मानसून का पैटर्न बदल रहा है। असामान्य तापमान के कारण वायुमंडल में नमी बढ़ जाती है, जिसके कारण हिमालय में बादल फटने या इसी तरह की अन्य घटनाएं अधिक तीव्र और लगातार हो रही हैं। तापमान में हर डिग्री की वृद्धि से हवा में नमी धारण करने की क्षमता सात फीसदी बढ़ रही है। जलवायु परिवर्तन हिमालय में मानसून के पैटर्न को नया रूप दे रहा है। मध्य पूर्व की गर्म होती जलवायु दक्षिण-पश्चिमी हवाओं को उत्तर की ओर मोड़ रही है, जिससे पहाड़ों में अधिक नमी आ रही है। इससे बादल फटने की घटनाएं तेज हो रही हैं, क्योंकि पहाड़ नम हवा को ऊपर धकेल रहे हैं और विशाल संवहनीय बादल बना रहे हैं। हमारे चूल्हों से उठता धुआं, खेतों में जलाई जा रही पराली, और गाड़ियों से निकलता धुआं, यानी 'ब्लैक कार्बन हिमालय को तेजी से खा रहा है और इसके ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं—हिंदू कुश हिमालय के ग्लेशियर 14.9-15.1 मीटर प्रति वर्ष पीछे हट रहे हैं, जिससे अस्थिर झीलें और भू-स्खलन का खतरा बढ़ रहा है। अकेले उच्च पर्वतीय एशिया (1999-2018) में ग्लेशियर से संबंधित 127 बड़े भू-स्खलन दर्ज किए गए। तेजी से ग्लेशियर पिघलने से पर्वतीय ढलान अस्थिर हो रहे हैं और हिमनद झीलें भर रही हैं। इसके अलावा, जनसंख्या में तीव्र वृद्धि ने भी हिमालय के संसाधनों पर दबाव डाला है।

*जोद घाटी इलाके में भू-स्खलन के बाद शहर से संपर्क टूट गया। हिमाचल प्रदेश में मानसून की बारिश से तबाही थम नहीं रही है। ये घटनाएं दुनिया की सबसे युवा पर्वत श्रृंखला को प्रभावित करने वाले बढ़ते जलवायु संकट को उजागर करती हैं।*

# पोषण भी पढ़ाई भी : भारत के भविष्य के लिए खेल-आधारित शिक्षा




यदि हमें विकसित भारत का निर्माण करना है, तो हमें शुरुआत-अपने सबसे छोटे नागरिकों की क्षमता के विकास से करनी होगी, जहाँ से जीवन का आगाज़ होता है। आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों की खिलखिलाती हँसी में, उनके द्वारा गाई जाने वाली कविताओं में और उनके द्वारा बनाए जाने वाले ब्लॉक में हमारे राष्ट्र के भविष्य का सामर्थ्य आकार लेता है। प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत ने अपने सबसे छोटे नागरिकों को अपनी विकास यात्रा के केंद्र में रखा है। प्रधानमंत्री ने-न केवल विश्वविद्यालयों और डिजिटल बुनियादी ढाँचे में निवेश करके, अपितु बच्चे के जीवन की पहली कक्षाः आंगनवाड़ी के अतिशय महत्व को पहचानते हुए हमारी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को नए सिरे से परिभाषित किया है। आज के भारत में, खेल अब सिर्फ़ मनोरंजन भर नहीं, अपितु-नीति है। और इसके परिणाम बिल्कुल स्पष्ट और विश्वसनीय हैं। पिछले एक दशक में, मोदी सरकार ने प्रारंभिक बाल्यावस्था के विकास के प्रति अपने दृष्टिकोण को मूलभूत रूप से पुनर्परिभाषित किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 निर्णायक मोड़ साबित हुई, जिसमें यह स्वीकार किया गया कि मस्तिष्क का 85 प्रतिशत विकास छह साल की उम्र से पहले ही हो जाता है। यदि हम स्मार्ट, स्वस्थ और अधिक उपयोगी आबादी चाहते हैं, तो हमें वहाँ निवेश करना होगा जहाँ इसकी सबसे ज्यादा ज़रूरत है-जीवन के शुरुआती छह वर्षों में। वैज्ञानिक प्रमाण इस बदलाव का समर्थन करते हैं। सीएमसी वेल्लोर के क्लिनिकल महामारी विज्ञान विभाग द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि जिन बच्चों को 18 से 24 महीने तक व्यवस्थित प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) मिली, उनके आईक्यू में—पाँच साल की उम्र तक 19 अंक तक, और नौ साल की उम्र तक तो 5 से 9 अंक तक की उल्लेखनीय और स्थायी वृद्धि देखी गई। विकासशील भारत के लिए ये वृद्धि बेहद महत्वपूर्ण है। भारत के ये निष्कर्ष वैश्विक शोध के अनुरूप हैं। अंतर्राष्ट्रीय अध्ययनों से पता चलता है कि पाँच साल की उम्र से पहले गुणवत्तापूर्ण ईसीसीई कार्यक्रमों में भाग लेने वाले बच्चों में उच्च आईक्यू, बेहतर सामाजिक कौशल और बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन की संभावना 67 प्रतिशत अधिक होती है। जैसा कि नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. जेम्स हेकमैन की प्रसिद्ध उक्ति है,"जितनी जल्दी शुरुआत, उतने बेहतर परिणाम-और उतने ही कुशल रिटर्न" उनके शोध में अनुमान व्यक्त किया गया है कि प्रारंभिक बाल्यावस्था में निवेश से 13-18 प्रतिशत तक रिटर्न मिलता है-जो शिक्षा या नौकरी के प्रशिक्षण के किसी भी अन्य चरण से अधिक है। ईसीसीई के आर्थिक और सामाजिक दोनों ही प्रकार के महत्व को समझते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने पोषण भी पढ़ाई भी नामक एक पहल शुरू की है, जिसने आंगनवाड़ी केंद्रों को जीवंत प्रारंभिक शिक्षा केंद्रों में तब्दील कर दिया है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पहली बार स्थानीय और स्वदेशी सामग्रियों का उपयोग कर गतिविधि-आधारित और खेल-उन्मुख दृष्टिकोणों पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यवस्थित रूप से ईसीसीई में प्रशिक्षित किया जा रहा है। शिक्षण-अधिगम सामग्री के लिए बजट आवंटन में भी पर्याप्त वृद्धि की गई है, और मासिक ईसीसीई दिवसों को संस्थागत रूप दिया गया है। आज, आंगनवाड़ी केंद्र केवल पोषण का स्थान नहीं है-यह प्रत्येक बच्चे की पहली पाठशाला है, जो जीवन के सबसे महत्वपूर्ण वर्षों में जिज्ञासा, रचनात्मकता और समग्र विकास का पोषण करती है। मंत्रालय ने इस परिवर्तन को दिशा देने के लिए 3-6 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा हेतु राष्ट्रीय पाठ्यक्रम-आधारशिला, की शुरुआत की है। आधारशिला बच्चों के केवल बौद्धिक विकास पर ही नहीं, बल्कि भावनात्मक, शारीरिक और सामाजिक कल्याण पर भी ज़ोर देते हुए समग्र विकास पर केंद्रित है। यह खेल के माध्यम से सीखने की व्यवस्थित प्रक्रिया को आगे बढ़ाता है, जिससे बच्चों को सहयोगपूर्ण वातावरण में बढ़ने और फलने-फूलने का अवसर मिलता है। बच्चे खेलने के प्रति सहज रूप से आकर्षित होते हैं-अपनी दुनिया के कोने-कोने को खोज और आनंद के स्थान में तब्दील कर देते हैं। सही वातावरण के साथ यह प्रवृत्ति आजीवन सीखने की नींव बन जाती है। पोषण भी पढाई भी सुरक्षित, व्यवस्थित और प्रेरक वातावरण प्रदान करके इस भावना को पोषित करती है जहाँ बच्चे निर्देशित खेल और शिक्षा के माध्यम से फल-फूल सकते हैं। प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) हमारे देश के भविष्य को आकार देने में बुनियादी भूमिका निभाती है। पोषण भी पढाई भी पहल के तहत, देश भर के आंगनवाड़ी केंद्रों को समग्र प्रारंभिक शिक्षा के लिए पोषण स्थलों में बदला जा रहा है। व्यवस्थित आधारशिला की 5+1 साप्ताहिक योजना यह सुनिश्चित करती है कि दिन की शुरुआत 30 मिनट के उन्मुक्त खेल से हो, उसके बाद भाषा, रचनात्मकता, मोटर स्किल और सामाजिक संपर्क को बढ़ाने वाली व्यवस्थित गतिविधियां हों। दोपहर के पौष्टिक भोजन और आराम के बाद, दिन का समापन बाहरी खेल और बातचीत के साथ होता है, जो मूल्यों को सुदृढ़ करता है और भावनात्मक संबंध बनाता है। व्यवस्थित और निर्बाध खेल के प्रति यह संतुलित दृष्टिकोण अत्यंत महत्वपूर्ण है, खासकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के आलोक में, जिसने औपचारिक स्कूल प्रवेश की आयु को छह वर्ष कर दिया है। व्यवस्थित ईसीसीई यह सुनिश्चित करती है कि बच्चे भावनात्मक, सामाजिक और संज्ञानात्मक रूप से स्कूल के लिए तैयार हों। देश भर के अभिभावकों का बढ़ता विश्वास वास्तव में उत्साहजनक है। जो परिवार पहले कभी आंगनवाड़ियों को केवल पोषण केंद्र मानते थे, अब उन्हें अपने बच्चे की शिक्षा की यात्रा में पहला कदम मानते हैं। भारत में हर बच्चा जन्म से ही मज़बूत शुरुआत का हक़दार है। जन्म से तीन साल तक की आयु वर्ग के बुनियादी महत्व को समझते हुए मंत्रालय ने प्रारंभिक बाल्यावस्था प्रोत्साहन के लिए राष्ट्रीय ढाँचा- नवचेतना की भी शुरूआत की है। यह पहल माता-पिता और देखरेखकर्ताओं को बच्चों के विकास के लिए घर पर ही सरल, खेल-आधारित, आयु के -उपयुक्त गतिविधियों के माध्यम से सशक्त बनाती है। माता-पिता की भागीदारी बच्चे के विकास की कुंजी है। जहाँ एक ओर उच्च आय वाले परिवार खिलौनों और किताबों में निवेश कर सकते हैं, वहीं सरकार की भूमिका कम आय वाले परिवारों के लिए समान अवसर प्रदान करने की है। नवचेतना और पोषण भी पढ़ाई भी के माध्यम से, हम भारत के कोने- कोने में हर बच्चे को शुरू से ही आवश्यक प्रोत्साहन, देखभाल और पोषण मिलना सुनिश्चित करते हुए इस अंतर को पाट रहे हैं। यदि भारत को सही मायनों में विकसित बनना है, तो हमारी युवा पीढ़ी को जीवन की सही शुरुआत के साथ सशक्त बनाना होगा। खेल कोई विलासिता नहीं है-यह सीखने का आधार है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि भारत के प्रत्येक बच्चे को सीखने, बढ़ने और फलने-फूलने का अवसर मिले-क्योंकि राष्ट्र निर्माण की शुरुआत उसके सबसे छोटे नागरिकों के पोषण से होती है।

आज की बात



**अन्नपूर्णा देवी**
केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री, भारत सरकार

## आपकी बात

### इतिहास आप भी बना सकते हैं

हर व्यक्ति की अपनी-अपनी क्षमता और प्रतिभा होती है। जरूरत है तो केवल उसे पहचानने और निखारने की। उसी के अनुरूप हमें अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। आजकल हो रहा है सब कुछ उल्टा-लोग भेड़चाल में चल रहे हैं। इस संसार में रास्ते बहुत हैं, लेकिन सही रास्ता आपको ही चुनना है। हर जगह भीड़ है, प्रतिस्पर्धा कठिन है और संघर्ष भी आपको ही करना होगा। वास्तव में जीवन का नाम ही संघर्ष है। बाधाएं आएंगी ही, लेकिन उन्हें पार करने के लिए आपको अपने लक्ष्य के साथ मज़बूती से खड़ा होना होगा। संघर्ष के बाद जब सफलता मिलती है तो उसका आनंद कई गुना बढ़ जाता है। सबसे पहले आपको स्वयं का मित्र बनना होगा-सच्चा मित्र, जो आपको भले-बुरे की पहचान करा सके। जब भी अवसर मिले, अपने आप से बातें कीजिए। अपनी खूबियों को पहचानिए। लोग सराहें या न सराहें, स्वयं को शाबाशी देने में कभी कंजूसी मत कीजिए। सकारात्मकता को अपने जीवन का हिस्सा बनाइए। याद रखिए-आप इस दुनिया में सबसे अलग हैं। दूसरे क्या कर रहे हैं, इसकी चिंता करने के बजाय यह देखिए कि आप क्या कर सकते हैं। और जो भी कर सकते हैं, उसमें अपनी पूरी ऊर्जा लगाइए। जब आपका काम नवाचार से भरा होगा तो लोग स्वयं आपके साथ आने लगेंगे। काम तो सब करते हैं, लेकिन जो सामान्य काम को भी विशेष बना दे, वही इतिहास रचता है। आत्मविश्लेषण प्रगति का द्वार खोलता है। जब कोई हमारी गलतियों की ओर इंगित करता है तो हमें बुरा लगता है। लेकिन सोचिए, यदि हमारे पास ऐसा मित्र हो जो हमें समय-समय पर डाँट-फटकार कर सही रास्ता दिखा सके, तो यह हमारे लिए बहुत बड़ा वरदान है। यदि ऐसा मित्र न हो तो कोई बात नहीं-आप स्वयं अपनी गलतियों पर ध्यान दीजिए और ज़रूरत पड़े तो खुद को डांटिए। धीरे-धीरे यह आदत आपको पछतावे से बचाएगी और प्रगति के पथ पर अग्रसर रखेगी। एक और बात याद रखिए-आप वही कीजिए, जो आपको वास्तव में पसंद हो। पसंद का काम करने में जो आनंद है, वह अद्वितीय है। जब हम किसी कार्य को बोझ मानकर करते हैं तो वह कठिन लगने लगता है और सफलता की संभावनाएं भी घट जाती हैं। कभी-कभी चुना हुआ क्षेत्र चुनौतियों से भरा होता है। घबराइए मत, डटकर लड़िए। जीत आपकी ही होगी। कोई भी आपको आपके लक्ष्य तक पहुंचने से रोक नहीं सकता। कोशिश करने वालों की हार नहीं होती। आने वाले तूफ़ानों से आपको खुद ही मुकाबला करना है। अपने को कभी अकेला मत समझिए। कोई आपका साथ दे या न दे, लेकिन अगर आप अपने साथ खड़े हैं तो दुनिया भी आपका साथ देने लगेगी। बढ़ना है तो निरंतर बढ़ते रहना होगा-रुकना तो मौत की निशानी है। हौसले के साथ कदम बढ़ाइए। आपके हाथों में जादू है और उसी जादू से आप अपनी मनचाही मुरादें पूरी कर सकते हैं। दुनिया को बदलने वाले लोग हमारे बीच से ही निकलते हैं। उनके भीतर एक बेचैनी होती है जो उन्हें चैन से बैठने नहीं देती। वही छटपटाहट उन्हें ऐसे काम करने को प्रेरित करती है जिन्हें देखकर लोग दांतों तले उंगलियां दबा लेते हैं। इतिहास आपकी प्रतीक्षा कर रहा है। बस, दिल से अपना काम कीजिए-निश्चित रूप से आपकी विजय होगी। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



**नवीन कुमार 'नवेंदु'** (सिमडेगा)

# जयंती पर विशेष : साहित्यिक संस्कृति के सेतु थे बाबा बुल्के

देश की बात



**प्रो, प्रमोद कुमार**

मनरेगा हाउस का हंस : फादर कामिल बुल्के

हिंदी जगत के संत साहित्यकार फादर कामिल बुल्के का जन्म भले ही विदेश की धरती पर हुआ था,लेकिन उनकी कर्मभूमि आजीवन रांची बना रहा। पूरब और पश्चिम की साहित्यिक संस्कृति के वे सेतु थे। 1 सितंबर 1909 को बेल्जियम के एक गांव रामस्पेल में उनका जन्म हुआ था तथा 20 अक्टूबर 1935 को अपना वतन छोड़कर पूरी तरह वे भारत के हो गए। अपनी जन्मभूमि से फादर मुंबई आए 1936 में दार्जिलिंग, वहां से गुमला फिर रांची आकर हिंदी की सेवा में लग गए। फादर बुल्के का मानना था कि हिंदी भाषा को जानना जरूरी है क्योंकि जन सेवा के लिए इसकी अनदेखी कभी नहीं की जा सकती। हजारीबाग का सौभाग्य रहा है कि 1938 में फादर बुल्के का यहां आगमन हुआ तथा पूरी एक साल तक प्रवास करते हुए संस्कृत और हिंदी भाषा की शिक्षा ली। पंडित बद्रीनाथ शास्त्री संस्कृत और हिंदी भाषा के प्रचंड विद्वान थे जो बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से शोध की डिग्री लेने के बाद हजारीबाग लौटे थे। बाद में डॉक्टर शास्त्री संत कोलंबा कॉलेज के संस्कृत और हिंदी के विभाग अध्यक्ष भी बने थे। लगभग 1 वर्ष तक फादर बुल्के पंडित शास्त्री के शिष्य बन रहे और संस्कृत में पारंगत हासिल की। हजारीबाग के पूरब दिशा में स्थित सीतागढा के धर्म प्रशिक्षण महाविद्यालय के आवासीय कमरा नंबर 61 फादर का निवास था जहां उनकी साहित्यिक साधन पूरी हुई। फादर बुल्के ने एक महत्वपूर्ण पुस्तक हरी घाटी की रचना सीतागढ़ा में ही रहकर की थी। इसके सृजन में इलाहाबाद से आए साहित्यकार हरिवंश ने अपना सहयोग दिया था। फादर कामिल बुल्के 1950 से 1966 तक सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची की हिंदी विभाग के विभागा ध्यक्ष रहे। 1974 में तत्कालीन राष्ट्रपति बी वी गिरी ने उन्हें पद्म भूषण पदक से सम्मानित किया था। 1975 में जब प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन नागपुर में हुआ था उसमें भारत के साथ-साथ बेल्जियम का भी प्रतिनिधित्व फादर बुल्के ने किया था। यह सुखद संयोग है की जन्मभूमि एवं कर्मभूमि रही दोनों देशों का प्रतिनिधित्व एक ही साहित्य का संत ने किया।

बाबा का व्यक्तित्व दूर से ही आलोकित होता दिखाई देता था। श्वेत धवल दाढ़ी सफेद अपरन पहने एक दिव्य अनुभूति से भरा व्यक्तित्व सिर्फ और सिर्फ हिंदी की सेवा के लिए आजीवन समर्पित रहा। बाबा का दर्शन करने का सौभाग्य अंतिम बार मुझे 23 अप्रैल 1982 को रांची में प्राप्त हुआ। अखबार के माध्यम से ज्ञात हुआ की 23 अप्रैल को रांची में वीर कुंवर सिंह जयंती का आयोजन किया जाना है जिसका उद्घाटन फादर बुल्के करेंगे। उसमें कश्मीर के भूतपूर्व महाराज डॉक्टर कर्ण सिंह बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। रांची हवाई अड्डे पर में अपने मित्र संजय कुमार सिंह के साथ 11:00 दिन में पहुंच गया था। उसे समय हम दोनों रांची विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग के विद्यार्थी थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ कर्ण सिंह, साहित्यकार शंकर दयाल सिंह और रांची के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पीएन सिंह जब जहाज से उतरे तो उन लोगों का स्वागत करने का सौभाग्य हम दोनों मित्रों को प्राप्त हुआ था। उनके काफिले में शामिल होकर हम लोग मनरेसा हाउस पहुंचे। हम दोनों मित्र बाहर रहे, कश्मीर के महाराज के साथ लगभग 1 घंटे तक संत बुल्के के साथ कई मुद्दों पर बात हुई। वरिष्ठ पत्रकार हरिओम जी ने उन दोनों का साक्षात्कार भी लिया था.। शाम को कुसाई कॉलोनी में बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती समारोह का उद्घाटन फादर कामिल बुल्के के कर कमलों से हुआ, श्रोताओं की अपार भीड़ थी और श्रोतागण बाबा के प्रवचनों को एकाग्रचित होकर सुनते रहे थे। फादर कामिल बुल्के और साहित्यकार राधा कृष्ण की दोस्ती का कोई जवाब नहीं था। पटना में कवि रमण से जब मेरी मुलाकात हुई तो बाबा से जुड़ी कई स्मृतियों की उन्होंने जानकारी दी थी। आज फादर कामिल बुल्के नहीं है। मनरेसा हाउस का हंस उड़ गया, लेकिन अपने सृजन के तप से पूरे हिंदी जगत को धन्य कर गया। तभी तो आज भी हिंदी बहुरानी का ताज धारण किए देदीप्यमान हो रही है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



● हज़ारीबाग की हरी वादियो में 'हरी घाटी 'का किया था सृजन

● यह तस्वीर 23 अप्रैल 1982 की है। वीर कुंवर सिंह जयंती को बाबा संबोधित कर रहे हैं।

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

धीरे धीरे जल रहा था जो ज्ञान प्रदीप।
लौ उसकी उठने लगी फिर से विश्व समीप।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# अचानक बदल गए फोन की कॉलिंग स्क्रीन, क्या है इसके पीछे की वजह

अलग बात



**केदारनाथ दास**

मन और मस्तिष्क में पर्याप्त अंतर होता है। इसमें से मन को आत्मिक अभिव्यक्ति के साथ जोड़ कर देखा जाता है। यह विचार , चेतना, ज्ञान, इच्छा, अनुभव, अनुभूति और भावनाओं से संचालित होता है और इन्हें संचालित भी करता रहता है। दूसरी ओर मस्तिष्क है जो एक यंत्र या डिवाइस की तरह शरीर का एक अंग है जो तंत्रिका तंत्र के माध्यम से विभिन्न अंगो को सूचनाएं पहुँचाने का काम करता है। दर्शन की दृष्टि से देखें तो मन और मस्तिष्क में वही अंतर है जो सूक्ष्म शरीर और स्थूल शरीर होता है । ऐसे में, मन सूक्ष्म को शरीर का भाग माना जाता है जबकि है मस्तिष्क वस्तुतः स्थूल शरीर का भाग होता है। एक मोबाइल फोन के कारण स्थूल और सूक्ष्म शरीर का यह दर्शन कितना प्रभावी हो रहा है इसकी बानगी तब देखने को मिली जब गत चौदह अगस्त की शाम से लेकर पंद्रह अगस्त के दोपहर तक एंड्रॉइड फोन के कई उपयोगकर्ताओं के लिए यह सबकुछ कौतूहल का विषय बनकर सामने आया। यह इसलिए भी कौतूहल पैदा कर गया क्योंकि एंड्रॉइड यूजर्स के फोन ऐप का डायलर इंटरफेस बिना किसी वॉर्निंग या परमिशन लिए अचानक बदल गया। शुरुआत में यह सबकुछ सामान्य उपभोक्ताओं की समझ में नहीं आया कि आखिर ऐसा क्यों हुआ व कैसे हुआ क्योंकि अब गुगल फोन ऐप के कॉल लॉग में पहले जैसा न ग्रुपिंग व्यू दिख रहा है और न हर कॉल को अलग लिस्ट किया जा रहा है। इसके मूल घटक की बात करें तो कॉल्स अब गोल किनारों वाले कार्ड्स में नजर आने लगी और साथ में नया फिल्टर सिस्टम भी सामने आ गया। इतना ही नहीं,अब मिस्ड कॉल, संपर्क सूची जैसी श्रेणी को आसानी से अलग करने की सुविधा भी उपलब्ध होने लगी। इसी तरह अब इन कॉल स्क्रीन पर बड़े, गोल और आयताकार बटन ऐड की सुविधा भी मिलने लगी ताकि कॉल प्रबंधन अधिक आसान बन सके। इसके लिए कॉल रिसीव करने, कॉल काटने और स्वाइप या टैप करने जैसे आसान व वैज्ञानिक विकल्पों को इस सिस्टम शामिल किया गया। इतना कुछ होने के बावजूद कुछ लोगों की नाराजगी भी सामने आई क्योंकि यह उस फोन से जुड़ा हुआ मामला था जिसने हमारे मन के साथ मस्तिष्क को भी प्रभावित किए बैठा है। इसकी बानगी तब देखने को मिली जब तकनीकी कैम्पसों के साथ साथ यह सुदूरवर्ती चौपालों में भी बहस और अन्वेषण का विषय बनकर सामने नजर आने लगा।वैसे तो मोबाइल फोन महज एक छोटा सा यंत्र है और हमारे मन पर इसका कुछ ऐसा नियंत्रण हो चला है कि डायलर इंटरफेस पर किए गए इस छोटे से प्रयोग के बाद सुदूर चौपालों से यह खबर आने लगी कि यह बदलाव गुगल के मैटेरियल थ्री एक्सप्रेसिव रिडिजाइन का नतीजा था। आमतौर पर यह कोई प्रचलित शब्द नहीं है फिर भी भाव देखिए कि बगैर किसी पूर्व सूचना के सीमांत यूजर्स भी इस तथ्य की मजे से व्याख्या कर रहा है कि यह हाल ही में एंड्रॉइड 16 के साथ पेश किए गए मैटेरियल थ्री एक्सप्रेसिव रिडिजाइन का हिस्सा है। यह मन और मस्तिष्क पर नियंत्रण का एक हैरान करने वाला तथ्य है जबकि हमारी सीमांत आबादी के पास नए अपडेट की वह जानकारी उपलब्ध है जिसके तहत के तहत अब उस सॉफ्टवेयर को सक्रिय कर दिया गया है जो फोन, कम्प्यूटर या किसी डिवाइस पर नहीं बल्कि सर्वर फर चलता है और इस तकनीक के कारण किसी ऐप को इंस्टॉल या अपडेट किए बगैर ही डायलर में बदलाव दिखने लगा और इंटरनेट से कनेक्ट होते ही नया इंटरफेस दिखने लगता है। शुरुआत में इस बदलाव ने कुछ लोगों को अनावश्यक, भ्रामक और परेशान करने वाला लगा क्योंकि ऐप पूरी तरह से अलग था परन्तु कुछ यूजर्स को नया डिजाइन बहुत पसंद आया। यहाँ पसंद नापसंद अपनी जगह पर हैं क्योंकि हर कोई जानता है कि फिलहाल पुराने डिजाइन पर वापस जाने का कोई विकल्प नहीं है। इस तरह की आपत्ति के अपने कारण हो सकते हैं अन्यथा कुछ यूजर्स को नया डिजाइन कैसे पसंद आता और कैसे यह सुदूरवर्ती इलाकों के चौपालों के मन मस्तिष्क के लिए बहसबाजी का मुद्दा बनता?



**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### मन की बात में पीएम मोदी ने कि संबोधन की 10 बड़ी बातें

# 'प्रतिभा सेतु' से यूपीएससी अभ्यर्थियों को नए अवसरों की शुरुआत

**पीएम मोदी ने कहा**

- बाढ़ और भूस्खलन से देश के कई हिस्से प्रभावित।
- एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना, स्थानीय लोग और डॉक्टर्स की सराहना।
- पुलवामा में डे-नाइट क्रिकेट मैच, बड़ी भीड़ की भागीदारी।
- अंतिम सूची में न आ सकने वाले योग्य छात्रों के लिए नया प्लेटफॉर्म।
- डल झील में खेलो इंडिया वॉटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल, 800+ एथलीट शामिल।
- निजी कंपनियों को होनहार युवाओं से जोड़ने का माध्यम।
- जम्मू-कश्मीर में सामान्य स्थिति और प्रगति का संकेत।



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 125वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने प्राकृतिक आपदाओं से लेकर जम्मू-कश्मीर की नई उपलब्धियों, यूपीएससी अभ्यर्थियों के लिए बनाए गए 'प्रतिभा सेतु' प्लेटफॉर्म और खेलों की शक्ति तक कई मुद्दों पर अपनी बात रखी।पीएम मोदी ने कार्यक्रम की शुरुआत हाल ही में देश के विभिन्न हिस्सों में आई बाढ़ और भूस्खलन का जिक्र करते हुए की। उन्होंने कहा कि मॉनसून के इस मौसम में प्राकृतिक आपदाएं देश की कसौटी कर रही हैं। कहीं घर उजड़ गए, कहीं खेत डूब गए, परिवार के परिवार बेघर हो गए। इन घटनाओं ने हर हिन्दुस्तानी को दुखी किया है। उन्होंने एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना और सुरक्षाबलों के साथ-साथ स्थानीय लोगों, डॉक्टरों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की सराहना की, जिन्होंने संकट की इस घड़ी में मानवीय मूल्यों को सर्वोपरि रखा। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर को मिली दो उपलब्धियों का उल्लेख किया। पुलवामा में रिकॉर्ड भीड़ के बीच डे-नाइट क्रिकेट मैच का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पहले ऐसा सोचना भी मुश्किल था, लेकिन अब देश बदल रहा है। यह मैच रॉयल प्रीमियर लीग का हिस्सा था। वहीं, दूसरी उपलब्धि में डल झील में खेलो इंडिया वॉटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें पूरे भारत से 800 से ज्यादा एथलीट्स ने हिस्सा लिया। पीएम ने कहा कि खेल देश की एकता और विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। सिविल सेवा परीक्षा पर बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कई काबिल छात्र मामूली अंतर से अंतिम सूची तक नहीं पहुंच पाते। अब उनके लिए सरकार ने 'प्रतिभा सेतु' नामक डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाया है। इस पर 10 हजार से ज्यादा ऐसे अभ्यर्थियों का डेटाबैंक उपलब्ध है, जिन्होंने यूपीएससी की परीक्षाओं के सभी चरण पास किए लेकिन अंतिम मेरिट में जगह नहीं बना पाए।

## पीएम मोदी का स्वदेशी और स्वच्छता पर जोर, कहा, 'गर्व से कहो, ये स्वदेशी हैं'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 125वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने देशवासियों को गणेशोत्सव और आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने स्वदेशी अपनाने और स्वच्छता को बढ़ावा देने पर भी विशेष जोर दिया। 'मन की बात' में पीएम मोदी के संबोधन ने देशवासियों में उत्साह जगाया और त्योहारी सीजन में स्वदेशी के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि देश में इस समय गणेशोत्सव की धूम मची है और आने वाले दिनों में विभिन्न त्योहारों की रौनक रहेगी। पीएम मोदी ने देशवासियों से अपील की कि इन त्योहारों में स्वदेशी को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा, "उपहार वही हो, जो भारत में बना हो, पहनावा वही हो, जो भारत में बुना हो, सजावट वही हो, जो भारतीय सामान से हो, और रोशनी वही हो, जो भारत में बनी झालरों से हो।" जीवन की हर जरूरत में स्वदेशी अपनाने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा, "गर्व से कहो, ये स्वदेशी है।" उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को दोहराया और 'आत्मनिर्भर भारत' को 'विकसित भारत' की दिशा में एकमात्र रास्ता बताया। उन्होंने कहा, "स्वदेशी अपनाना न केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देता है, बल्कि देश की सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूत करता है।"इसके साथ ही, पीएम मोदी ने स्वच्छता अभियान पर बल देते हुए कहा कि स्वच्छ भारत मिशन को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है। उन्होंने देशवासियों से अपील की कि वे अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखें और इस अभियान को एक जन आंदोलन बनाएं।

## पीएम मोदी ने सुरक्षा गार्ड जितेंद्र सिंह राठौड़ की देशभक्ति को बताया प्रेरणा का स्रोत



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 125वें संस्करण को संबोधित किया। इस विशेष अवसर पर उन्होंने देशवासियों से संवाद करते हुए आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत और 'वोकल फॉर लोकल' जैसे मंत्रों को दोहराया। कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने समाज में प्रेरणा देने वाले उन लोगों का भी उल्लेख किया, जिन्होंने व्यक्तिगत प्रयासों से देशहित में मिसाल पेश की है। इनमें एक नाम है सूरत के रहने वाले जितेंद्र सिंह राठौड़ का। पेशे से सुरक्षा गार्ड जितेंद्र सिंह ने ऐसा कार्य किया है, जो हर देशभक्त के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। प्रधानमंत्री ने बताया कि जितेंद्र सिंह पिछले कई वर्षों से उन वीर जवानों की जानकारी जुटा रहे हैं, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। प्रथम विश्व युद्ध से लेकर अब तक हजारों शहीद जवानों की तस्वीरें और उनका विवरण इकट्ठा कर वे एक अमूल्य धरोहर संजो रहे हैं। शहीदों के प्रति उनका यह समर्पण देशभक्ति की एक अद्वितीय मिसाल है। पीएम मोदी ने कहा कि इस प्रेरक कार्य की शुरुआत तब हुई जब एक शहीद के पिता के शब्द जितेंद्र सिंह ने सुने।

## प्राकृतिक आपदा में भारत के आधुनिक संसाधनों ने निभाई अहम भूमिका: पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 125वें एपिसोड के तहत देश के लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने हाल ही में उत्तर भारत में आई प्राकृतिक आपदाओं का जिक्र किया। उन्होंने आपदाओं के वक्त इस्तेमाल हुए देश के आधुनिक संसाधनों के इस्तेमाल की तारीफ की। पीएम मोदी ने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में देश को संबोधित करते हुए प्राकृतिक आपदाओं के वक्त देश के आधुनिक संसाधनों की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा, "संकट की घड़ी में जवानों ने तकनीक का सहारा भी लिया। थर्मल कैमरे, लाइव डिटेक्टर, स्निफर डॉग और ड्रोन जैसे अनेक आधुनिक संसाधनों के साथ राहत कार्य में तेजी लाने की कोशिश की गई। इस दौरान हेलीकॉप्टरों से राहत सामग्री पहुंचाई गई, घायलों को एयरलिफ्ट किया गया।"पीएम मोदी ने प्राकृतिक आपदा से देश को हुए नुकसान पर दुख जताया। उन्होंने कहा, "मानसून के इस मौसम में प्राकृतिक आपदाएं देश की कसौटी कर रही हैं। पिछले कुछ सप्ताह में हमने बाढ़ और भूस्खलन का बड़ा कहर देखा है। कहीं घर उजड़ गए तो कहीं खेत डूब गए। परिवार के परिवार उजड़ गए।

## 'मन की बात' में अपने प्रमुख उद्देश्यों से जुड़े सभी पहलुओं को छुआ : योगेंद्र चंदोलिया



**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने कहा कि पीएम मोदी ने 'मन की बात' के 125वें एपिसोड में खेल महोत्सव पर जोर दिया। उन्होंने डल झील में आयोजित वाटर स्पोर्ट्स का जिक्र किया। उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल', स्वच्छ भारत, और आत्मनिर्भर भारत जैसे प्रमुख विषयों पर भी बात की। आईएएनएस से बातचीत में भाजपा सांसद ने कहा कि पीएम मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने प्रमुख उद्देश्यों से जुड़े सभी पहलुओं को छुआ है। 'मन की बात' कार्यक्रम से देशवासियों को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि जब भी पीएम मोदी विदेशी दौरे पर जाते हैं, तो वे हमेशा देश हित में बात करते हैं और इससे कुछ न कुछ सकारात्मक परिणाम जरूर निकलता है। भाजपा सांसद को विश्वास है कि चीन दौरे से भी कुछ न कुछ अच्छा ही परिणाम आएगा। बता दें कि रविवार को प्रधानमंत्री मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 125वें एपिसोड में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। इस एपिसोड में उन्होंने देशवासियों से सीधा संवाद करते हुए विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय विषयों को छुआ।

# चीनी सामान से बढ़ा देश का आर्थिक संकट, भाजपा की आत्मनिर्भरता खोखली

**अखिलेश यादव का सरकार पर हमला**

**एजेंसी। नई दिल्ली**



समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा प्रहार करते हुए रविवार को कहा कि चीन से आने वाले सामानों पर भारत की निर्भरता लगातार बढ़ रही है, जिसका बुरा असर हमारे उद्योगों, कारखानों और दुकानों के घटते कारोबार पर पड़ रहा है। सपा प्रमुख यादव ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''यही है तथाकथित आत्मनिर्भरता, स्वदेशी और चीनी सामान के बहिष्कार के भाजपाई जुमलों का चिंताजनक सच। उन्होंने इसे विस्तार से समझाते हुए कहा, ''चीन से आने वाले सामानों पर जिस तरह भारत की निर्भरता बढ़ती जा रही है, उसका बुरा असर हमारे उद्योगों, कारखानों और दुकानों के लगातार घटते जा रहे काम-कारोबार पर पड़ा है। इससे बेरोजगारी भी बेतहाशा बढ़ रही है।'' यादव ने आगाह करते हुए कहा, ''भाजपा चीनी चाल की क्रोनोलॉजी समझे।'' उन्होंने आगे कहा, ''पहले चीन अपना माल भारत के बाजारों में भर देगा जिससे चीन पर निर्भरता इतनी बढ़ जाएगी कि उनकी हर गलत हरकत को नजरअंदाज करने के लिए भाजपाई मजबूर हो जाएंगे। यादव ने दावा किया, ''उसके बाद चीन हमारे उत्पादों और उद्योगों को धीरे-धीरे बंद करवाने के कगार तक ले जाएगा और उसके बाद मनमाने दाम पर हर चीज की आपूर्ति करेगा।उसके बाद महंगाई-बेरोजगारी बढ़ाएगा।'' ''सपा प्रमुख ने कहा, 'फिर खुद ही लड़खड़ाती भाजपा सरकार चीन के अतिक्रमण को चुनौती नहीं दे पाएगी... उसके बाद हमारी जमीन पर चीन अपना कब्जा और बढ़ाएगा।... इसके बाद भाजपा दोहराएगी कि 'न कोई न कोई!'' यादव ने कहा, ''अगर ये बात 'ड्रोनवालों' को समझ नहीं आ रही है तो उत्तर प्रदेश में विराजमान 'बुलडोजर' वाले प्रवासी जी ही ये सच्चाई समझकर जवाब दें कि चीन ने हमारी कितनी जमीन हड़प ली है, क्योंकि उनका मूल निवास स्थान भी चीन के कब्जे का शिकार हुआ है।

## ओडिशा में ईडी का बड़ा एक्शन, बैंक घोटाले में जब्त हुईं 10 से ज्यादा लग्जरी गाड़ियां

**ओडिशा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 1,396 करोड़ रुपये की कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले में ओडिशा के एक व्यवसायी और उसकी कंपनियों के खिलाफ छापेमारी के बाद एक पोर्श, एक मर्सिडीज, एक मिनी कूपर और एक बीएमडब्ल्यू समेत 10 से अधिक लग्जरी वाहन जब्त किए हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया और देश के सबसे बड़े बैंक धोखाधड़ी मामलों में से एक से जुड़ी चल रही छापेमारी के दौरान, एजेंसी ने 7 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 10 लग्जरी कारें और 3 सुपरबाइक जब्त कीं, जिनमें एक पोर्श कायेन, मर्सिडीज-बेंज जीएलसी, बीएमडब्ल्यू एक्स7, ऑडी ए3, मिनी कूपर और एक होंडा गोल्ड विंग मोटरसाइकिल शामिल हैं।

# फूड पॉइजनिंग से लेकर टाइफाइड तक फैला सकते हैं 'तिलचट्टे'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बारिश का मौसम आते ही ठंडक और राहत तो मिलती है, लेकिन साथ ही कुछ परेशानियां भी बढ़ जाती हैं। इन्हीं परेशानियों में से एक है घर में तिलचट्टों यानि कॉकरोचों का दिखना। बारिश के दिनों में अक्सर देखा जाता है कि रसोईघर, बाथरूम और नाली के आसपास कॉकरोच घूमते नजर आते हैं। ये कहीं न कहीं आपकी सेहत को भी चुपचाप नुकसान पहुंचा सकते हैं। वैज्ञानिक रिसर्च की माने तो कॉकरोचों की वजह से पेट से जुड़ी दिक्कतें, फूड पॉइजनिंग, टाइफाइड और एलर्जी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। दरअसल, इनकी आंतों में एक बैक्टीरिया पाया जाता है जिसे स्यूडोमोनास एरुगिनोसा कहा जाता है। ये बैक्टीरिया इंसानों में पेशाब की नली में संक्रमण, पाचन तंत्र की परेशानी और कभी-कभी खून में संक्रमण जैसी जानलेवा बीमारियों का कारण बन सकता है।

**इसका समाधान रसोईघर में है**

**नीम :** नीम को आयुर्वेद में चमत्कारी माना गया है। नीम के पत्तों का तेल या उसका पाउडर उन जगहों पर डालें जहां कॉकरोच छिपते हैं, जैसे कि रसोई की अलमारियां, सिंक के किनारे, या फिर बाथरूम के कोने। नीम की तेज महक कॉकरोचों को वहां से भागने पर मजबूर कर देती है।

**बेकिंग सोडा :** ये एक आसान और सस्ता तरीका है, जो हर घर में मिल जाता है। बेकिंग सोडा में जब चीनी मिलाकर जगह-जगह रखा जाता है, तो कॉकरोच उसे खाने के लिए आते हैं। लेकिन चीनी के साथ मिला बेकिंग सोडा उनके पेट में जाकर गैस बनाता है और उन्हें मार देता है। धीरे-धीरे ये उपाय पूरे घर से कॉकरोच खत्म कर देता है।

**तेजपत्ता :** यह एक अच्छा विकल्प हो सकता है। तेजपत्ते को पीसकर पाउडर बना लें या फिर पानी में उबालकर उसका स्प्रे तैयार करें। इस पानी को उन जगहों पर छिड़कें जहां कॉकरोच दिखते हैं। इसकी खुशबू उन्हें बिल्कुल पसंद नहीं होती।

**लौंग :** लौंग की तेज खुशबू न सिर्फ कॉकरोचों बल्कि कई कीड़ों को दूर रखने में मदद करती है। आप बस कुछ लौंग रसोई के कोनों में, अलमारियों में या फिर सिंक के आसपास रख दीजिए। यह तरीका भी काफी हद तक कारगर साबित होता है।

## मुजफ्फरनगर में पत्नी ने की पति की गला घोंटकर हत्या

**मुजफ्फरनगर।** जिले के नयी मंडी थाना क्षेत्र में एक महिला ने कथित तौर पर पारिवारिक विवाद के कारण अपने पति की गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र बघेल ने बताया कि क्षेत्र के 'ए टू जेड' रोड इलाके में शुक्रवार को कविता (30) ने अपने पति संजय कुमार (40) की गला घोंटकर हत्या कर दी। मृतक के पिता भोपाल सिंह ने कविता पर उनके बेटे की हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जिसके बाद शनिवार को पुलिस ने कविता को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कहा, ''पूछताछ के दौरान कविता ने बताया कि उसने सोते समय संजय की गला घोंटकर हत्या की थी। उसने बताया कि हत्या का कारण संजय द्वारा अपनी पहली पत्नी के कारण उसकी उपेक्षा करना था।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपकी व्यापारिक गतिविधियां सुचारु रूप से चलती रहेंगी, आपके साथ कुछ नए क्लाइंट भी जुड़ेंगे। आज आपके घर में नन्हे मेहमान का आगमन होगा, जिससे आपके दाम्पत्य जीवन में जिम्मेदारी आएगी।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए खास रहने वाला है। आज आपको व्यवसाय में बड़ा धन लाभ होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आप किसी मुद्दे के ऊपर जीवनसाथी से सलाह - मशवरा कर सकते हैं। आज किसी प्रोजेक्ट को लेकर ऑफिशियल यात्रा संभव है, आप सारी तैयारी अच्छे से कर लें।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला है। आज आप किसी नए काम की शुरुआत करेंगे, जिसमें आपको अच्छा लाभ होगा। आज आप माता - पिता के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं, जिससे आपको मानसिक शांति मिलेगी। आज आप घर - परिवार संबंधी समस्याओं को सुलझाने में सफल रहेंगे।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप व्यापार को और बड़ा बनाने का प्रयास करेंगे, जिसके लिए आप ऑफिस में मीटिंग कर सकते हैं। आज आप अपने खान - पान को लेकर डाइट प्लान तैयार कर सकते हैं। आज आपको स्वयं की सूझबूझ से लिए गए निर्णय के उचित परिणाम हासिल होंगे।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आपकी व्यापारिक गतिविधियां सुचारु रूप से चलती रहेंगी, आप किसी बड़ी डील को फ़ाइनल कर सकते हैं। आज ऑफिस में आपके काम को लेकर तारीफ होगी और बॉस आपके प्रमोशन की बात कर सकते हैं।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप रुके हुए कार्यों को पूरा करेंगे, जिससे आपकी व्यस्तता बनी रहेगी। आज आप किसी भी निर्णय को लेने से पहले अच्छे से सोच - विचार कर लें, जिससे बाद में कोई पछतावा न हो। इस राशि के लेखक आज किसी अच्छी कविता को लिखने का मन सकते हैं।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज आपको व्यापार में अच्छा लाभ होगा और आपके व्यावसायिक रिश्ते भी मजबूत बनेंगे। इस राशि के जो व्यक्ति विदेश जाने का मन बना रहे थे, आज आपको किसी से मदद मिलेगी। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं।

**वृश्चिक :** आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति की मदद से अपने कार्यों को पूरा करने में समर्थ रहेंगे, जिससे आपको ख़ुशी मिलेगी। आज ऑफिस में बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी दे सकते हैं आज आपको पिछले कुछ समय से अपने करियर और निजी जीवन संबंधी किए गए।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज आप पार्टनरशिप में किसी बिजनेस की शुरुआत कर सकते हैं, भविष्य में आप अच्छा लाभ कमायेंगे। इस राशि के सामाजिक कार्यों में कार्यरत व्यक्ति सामाजिक हित के लिए किसी विशेष मुद्दे को उठा सकते हैं। आज आपका ट्रांसफर मनचाही जगह पर हो जायेगा।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए मिला - जुला रहेगा। आज आप व्यापारिक लेन - देन में सारी चीजें अच्छे से चेक करें और कर्मचारियों के साथ अच्छे से व्यवहार करें। आज आपको पैतृक सम्पत्ति का लाभ मिलेगा, जिससे आपके बहुत से अटके काम पूरे होंगे। आज आप दाम्पत्य जीवन की समस्याओं को सुलझाने का प्रयास करेंगे।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप अपने सपनों को पूरा करने में काफी हद तक सफल रहेंगे। आज आपके दाम्पत्य जीवन में नयी जिम्मेदारियां आएंगी, जिसे आप बखूबी निभायेंगे। आज आपको किसी व्यक्ति की मदद करने का मौका मिलेगा, जिसे आप नजरंदाज न करें।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए ठीक - ठाक रहेगा। आज आपको रोजगार में नए अवसर प्राप्त होंगे, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आज आपके जमीन जायदाद से जुड़े कार्य प्रगति की ओर बढ़ेंगे। आज आप किसी मामले में घर के वरिष्ठ सदस्यों की सलाह ले सकते हैं, जिससे वो आसानी से सुलझ जायेगा।

# अमित शाह पर 'सिर काटने' वाले बयान पर महुआ मोइत्रा फंसीं, छत्तीसगढ़ में एफआईआर दर्ज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ 'आपत्तिजनक' टिप्पणी की थी। इसी सिलसिले में अब उनके खिलाफ छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक एफआईआर दर्ज की गई है। यहां एक स्थानीय निवासी ने मोइत्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पीटीआई ने एक अधिकारी के हवाले से बताया कि धारा 196 (धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) और 197 (राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुंचाने वाले आरोप) के तहत मामला दर्ज किया गया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद समेत कई भाजपा नेताओं ने मोइत्रा की टिप्पणी की निंदा की है।



उन्होंने तृणमूल नेता के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की है। महुआ मोइत्रा ने कथित तौर पर कहा था कि भारत में अवैध बांग्लादेशियों की घुसपैठ को रोकने में विफल रहने के लिए अमित शाह का 'सिर काट' देना चाहिए। उन्होंने यह कथित बयान गुरुवार को पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में एक कार्यक्रम से इतर पत्रकारों से बात करते हुए दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भाजपा ने मोइत्रा की कड़ी आलोचना की थी।

# तेजस्वी ने कर दी विवादित टिप्पणी, सीएम को बता दिया 'चिट मिनिस्टर'

**एजेंसी। पटना**



बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' में भाषा की सारी सीमाएं टूट गईं। प्रधानमंत्री मोदी को लेकर अमर्यादित टिप्पणी की गई। अब, बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' को लेकर नीतीश सरकार पर विवादित टिप्पणी कर दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर विवादित बयान देते हुए उन्हें 'चिट मिनिस्टर' बता डाला। राजद नेता ने कहा कि नीतीश सरकार के पास अपना कोई विजन नहीं है। बिहार की जनता इनके चाल और चरित्र को समझ चुकी है और अब परिवर्तन लाएगी। पटना में रविवार को मीडिया से बातचीत में राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा, ''मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तो चीटिंग कर ही रहे हैं। उनका अपना विजन तो है नहीं। वह मुख्यमंत्री की तरह नहीं, बल्कि 'चिट मिनिस्टर' की तरह काम कर रहे हैं। इनके पास अपना कोई विजन नहीं है। बिहार की जनता इनके चाल और चरित्र को पहचान गई है। अब परिवर्तन लाएगी। दरअसल, बिहार मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को महिलाओं के रोजगार के लिए नई योजना 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' की स्वीकृति दी। इस योजना का मुख्य लक्ष्य राज्य के सभी परिवारों की एक महिला को उनकी पसंद का रोजगार शुरू करने के लिए आर्थिक सहायता देना है। इस योजना को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा था, "हम लोगों ने नवंबर, 2005 में सरकार बनने के बाद से ही महिला सशक्तीकरण के लिए बड़े पैमाने पर काम किया है। महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। अब महिलाएं अपनी मेहनत से न केवल बिहार की प्रगति में अपना योगदान दे रही हैं, बल्कि वे अपने परिवारों की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत कर रही हैं।

## बिहार की जनता को तय करना है विकास या विनाश चाहिए : सम्राट चौधरी



**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता सम्राट चौधरी ने रविवार को कहा कि विधानसभा चुनाव में स्पष्ट है कि सीधे 'लालूवाद' और 'नीतीशवाद' की लड़ाई है। बिहार की जनता को तय करना है कि उसे विनाश चाहिए या विकास। पटना में मीडिया से बातचीत में उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर कटाक्ष करते हुए कहा कि देश और बिहार की राजनीति में दिल्ली में एक युवराज है जिसके परिवार ने 55 वर्षों तक सत्ता में बैठने का काम किया है और एक बिहार में हैं, जो खुद को ही राजा बनाएंगे। उन्होंने तंज कसते हुए आगे कहा कि जब तक लालू यादव सासाराम नहीं गए, तब तक राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' शुरू नहीं हुई। इन लोगों को कोई नहीं पहचानता। वे सासाराम से निकले तक नहीं। जब तक लालू यादव नहीं पहुंचे, राहुल गांधी में यात्रा पर निकलने की हिम्मत नहीं हुई। उन्होंने कहा कि बिहार में लालू यादव हैं। लालू यादव को जेल में कांग्रेस पार्टी ने डाला। सम्राट चौधरी ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा प्रमुख अखिलेश यादव से जुड़े एक प्रश्न पर तंज कसते हुए कहा कि वे स्वतंत्र तौर पर मुख्यमंत्री नहीं रहे हैं। उनके ऊपर तीन-तीन सुपर मुख्यमंत्री थे। सबसे पहले मुलायम सिंह थे, फिर रामगोपाल यादव और शिवपाल यादव थे। अब तो कुनबा और बढ़ गया है। अब तो धर्मेंद्र यादव, बच्चा यादव और डिंपल यादव भी आ गए हैं। अब ये बेचारे क्या करेंगे? उन्होंने कहा कि इन लोगों ने उत्तर प्रदेश को लूटा है।

**वोटर यात्रा** नित्यानंद राय ने विपक्ष पर साधा निशाना, बोले-

# नफरत से भरी है राहुल की वोटर अधिकार यात्रा


- **मोदी पर अपमानजनक टिप्पणी को लेकर रोष जताया।**

**एजेंसी। पटना**



केंद्रीय गृह राज्य मंत्री और भाजपा नेता नित्यानंद राय ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' को नफरत से भरी बताया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा बिहार के लोगों को गुमराह करने के लिए निकाली गई। इस यात्रा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए मंच मुहैया कराया गया। भाजपा नेता नित्यानंद राय ने कहा कि बिहार के लोगों से नफरत करने वाले विपक्षी नेताओं विशेषकर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी का बिहार में अभिनंदन करने के लिए यात्रा आयोजित की गई।बिहार में उजियारपुर से लोकसभा सदस्य नित्यानंद राय ने राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव को चेतावनी देते हुए कहा कि प्रदेश की 14 करोड़ जनता अपमानजनक टिप्पणी करने वाली संस्कृति को कतई बर्दाश्त नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि जिस तरह की अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए किया गया है, उसे लेकर पूरे बिहार में उबाल और गुस्सा है। इसके लिए देश की जनता से माफी मांगे वरना अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहें। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने पश्चिम बंगाल में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के गृहमंत्री अमित शाह को लेकर दिए बयान को आपत्तिजनक बताया। उन्होंने कहा कि यह बयान देश को शर्मसार करने वाला है। नित्यानंद राय ने कहा, ''पश्चिम बंगाल की सरकार घुसपैठियों को जिस तरह से संरक्षण दे रही है, वह निश्चित रूप से देश के लिए चिंता का विषय है।

## 'वोटर अधिकार यात्रा' की हवा निकल चुकी है: दिलीप जायसवाल



**पटना।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव की 'वोटर अधिकार यात्रा' पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि इस यात्रा की हवा निकल चुकी है। बिहार के सासाराम से शुरू हुई इस यात्रा का समापन एक सितंबर को पटना में एक जनसभा के साथ होगा। इस जनसभा में इंडिया ब्लॉक में शामिल राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं के पहुंचने की उम्मीद जताई गई है। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि इस यात्रा को बिहार के मतदाता ने नकार दिया है। इस यात्रा में सिर्फ इंडिया ब्लॉक के कार्यकर्ता ही नजर आए। धरातल पर लोगों का समर्थन नहीं मिलने वाला है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के बयान पर उन्होंने कहा कि अवध और मगध में भाजपा का राज है। 'मन की बात' कार्यक्रम के 125वें एपिसोड पर उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने इस देश की प्रतिभा की चर्चा की। गांव में रहकर भी मजबूत इरादा हो तो दुनिया के सामने अपनी प्रतिभा को साबित कर सकते हैं, ओडिशा और कश्मीर के खिलाड़ी इसके उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि इस देश के गांव के लड़के-लड़कियां अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। पीएम मोदी ने स्वच्छता का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हम सेवा सप्ताह मनाते हैं। इसकी शुरुआत 17 सितंबर से होने जा रही है। जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया।

## पाकिस्तान में ईसाइयों पर बढ़ता उत्पीड़न, जीने के लिए संघर्ष : रिपोर्ट

**इस्लामाबाद (आईएएनएस)।** पाकिस्तान में ईसाई अल्पसंख्यक लगातार कठिनाइयों का सामना कर रहा है। आबादी का केवल लगभग 1.6 प्रतिशत हिस्सा होने के बावजूद यह समुदाय बढ़ते धार्मिक दबाव और भेदभाव से जूझ रहा है।




एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान धीरे-धीरे ऐसा समाज बनता जा रहा है जहां धार्मिक विविधता के लिए जगह कम होती जा रही है। 'ओपन डोर्स' की 2025 वर्ल्ड वॉच लिस्ट में पाकिस्तान को ईसाइयों के लिए रहने के लिहाज से दुनिया का आठवां सबसे कठिन देश बताया गया है। ग्रीक वकील और मानवाधिकार अधिवक्ता दिमित्रा स्टाइकौ ने जियोस्ट्रैटेजिक मीडिया में एक लेख में कहा है कि पाकिस्तान में ईसाई समुदाय कमजोर है और वह लगातार हो रहे उत्पीड़न और कानूनी असुरक्षा के बोझ तले दबा हुआ है। यह समस्या केवल सैद्धांतिक नहीं है बल्कि प्रत्यक्ष और गंभीर है। 16 अगस्त 2023 को पंजाब के जरांवाला में ईसाइयों पर सबसे बड़ा हमला हुआ। एक भीड़ ने निवासियों पर ईशनिंदा का आरोप लगाते हुए 26 चर्चों और 80 घरों को नष्ट कर दिया।

## इजरायली हमले में मारा गया हमास के सैन्य विंग का प्रमुख अबू

**तेल अवीव (आईएएनएस)।** इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) ने हमास के सैन्य विंग के प्रचार प्रमुख अबू ओबैदा को मार गिराया है।




आईडीएफ के मुताबिक, अबू ओबैदा 7 अक्टूबर 2023 से पहले हमास के सैन्य विंग के बचे हुए वरिष्ठ आतंकियों में से एक थे। इजरायली रक्षा बल ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से अबू ओबैदा के मारे जाने की जानकारी दी। उन्होंने लिखा, "हमास के सैन्य विंग के प्रचार प्रमुख अबू ओबैदा को मार गिराया गया है। अबू 7 अक्टूबर, 2023 से पहले हमास के सैन्य विंग के बचे हुए वरिष्ठ आतंकवादियों में से एक था। उसने प्रचार और मनोवैज्ञानिक आतंक अभियानों का नेतृत्व किया, जिसमें अपहृत इजरायली नागरिकों और सैनिकों के फुटेज के साथ-साथ 7 अक्टूबर के नरसंहार की भयावह तस्वीरें फैलाने का काम किया। इजरायली रक्षा बल ने अपने बयान में कहा, "उसने अरब और फिलिस्तीनी जनता के बीच उकसावे वाले वीडियो वितरित किए, जो लोगों को इसी तरह के आतंकी कृत्यों के लिए प्रोत्साहित करते थे। वह हमास के सैन्य विंग के संदेशों के समन्वय में भी शामिल था।

# डॉक्टरों की मृत्यु आम लोगों की तुलना में लगभग 13 साल पहले हो जाती है


### क्या अति वर्कलोड व तनाव युवा भारतीयों के लिए जान लेवा होने लगा है?

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** कई लोग कह सकते हैं कि पहली नज़र में अचानक हृदयाघात से मरे डॉ. रॉय के जीवित रहने की उम्मीद थी, क्योंकि जब उन्हें अचानक हृदयाघात हुआ, जो हृदय के विद्युत आवेगों व पंपिंग का रुक जाना है, तब वे अस्पताल में ही थे, और ड्यूटी पर थे।इस तरह तमिलनाडु में चेन्नई के सविता मेडिकल कॉलेज में 39 वर्षीय हृदय शल्य चिकित्सक डॉ. ग्रैडलिन रॉय की ड्यूटी के दौरान अचानक हृदयाघात से मृत्यु, तनाव व बर्नआउट के जोखिमों पर सवाल खड़े करती है।क्योंकि जब उन्हें हार्ट अटैक हुआ उनके आसपास उनके सहकर्मी मौजूद थे, जिन्होंने तुरंत उनको सीपीआर (कार्डियो-पल्मोनरी रिससिटेशन) व अन्य उन्नत उपचार दिए। चूँकि उनकी बाईं मुख्य धमनी में 100 % रुकावट थी, इसलिए उनकी एंजियोप्लास्टी की गई, जो इसे खोलने की एक प्रक्रिया है, और उन्हें एक ईसीएमओ मशीन भी दी गई, जो एक अस्थायी हृदय व फेफड़ों की सहायता प्रणाली के रूप में काम करती है।

इस तरह से एक हृदय शल्य चिकित्सक की अस्पताल में ही ड्यूटी के दौरान मौत पर स्पर्श हॉस्पिटल्स, बेंगलुरु के प्रमुख हृदय रोग विशेषज्ञ व चिकित्सा निदेशक डॉ. रंजन शेट्टी कहते हैं, "उनकी मृत्यु ने इस ओर ध्यान आकर्षित किया है कि क्यों कई युवा हृदय रोग विशेषज्ञ अत्यधिक तनावपूर्ण वातावरण, थकान, लंबे ड्यूटी घंटे, अनियमित आहार व नींद के पैटर्न के कारण असुरक्षित होते हैं।" सभी के लिए सीपीआर प्रशिक्षण के समर्थक, डॉ. शेट्टी कहते हैं, "इसके बिना अचानक हृदयाघात से बचने की संभावना लगभग शून्य होती है, लेकिन इसके साथ, बचने की संभावना 40 प्रतिशत होती है। मृत्यु तब होती है जब अचानक हृदयाघात से हृदय की मांसपेशी का एक बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो जाता है।" बाएँ मुख्य धमनी में 100% रुकावट हृदय की मांसपेशी के एक महत्वपूर्ण हिस्से में रक्त की आपूर्ति का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा काट देती है, वहाँ रक्त पहुँच ही नहीं पाता है, जिससे वह पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो जाती है। इससे हृदय के सामान्य विद्युत संकेत अनियमित हो सकते हैं, जिसे हम अतालता कहते हैं। सबसे खतरनाक वेंट्रिकुलर फिब्रिलेशन है, जिसमें हृदय के निचले कक्ष अव्यवस्थित रूप से धड़कते हैं, जिससे हृदय रक्त को प्रभावी ढंग से पंप नहीं कर पाता। इससे अचानक हृदयाघात होता है और कुछ ही मिनटों में घातक हो सकता है क्योंकि ऑक्सीजन युक्त रक्त अंगों तक नहीं पहुँच पाता। तनाव व बर्नआउट से दीर्घकालिक सूजन होती है, जो हृदय की रक्त वाहिकाओं को कमजोर कर देती है, जिससे वे घिसने व टूटने के लिए प्रवण हो जाती हैं। अब उनकी क्षतिग्रस्त दीवारें "खराब" या कम घनत्व वाले लिपोप्रोटीन (एलडीएल) कोलेस्ट्रॉल को अंदर घुसने व फंसने देती हैं। इससे प्लाक व रुकावटें पैदा होती हैं।कई शोध व अध्ययन से पता चला है कि एक डॉक्टर का जीवनकाल वास्तव में आम लोगों की तुलना में कम होता है। केरल में आईएमए द्वारा 2017 में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि डॉक्टरों की मृत्यु आम लोगों की तुलना में लगभग 13 साल पहले हो जाती है। इसमें एक मलयाली डॉक्टर की मृत्यु की औसत आयु 61.75 वर्ष बताई गई, जबकि केरल के एक व्यक्ति की जीवन प्रत्याशा 74.9 वर्ष थी।

डॉक्टर अचानक व अस्पष्टीकृत थकान, हल्का दर्द, मतली व चक्कर आने जैसे लक्षणों को भी थकावट समझ कर अनदेखा कर देते हैं। डॉक्टर अत्यधिक दबाव व आपातकालीन स्थितियों में लंबे, अनियमित घंटे काम करते हैं, 80 घंटे का कार्य सप्ताह आम है। इसके कारण गलत जीवन शैली अपनाई जाती है, जिसमें अनियमित भोजन, नींद की कमी, अस्वास्थ्यकर आहार व अपर्याप्त शारीरिक व्यायाम शामिल हैं। तनाव उनके मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है, जिससे बहुत ही चिंता व अवसाद होता है। सामान्य आबादी की तुलना में चिकित्सकों में आत्महत्या का जोखिम अधिक होता है। तनाव को बनाए रखना उच्च रक्तचाप है। युवा डॉक्टरों व पेशेवरों को अपने रक्तचाप के स्तर को नियंत्रित रखना चाहिए। तनाव के साथ उच्च रक्तचाप शरीर में तनाव-संबंधी हार्मोन के अत्यधिक उत्पादन का कारण बनता है। ये धमनी की दीवारों को भी नुकसान पहुंचाते हैं। कुछ भारतीयों को एक ऐसी स्थिति विरासत में मिलती है, जिससे उनके एलडीएल कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ जाता है और वे न केवल कम उम्र में हृदय रोग के प्रति संवेदनशील हो जाते हैं, बल्कि मृत्यु दर के उच्च जोखिम में भी पड़ जाते हैं। हाइपरकोलेस्ट्रोलेमिया नामक यह विकार आपके वजन, आहार, आदतों व व्यायाम की परवाह किए बिना कोलेस्ट्रॉल को बढ़ने देता है। एलडीएल कोलेस्ट्रॉल में भी, 'छोटे घने' एलडीएल अंश व 'बड़े उत्प्लावक' अंश का अनुपात महत्वपूर्ण है (छोटे सघन कण रक्त वाहिकाओं की दीवारों के लिए अधिक हानिकारक होते हैं)। आप एपोलिपोप्रोटीन ए1 (एपीओए1) और बी (एपीओ बी) के लिए एक पूर्ण लिपिड पैनल परीक्षण करा सकते हैं, जो रक्त में वसा (लिपिड) के परिवहन के लिए आवश्यक प्रोटीन हैं। एपीओए1 "अच्छे" या उच्च घनत्व वाले लिपोप्रोटीन (एलडीएल) का मुख्य घटक है, और ए1 एपीओ बी एलडीएल का प्राथमिक प्रोटीन है। इनका तुलनात्मक अनुपात एक जोखिम सूचक है। आप पा सकते हैं कि 'सामान्य' कुल कोलेस्ट्रॉल स्तर वाले लोगों को दिल का दौरा पड़ सकता है क्योंकि ये आँकड़े असामान्य हैं। अपने एलडीएल स्तर को 70 मिग्रा/डीएल से कम, बेहतर होगा कि 50 मिग्रा/डीएल रखें।




**तनाव और हृदय रोग का संबंध**

- दीर्घकालिक तनाव शरीर में सूज़न।
- धमनी की दीवारें कमजोर हो जाती हैं।
- एलडीएल कोलेस्ट्रॉल अंदर घुसकर प्लाक बनाता है रुकावटें।
- उच्च रक्तचाप, नींद की कमी और अस्वास्थ्यकर आदतें जोखिम बढ़ाती हैं।

**डॉक्टरों पर तनाव और बर्नआउट का खतरा**

- डॉक्टर लंबे ड्यूटी घंटे (80 घंटे तक/सप्ताह) काम करते हैं।
- अनियमित आहार और नींद का पैटर्न।
- लगातार आपातकालीन स्थिति का दबाव।
- मानसिक स्वास्थ्य पर असर चिंता और अवसाद।
- सामान्य जनसंख्या की तुलना में आत्महत्या का जोखिम अधिक।

## मिस्र में भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना का 'ब्राइट स्टार 2025' अभ्यास



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

मिस्र में बहुपक्षीय संयुक्त सैन्य अभ्यास 'ब्राइट स्टार 2025' आयोजित किया जा रहा है। इस अभ्यास में विभिन्न देशों की सेनाएं भाग ले रही हैं, जिनमें भारतीय सैन्य दल भी शामिल हैं। रविवार को इस सैन्य अभ्यास की जानकारी देते हुए सेना ने बताया कि भारतीय सेनाओं के दल की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए सुदर्शन चक्र कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल अरविंद चौहान ने अभ्यास स्थल का दौरा किया।

उन्होंने मौके पर पहुंचकर भारतीय सेना के दल से बातचीत की और उनके उत्साह एवं तैयारी की सराहना की। यहां भारतीय दल द्वारा लाइव फायरिंग से भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना की परिचालन क्षमताओं का प्रदर्शन किया गया। सैन्य अभ्यास 'ब्राइट स्टार 2025' का यह 19वां संस्करण है। इस अभ्यास का उद्देश्य भागीदार देशों के बीच इंटर-ऑपरेबिलिटी (परस्पर संचालन क्षमता) को बढ़ाना, रक्षा सहयोग को सुदृढ़ करना और संयुक्त परिचालन क्षमताओं का निर्माण करना है।

यहां अभ्यास के दौरान भाग लेने वाले सैन्य दल आधुनिक युद्धकला के विभिन्न आयामों पर प्रशिक्षण ले रहे हैं। रक्षा मंत्रालय का मानना है कि यहां भारतीय सेनाओं की इस भागीदारी से न केवल मित्र देशों के साथ सैन्य सहयोग और तालमेल गहरा होगा, बल्कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता में भी योगदान सुनिश्चित होगा।

## रूस के दागेस्तान में भीषण धमाका, दूर-दूर तक दिखाई दी आग की लपटें, कई लोग घायल

**नई दिल्ली।** रूस के दागेस्तान में एक गैस स्टेशन पर धमाका हो गया। इस शक्तिशाली विस्फोट में कई लोग घायल हो गए। घटना मखचकाला के पूर्वी बाहरी इलाके में स्थित खासाव्युर्ट जिले के सुलेवकेंट गांव के पास हुई। खासव्युर्ट जिले के सुलेवकेंट गांव में एक पेट्रोल पंप में विस्फोट हुआ, जिससे घटनास्थल पर आग लग गई।विस्फोट में घायल हुए चार लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।



**जान बचाने के लिए भागते दिखे लोग :** रूसी मीडिया की ओर से जारी फुटेज में स्थानीय लोगों को विस्फोट से बचने के लिए भागते हुए देखा जा सकता है। यह विस्फोट ईंधन पंपिंग के दौरान हुआ जब टैंक से तेल निकाला जा रहा था। चश्मदीदों के मुताबिक, विस्फोट के बाद आस-पास के इलाके में कम ऊंचाई वाली पेड़ में आग लग गई। आग लगने की वजहों की जांच की जा रही है।

# क्या भारतीय तेल कंपनियां चुकाएंगी ट्रंप टैरिफ की कीमत : रघुराम राजन

**ब्यूरो**



- **भारतीय रिफाइनरियां सितंबर में रूसी तेल की खरीद को और 10-20% बढ़ा देंगी**
- **ऐसे सुधारों को लागू करने की जरूरत, जो रोजगार देने के लिए जरूरी 8-8.5% विकास हासिल करने में मदद करे**

**50%** टैरिफ संकेत देते हैं कि भारत व अमेरिका के बीच संबंध 'स्पष्ट रूप से टूट गए' हैं

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने सुझाव दिया है कि अमेरिकी डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय सामानों पर लगाए गए 50% टैरिफ से होने वाले आर्थिक नुकसान को कम करने के लिए है, मोदी सरकार को भारतीय तेल रिफाइनरियों पर विंडफॉल टैक्स लगाना चाहिए।क्योंकि ट्रंप ने यह टैरिफ रूसी तेल खरीदने के कारण लगाया है। रघुराम राजन ने इस बारे में लिंक्डेन पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा है कि ये रिफाइनरी कंपनियां रियायती कच्चे तेल से मुनाफा कमा रही हैं। राजन ने यह भी कहा कि इस टैक्स से जमा धन को भारत के छोटे और मध्यम उद्यमों को समर्थन देने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। विशेषकर टेक्सटाइल व परिधान उद्योग को, जो भारी अमेरिकी टैरिफ का सामना कर रहे हैं। रघुराम राजन ने कहा, 'यह देखते हुए कि रूसी तेल खरीदने की कीमत अब हमारे छोटे व मध्यम निर्यातकों (जैसे परिधान व टेक्सटाइल में) पर पड़ रही है, क्यों न हमारी रिफाइनरियों पर रूसी तेल खरीदने के अनुपात में विंडफॉल प्रॉफिट टैक्स लगाया जाए और इसे हमारे छोटे और मध्यम निर्यातकों को ट्रांसफर किया जाए?' उन्होंने आगे कहा, 'इससे यह सुनिश्चित होगा कि भारत में जो लोग रूसी तेल से लाभान्वित हो रहे हैं, वे भी इसके लिए भुगतान करें, बजाय इसके कि दूसरे लोग भुगतान करें।' विंडफॉल टैक्स यह सुनिश्चित करेगा कि जो लोग रूसी तेल से लाभान्वित होते हैं, वे दूसरों पर पड़ने वाली लागतों को कम करने में भी योगदान करें। रघुराम राजन ने पहले भारत पर लगाए गए 50% टैरिफ पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे भारत सरकार के लिए 'वेक-अप कॉल' बताया था। उन्होंने यह भी कहा था कि 50% टैरिफ संकेत देते हैं कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध 'स्पष्ट रूप से टूट गए' हैं। राजन ने एक न्यूज़ चैनल के साथ साक्षात्कार में कहा था, 'यह एक वेक-अप कॉल है। हम किसी एक देश पर बहुत अधिक निर्भर न हों। हम पूर्व की ओर, यूरोप, अफ्रीका की ओर देखें व अमेरिका के साथ काम करना जारी रखें। लेकिन, ऐसे सुधारों को लागू करें जो हमें अपने युवाओं को रोजगार देने के लिए जरूरी 8-8.5% विकास हासिल करने में मदद करें।' ट्रंप प्रशासन ने भारतीय सामानों पर 50% टैरिफ लगाया है। यह बीते 27 अगस्त से प्रभावी हो गया है। अमेरिका ने रूस से भारत के कच्चे तेल के आयात का हवाला देकर अतिरिक्त 25% टैरिफ लगाया है। उसका कहना है कि इससे यूक्रेन में युद्ध को बढ़ावा मिल रहा है।इस अचानक झटके के कारण हजारों भारतीय छोटे व्यवसाय अब यूरोप, अफ्रीका और एशिया के बाजारों में नए खरीदारों को खोजने के लिए हाथ-पांव मार रहे हैं। वे अमेरिका को निर्यात पर टैरिफ के प्रभाव को कम करना चाहते हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्रों में टेक्सटाइल, परिधान, ऑटो, खाद्य व पेय पदार्थ शामिल हैं। इधर टैरिफ के बावजूद भारत ने सभी आरोपों को खारिज कर दिया है। मास्को के साथ व्यापार जारी रखने का फैसला किया है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स को तेल की बिक्री में शामिल तीन सूत्रों ने बताया कि भारतीय रिफाइनरियां सितंबर में रूसी तेल की खरीद को अगस्त के स्तर से 10-20% या 150,000 - 300,000 बैरल प्रति दिन तक बढ़ा देंगी। भारत के लिए रूसी तेल के दो सबसे बड़े आयातक रिलायंस और नायरा एनर्जी हैं। इनमें से नायरा एनर्जी में रूसी स्वामित्व है।

# पीएम स्टारमर ने अवैध प्रवासियों को हिरासत में लेने और वापस भेजने का ऐलान किया

**लंदन (आईएएनएस)**

ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने अवैध प्रवासियों को हिरासत में लेने और वापस भेजने का ऐलान किया है। हाल में सरकार पर चैनल क्रॉसिंग और शरण होटलों के मुद्दे से निपटने के लिए बढ़ते दबाव का सामना करना पड़ रहा है। स्टारमर ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, "मैं स्पष्ट हूं, हम अवैध प्रवेश को बढ़ावा नहीं देंगे। अगर आप अवैध रूप से चैनल पार करते हैं, तो आपको हिरासत में लिया जाएगा और वापस भेज दिया जाएगा। उनकी यह टिप्पणी शनिवार को पूरे इंग्लैंड में कई प्रदर्शनों के दौरान आई, जिनमें लंदन, स्केग्नेस और ग्लूसेस्टर भी शामिल हैं, जहां शरणार्थियों को होटलों में ठहराया जा रहा है। पश्चिमी लंदन में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया।



- **विरोध की शुरुआत एक होटल में ठहरे शरणार्थी की गिरफ्तारी के बाद हुई।**
- **शरणार्थी पर 14 वर्षीय लड़की के कथित यौन उत्पीड़न और अन्य अपराधों के आरोप लगे।**

गर्मियों में हजारों लोग विरोध प्रदर्शनों में शामिल हुए थे, जो एक होटल में ठहरे एक शरणार्थी की गिरफ्तारी और उसके बाद उस पर 14 साल की एक लड़की के कथित यौन उत्पीड़न सहित कई अपराधों के आरोप लगने के बाद शुरू हुए थे। गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, जून तक होटलों में ठहरे शरणार्थियों की संख्या बढ़कर 32,000 से अधिक हो गई। सरकार ने अगले आम चुनाव तक शरणार्थी होटलों को बंद करने का वादा किया था। ब्रिटेन और फ्रांस एक ऐसी योजना पर काम कर रहे हैं जिसके तहत इंग्लिश चैनल पार करके छोटी नावों से आने वाले प्रवासियों को वापस फ्रांस भेजा जाएगा।

## भारतीय चावल निर्यातकों का प्रतिनिधिमंडल फिलीपींस जाएगा


**नई दिल्ली।** भारतीय चावल निर्यातकों का एक प्रतिनिधिमंडल अगले महीने फिलीपींस का दौरा करेगा। फिलीपींस ने भारत से खाद्यान्न आयात नियमों में ढील दी है। इसका मकसद भारत से निर्यात को बढ़ावा देना है। फिलीपींस बासमती चावल के आयात पर प्रतिबंध हटाने पर सहमत हो गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस कदम से भारत से उच्च गुणवत्ता वाले चावल के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि होने और भारतीय किसानों की आय में वृद्धि होने की उम्मीद है। कृषि सचिव फ्रांसिस्को पी. तियु लॉरेल जूनियर के नेतृत्व में फिलीपींस का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल इस महीने की शुरुआत में भारत आया था। उन्होंने भारतीय कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) और भारतीय चावल निर्यातक संघ के अधिकारियों से मुलाकात की।




### अजुल गाने पर बढ़ा विवाद

## गुरु रंधावा ने आलोचकों के लिए शेयर किया क्रिप्टिक पोस्ट

मशहूर गायक गुरु रंधावा का हाल ही में रिलीज हुआ गाना 'अजुल' विवादों में घिर गया है। जहां एक तरफ यह गाना लोगों के बीच लोकप्रिय हो रहा है, वहीं दूसरी ओर कुछ लोग इस पर सवाल उठा रहे हैं। उनका मानना है कि गाने में स्कूली छात्राओं को अनुचित तरीके से दिखाया गया है। इस गाने के म्यूजिक वीडियो में गुरु रंधावा एक फ़ोटोग्राफ़ी शिक्षक की भूमिका में हैं, जो एक लड़कियों के स्कूल में तस्वीरें लेने जाते हैं। वीडियो में छात्रा की भूमिका निभा रही अभिनेत्री अंशिका पांडे एक डांस सीक्वेंस करती हैं, जिससे गुरु का किरदार मंत्रमुग्ध हो जाता है। आलोचकों का कहना है कि यह दृश्य और वीडियो का कॉन्सेप्ट आपत्तिजनक है। विवाद बढ़ने के बाद, गुरु रंधावा ने सीधे तौर पर कोई बयान जारी नहीं किया।





राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार रविवार को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के ओटीसी ग्राउंड के निकट स्थित आवास पर जाकर वहां आयोजित गणेश पूजन उत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर राज्यपाल ने विघ्नहर्ता श्रीगणेश का आशीर्वाद प्राप्त किया और राज्यवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

## हथियार के बल पर महिला से चेन लूटकर अपराधी फरार



**रांची।** चुटिया पावर हाउस रोड में रहने वाली अन्नापूर्णा कर्मकार से अपराधियों ने हथियार के बल पर उनके गले से सोने की चेन लूटकर फरार हो गए। घटना शनिवार की है। अन्नापूर्णा कर्मकार ने चुटिया थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में कहा है कि वह शनिवार की सुबह अपने घर के गेट के पास खड़ी थी। इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधी पहुंचे। अपराधियों ने उनके घर के पास गाड़ी रोकी और कहा कि इधर-उधर मत देखिए रोड में देखिए। जैसे ही महिला रोड में देखी अपराधियों ने उनके गले से चेन छीन ली। महिला ने जब शोर मचाया तो अपराधियों ने पिस्टल निकाल लिया। महिला को गोली मारने की धमकी दी। इसके बाद तेजी से फरार हो गया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के 'मन की बात'



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा पंडरा मंडल (रांची महानगर) कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुना। मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम बहुत ही जनप्रिय और प्रेरणा देने वाला है। मन की बात में प्रधानमंत्री का संबोधन संपूर्ण भारत का एक समावेशी संबोधन होता है जिसमें हमारे देश के सभी ऐसे कर्णधार जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में अपने बल पर नए काम को गति देते हैं। ऐसे लोगों की जानकारी प्रधानमंत्री मन की बात में करते हैं। इसे हम सबों को प्रेरणा मिलती है स्वदेशी अभियान को आगे बढ़ते हुए प्रधानमंत्री का आह्वान ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी वस्तु को अपनाए और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हम सब मिलकर प्रधानमंत्री के इस मुहिम को आगे बढ़ाएं।

कार्यक्रम में शुबेश पांडे, पायल सोनी, नेहा सिंह, संजीव चौधरी, प्रीतम साहू , मंटू केसरी, जसवंत मिश्रा, तुलसी गुप्ता, राजकुमार साहू, आलोक परमार, अशोक मुंडा, विनोद वर्मा, सोनी कुमारी, रवि मेहता सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## चुटिया में नकली जर्दा बेचते दुकानदार पकड़ाया, केस

**रांची।** धर्मपाल सत्यपाल लिमिटेड के प्रबंधक राम अवतार सिंह ने लक्ष्मी ट्रेडर्स के संचालक गुलाब जगनमल हासानी के विरूद्ध नकली जर्दा बेचने का आरोप लगाकार चुटिया थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में कहा है कि उनकी कंपनी तुलसी (00) जर्दा बेचती है। चुटिया महावीर मंदिर के समीप स्थित लक्ष्मी ट्रेडर्स की ओर से उनकी कंपनी के नाम का इस्तेमाल कर जुर्दा बेचा जा रहा था। इसकी जानकारी मिलने के बाद पुलिस के सहयोग से उनकी कंपनी की टीम दुकान में गई। तलाशी के दौरान करीब पांच नकली जर्दा मिला, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। इधर, पुलिस जांच में जुट गई है।

## मोरहाबादी में मार्निंग वॉक कर रही महिला से चेन छिनतई


**रांची।** मोरहाबादी रतन हाइट की रहने वाली पम्मी कुमारी से बाइक सवार अपराधियों ने उनके गले से सोने की चेन छीनकर फरार हो गए। घटना शनिवार की है। पीड़िता के पति पवन कुमार ने बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### राज्य में आज से लागू होगी नई उत्पाद नीति, बोले मंत्री योगेंद्र प्रसाद

# प्रीमियम ब्रांड के शराब सस्ते होंगे रेगुलर 10 से 20 रुपए होंगे महंगे

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में एक सितंबर यानी सोमवार से रांची सहित राज्यभर में नई उत्पाद नीति लागू हो जाएगी। नई नीति के तहत शराब की बिक्री निजी हाथों में चली जाएगी। मंत्रिपरिषद से नई शराब नीति पर स्वीकृति मिलने और दुकान आवंटन की टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के बाद राज्य में शराब की बिक्री की जानी है। उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने रविवार को मीडिया से बातचीत में कहा है कि शराब के दाम में कोई विशेष बढ़ोतरी नहीं हुई है। प्रीमियम बढ़ा है और 70 प्रतिशत वैट घटा है। प्रीमियम ब्रांड सस्ते हुए हैं और जो रेगुलर ब्रांड के शराब हैं, वे 10 से 20 रुपए महंगी हुई हैं।



- भाजपा नेता प्रतिपक्ष के आरोपों उत्पाद मंत्री ने दी सफाई
- वैट घटाने से प्रीमियम ब्रांडों के दाम में कमी हुई

उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों यथा दिल्ली, कोलकाता से आने वाली प्रीमियम ब्रांड की शराब की बिक्री से राज्य सरकार के राजस्व में पहले नुकसान होता था, वह अब नहीं होगा। उक्त राज्यों की तर्ज पर अब झारखंड में भी प्रीमियम ब्रांडों की शराब मिलेगी। ऐसे में नई व्यवस्था के बाद राजस्व में बढ़ोतरी होगी। मंत्री ने यह भी कहा कि रेगुलर ब्रांड के दाम में जो थोड़ा सा इजाफा हुआ है, उस पर विभाग द्वारा मंथन किया जा रहा है कि कैसे उपभोक्ताओं की जेब पर इसका ज्यादा असर नहीं पड़े। नई शराब नीति को एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए मंत्री ने कहा कि वैट घटाने से प्रीमियम ब्रांडों के दाम में कमी हुई है।

राजस्व बढ़ोतरी पर विभाग के स्तर पर की जा रही समीक्षा शराब दुकानों के आवंटन में अपनाई गई लॉटरी प्रक्रिया की पारदर्शिता और इससे राजस्व में हुई बढ़ोतरी के पूछे सवाल पर भी उत्पाद मंत्री ने अपनी बातों को रखा। उन्होंने कहा कि राजस्व बढ़ोतरी पर अभी विभाग के स्तर पर समीक्षा की जा रही है। करीब 7500 आवेदनकर्ता आए थे। आवेदनकर्ता द्वारा दी गई राशि में करीब 1000 करोड़ रुपए विभाग को मिले हैं। इसमें आवेदन शुल्क, दो प्रतिशत की जमा राशि आदि शामिल है। विभाग के स्तर पर अगले दो से तीन दिनों में यह समीक्षा की जाएगी कि कितनी राशि वापस करनी होगी। कितना एडजस्ट करना होगा। उसके बाद ही यह बताना संभव होगा कि विभाग को कितनी राशि राजस्व के रूप में मिली है। हालांकि मंत्री ने उम्मीद जताई है कि दुकानों की बंदोबस्ती के बाद विभाग को 1000 करोड़ रुपए तक का राजस्व मिलना तय है।

बाबूलाल के आरोपों पर भी मंत्री ने रखा पक्ष वहीं, भाजपा नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के लगाए आरोपों पर मंत्री ने कहा कि एसीबी द्वारा विभाग से जबरन फाइल नहीं लेकर गई है। अगर जबरदस्ती कोई फाइल ले जाएगा, तो विभाग उस पर एफआईआर जरूर करेगा। एसीबी ने चल रहे अनुसंधान के क्रम में सीज करके फाइल ले गई है। इसमें सामान्य और सरल प्रक्रिया को अपनाया गया है। ऐसे में भाजपा नेता को कोई चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

## हेमंत सोरेन वोट अधिकार यात्रा में शामिल होने आज जाएंगे पटना



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिहार की राजनीति में सोमवार को एक बड़ा राजनीतिक दृश्य देखने को मिलेगा। राजधानी पटना में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ वोट अधिकार यात्रा का समापन विपक्षी एकता के शक्ति प्रदर्शन में तब्दील होगा। इस रैली में झारखंड के मुख्यमंत्री और झामुमो अध्यक्ष हेमंत सोरेन मौजूद रहेंगे। झामुमो ने बिहार विधानसभा चुनाव में अपनी सक्रिय भागीदारी का ऐलान किया है। पार्टी सीमावर्ती इलाकों में 10-15 सीटों पर दावा कर रही है, जहां उसका पारंपरिक प्रभाव माना जाता है। राजद ने भी सीट बंटवारे की बातचीत में झामुमो को शामिल करने पर सहमति दी है। हेमंत सोरेन की मौजूदगी न केवल गठबंधन की मजबूती का संकेत है, बल्कि बिहार में आदिवासी, दलित और अल्पसंख्यक मतदाताओं को साधने की एक बड़ी रणनीति भी मानी जा रही है।

कांग्रेस से के राजू, केशव महतो, दीपिका पहुंची झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह वोट अधिकार यात्रा के समापन समारोह में शामिल होने के लिए रविवार को पटना पहुंच चुकी हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पूरे बिहार के युवाओं में इस यात्रा को लेकर जबरदस्त उत्साह है। यह साफ संकेत है कि बिहार बदलाव चाहता है और यह बदलाव केवल महागठबंधन की सरकार ही ला सकती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की पूरी राजनीति झूठ और फरेब पर आधारित है। कांग्रेस के संस्कार में किसी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करना नहीं है। भाजपा झूठ और प्रपंच के जरिए जनता को गुमराह करना चाहती है, लेकिन बिहार की जनता अब सच्चाई जान चुकी है।

## बिहार के युवा बदलाव के पक्ष में : दीपिका पांडेय सिंह



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह वोट अधिकार यात्रा के समापन समारोह में शामिल होने के लिए रविवार को पटना पहुंची। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पूरे बिहार के युवाओं में इस यात्रा को लेकर जबरदस्त उत्साह है। यह साफ संकेत है कि बिहार बदलाव चाहता है और यह बदलाव केवल महागठबंधन की सरकार ही ला सकती है।

मंत्री ने कहा कि भाजपा की पूरी राजनीति झूठ और फरेब पर आधारित है। कांग्रेस पार्टी का संस्कार कभी भी किसी को गाली देने का नहीं रहा। भाजपा झूठ और प्रपंच के ज़रिए जनता को गुमराह करना चाहती है, लेकिन बिहार की जनता अब सच्चाई जान चुकी है। उन्होंने विश्वास जताया कि बिहार और उसके युवा अब निर्णायक बदलाव की ओर बढ़ चुके हैं और महागठबंधन की जीत तय है।

### बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री सोरेन को पत्र लिखकर लगाया आरोप

# रातों-रात हटाए गए शराब घोटाले के दस्तावेज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में शराब घोटाले से जुड़े दस्तावेजों को रातों-रात हटाए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने रविवार को इस संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर मामले की जांच कराने की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष मरांडी ने दावा किया है कि मंगलवार की रात एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने उत्पाद विभाग से भारी मात्रा में फाइलें उठाईं और उन्हें ट्रक पर ढोकर अन्य जगह पहुंचा दिया। यह काम राज्य पुलिस और एसीबी के महानिदेशक की देखरेख में हुआ है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने



- नेता प्रतिपक्ष ने कहा, यह भ्रष्टाचार और घोटालों के सबूत मिटाने का प्रयास है

पत्र में सवाल उठाया कि आखिर क्यों रात के समय उत्पाद विभाग से फाइलें ट्रक पर उठाकर अन्यत्र ले जाई गई? क्या यह कार्रवाई कुछ चुनिंदा अधिकारियों और राजनीतिक सरगनाओं को बचाने के उद्देश्य से की गई? मरांडी ने इसे सीधे-सीधे महत्वपूर्ण साक्ष्यों को नष्ट करने और संभावित ईडी-सीबीआई जांच से पहले भ्रष्टाचार और घोटालों के सबूत मिटाने का प्रयास बताते हुए चिंता व्यक्त की। नेता प्रतिपक्ष ने पत्र में मीडिया रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए कहा है कि एसीबी ने पूर्व में भी कुछ फाइलें उठा ली थीं, जिसके कारण शराब दुकानों के आवंटन में अड़चन पैदा हुई और संभावित राजस्व की हानि हुई। मरांडी का आरोप है कि यह कार्रवाई शराब घोटाले से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेजों और संचिकाओं को जानबूझकर नष्ट करने की कोशिश प्रतीत होती है, जिससे कुछ अफसर और सत्ताधारी भविष्य में बच सकें। भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि राज्य की जनता के हितों की रक्षा के लिए इस मामले में संवैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और किसी भी प्रकार से साक्ष्य नष्ट न होने पाएं। उन्होंने यह भी कहा कि जनता को यह जानने का अधिकार है कि इस कार्रवाई के पीछे किसका इशारा था और किन्हें बचाने की कोशिश की जा रही है।

## शिबू सोरेन को भारत रत्न देने के प्रस्ताव पारित होना गर्व की बात : रिजवान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड विधानसभा सत्र के अंतिम दिन झामुमो नेता अकील अख्तर उर्फ रिजवान क्रांतिकारी ने विधानसभा के मुख्यमंत्री कक्ष में मुलाकात किया। उन्होंने विधानसभा से दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न देने के प्रस्ताव को पारित होने पर हर्ष व्यक्त किया। साथ ही राज्य में युवाओं-छात्राओं से जुड़ी समस्याओं तथा राज्य के अल्पसंख्यकों के समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सभी की समस्याओं को ध्यान में रख कर उसके निदान पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने यह आश्वासन दिया तथा आश्वस्त किया कि सरकार युवाओं व छात्रों के हितों के लिए प्रतिबध्द है और उनके लिए निरंतर कार्य कर रही है।



## पृष्ठ एक के शेष

**छत्तीसगढ़ का कुख्यात नक्सली...**

एसपी ने बताया कि केंद्रीय कमेटी सदस्य अनल उर्फ रमेश महिला दस्ते की सदस्यों का शारीरिक शोषण करता है और कई महिला नक्सलियों का जबरन गर्भपात भी करवा चुका है। पुलिस को जानकारी मिली थी कि शीर्ष माओवादी नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया और अश्विन अपने दस्ते के साथ सारंडा क्षेत्र में बड़ी वारदात की योजना बना रहे थे। इसी के सत्यापन के लिए रविवार की सुबह अभियान चलाया गया। इस दौरान दोनों नक्सली सुरक्षा बल को देखकर भागने लगे और गिरफ्तार कर लिए गए। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, हिडिमा पर अब तक हत्या, पुलिस पार्टी पर हमला, विस्फोटक अधिनियम और यूएपीए समेत अन्य धाराओं में मामले दर्ज हैं। इसी तरह शिवा बोदरा के खिलाफ गोईलकेरा, सोनुवा, गुवा और जराईकेला थानों में कुल नौ गंभीर नक्सली मामले दर्ज हैं।

**सीमा शांति और सहयोग पर...**

अध्यक्षता के लिए चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को बधाई दी। उन्होंने अपने बयान के आखिरी में फिर से चीन यात्रा के निमंत्रण और बैठक के लिए धन्यवाद दिया। पीएम नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच द्विपक्षीय बैठक चीन के तियानजिन शहर में हुई, जहां रविवार से दो दिवसीय शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन शुरू हुआ। शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी और शी जिनपिंग के अलावा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल होने के लिए तियानजिन पहुंच गए हैं। अमेरिका की टैरिफ नीतियों के बीच तीन देशों के नेताओं की मुलाकात काफी अहम मानी जा रही है।

**विकास साझेदार हैं दोनों देश, प्रतिद्वंद्वी नहीं हैं :** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पीएम मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर शेयर कर इस बैठक में उठाए मुद्दों पर बात की। उन्होंने लिखा, प्रधानमंत्री मोदी ने चीन के तियानजिन में आयोजित एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने पिछले साल कजान में हुई अपनी बैठक के बाद से द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा की। भारत और चीन के बीच स्थिर और मैत्रीपूर्ण संबंध हमारी आर्थिक वृद्धि, सुधरे हुए बहुपक्षीय व्यवस्था और एक बहुध्रुवीय विश्व तथा एशिया के लिए महत्वपूर्ण हैं। सीमा से जुड़े मामलों पर जिस तरह दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधि काम कर रहे हैं, इसकी भी सराहना की गई। पीपल-टू-पीपल एक्सचेंज प्रोग्राम को और बढ़ावा देने पर सहमति जताई। भारत और चीन के बीच अनुमानित आर्थिक और व्यापारिक सहयोग विश्व अर्थव्यवस्था को स्थिर करने में मदद करता है।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों नेताओं ने अक्टूबर 2024 में कजान में हुई अपनी पिछली बैठक के बाद से भारत-चीन संबंधों में सकारात्मक प्रगति और स्थिरता का स्वागत किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दोनों देश विकास साझेदार हैं, प्रतिद्वंद्वी नहीं और मतभेदों को विवाद में नहीं बदलना चाहिए। दोनों नेताओं ने सहमति जताई कि भारत और चीन के 2.8 अरब लोगों के बीच आपसी सम्मान, आपसी हित और आपसी संवेदनशीलता पर आधारित स्थिर संबंध और सहयोग विकास के साथ-साथ 21वीं सदी के रुझानों के अनुरूप बहुध्रुवीय विश्व और बहुध्रुवीय एशिया के लिए आवश्यक है।

इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता को द्विपक्षीय संबंधों के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। दोनों नेताओं ने पिछले वर्ष सैनिकों की वापसी और तब से सीमा पर शांति बनाए रखने की कोशिशों की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और चीन दोनों रणनीतिक स्वायत्तता का पालन करते हैं और उनके संबंधों को किसी तीसरे देश के दृष्टिकोण से नहीं देखा जाना चाहिए। दोनों नेताओं ने बहुपक्षीय मंचों पर आतंकवाद जैसी बड़ी चुनौतियों से निपटने और निष्पक्ष व्यापार (जैसे द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों) पर मिलकर आगे बढ़ने की आवश्यकता पर बल दिया।

**पहल** | सरायकेला में हुई 'दिशा' की बैठक में केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने दी जानकारी

# रांची में पहली बार आयोजित होगा डिफेंस एक्सपो

- चांडिल अनुमंडल अस्पताल में जल्द शुरू होगी डायलिसिस सेवा
- बैठक में शामिल हुए वरीय पदाधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**




- बैठक में योजनाओं की समीक्षा

### नवरात्रि से पूर्व खराब ट्रांसफार्मर बदलने के निर्देश

इधर, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि 22 सितंबर से नवरात्र शुरू होने वाला है। नवरात्र से पूर्व सभी गांव- देहात में खराब ट्रांसफार्मर बदलने के निर्देश दिया गया है ताकि नवरात्र के दौरान नियमित रूप से सभी लोगों को बिजली आपूर्ति कराया जा सके। इस दौरान स्वच्छता भी बरकरार रखने के लिए विभाग को निर्देश दिया गया है क्योंकि 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई जाएगी, इसलिए स्वच्छता हर हाल में बरकरार रहनी चाहिए।

**सरायकेला।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने 19, 20 और 21 सितंबर को रांची में डिफेंस एक्सपो के आयोजन की जानकारी दी। यह बात उन्होंने सरायकेला के जिला समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित दिशा कार्यक्रम के दौरान कही।

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम पहली बार रांची हो रहा है, जिसमें झारखंड के एमएसएमई भी डिफेंस सेक्टर में आएंगे और सभी प्रकार की जानकारी प्राप्त करेंगे। इसमें डिफेंस सेक्टर के बड़े-बड़े अधिकारी भी शामिल होंगे। जिसमें उन्हें सभी प्रकार की जानकारी दी जाएगी। केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने झारखंड के उद्यमियों से इस कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

केंद्रीय मंत्री की ओर से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, विद्युत, खाद्य आपूर्ति, पेयजल एवं स्वच्छता, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, केसीसी, शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, पथ निर्माण समेत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में जिन योजनाओं की प्रगति धीमी पाई गई, उनमें सुधारात्मक कदम उठाते हुए उन्हें निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया गया है। सड़क योजनाओं में अनियमितता की शिकायत की जांच 15 दोनों के अंदर उपायुक्त को करने का निर्देश जारी किया गया है।

केंद्रीय मंत्री ने चांडिल अनुमंडल अस्पताल में डायलिसिस सेवा जल्द प्रारंभ होने के लिए निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही चांडिल का अंडरपास, दो माह के अंदर पूरा होने का भी आश्वासन दिया है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि बैठक के दौरान पीएमजीएवाई, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, पीडब्लूडी सड़क योजनाओं में अनियमिता की शिकायत मिली है, उन्होंने कहा कि 15 दिनों के अंदर उपायुक्त को सभी मामलों की जांच करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

दरअसल सरायकेला में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक हुई। बैठक में खरसावां विधायक दशरथ गागराई, इचागढ़ विधायक सविता महतो, उपायुक्त नितिश कुमार सिंह, एसपी मुकेश लुनायत, जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, उप विकास आयुक्त रीना हांसदा समेत विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण शामिल हुए।

# जिम्बाब्वे के लिए 10 हजार इंटरनेशनल रन बनाने वाले तीसरे खिलाड़ी बने ब्रेंडन टेलर

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के खिलाफ रविवार को दूसरे वनडे मुकाबले में जिम्बाब्वे के अनुभवी बल्लेबाज ब्रेंडन टेलर ने बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है। महज 20 रन की पारी खेलते हुए ब्रेंडन टेलर जिम्बाब्वे की ओर से इंटरनेशनल क्रिकेट में 10 हजार से ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए। ब्रेंडन टेलर ने साल 2004 से अब तक तीनों फॉर्मेट में कुल 287 मुकाबले खेले, जिसकी 320 पारियों में यह दाएं हाथ का बल्लेबाज 33.92 की औसत के साथ 10,009 रन बना चुका है। इस दौरान ब्रेंडन टेलर ने 17 शतक और 57 अर्धशतक जमाए। इस लिस्ट में एंड्रयू फ्लावर शीर्ष पर हैं, जिन्होंने साल 1992 से 2003 के बीच 276 मुकाबलों में 40.63 की औसत के साथ 11,580 रन बनाए, जबकि ग्रांट फ्लावर 1992 से 2010 के बीच 288 मुकाबलों की 337 पारियों में 32.03 की औसत के साथ 10,028 रन जोड़कर दूसरे पायदान पर मौजूद हैं। हरारे स्पोर्ट्स क्लब में टॉस हारकर बल्लेबाजी के लिए उतरी जिम्बाब्वे ने निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट खोकर 277 रन बनाए। टीम को सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत दिलाई। ब्रायन बेनेट ने बेन करेन के साथ 9.4 ओवरों में 55 रन जुटाए। ब्रायन 29 गेंदों में दो चौकों की मदद से 21 रन बनाकर आउट हुए। यहां से बेन करेन ने ब्रेंडन टेलर के साथ दूसरे विकेट के लिए 61 रन जोड़े। टेलर ने 37 गेंदों में 20 रन का योगदान दिया, जबकि करेन 95 गेंदों में नौ चौकों की मदद से 79 रन बनाकर आउट हुए। टीम 176 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गंवा चुकी थी। यहां से सिकंदर रजा ने क्लाइव मदांडे के साथ छठे विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी करते हुए जिम्बाब्वे को मजबूत स्थिति में ला दिया। सिकंदर रजा 55 गेंदों में 59 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि क्लाइव ने 36 रन का योगदान टीम के खाते में दिया।

▶इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने सुपर 4 में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है

▶भारतीय टीम का आखिरी मैच कजाखस्तान से

## हरमनप्रीत ने एक बार फिर किया कमाल

भारतीय टीम ने अपनी बढ़त को बनाए रखा और कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने चौथे क्वार्टर में एक और शानदार गोल करके भारत की जीत सुनिश्चित की।

जापान ने आखिरी क्षणों में एक और गोल किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने सुपर 4 में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। अगला मुकाबला भारत का कजाकिस्तान से होगा।




बैक टू बैक मिली दूसरी जीत

3-2 से हरा जापान

# हॉकी एशिया कप में भारतीय टीम ने चीन के बाद अब जापान को भी रौंदा

**एजेंसी। राजगीर (बिहार)**

हॉकी एशिया कप में भारतीय टीम ने दमदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए अपने दूसरे मैच में जापान को 3-2 से हरा दिया। इस तरह टीम इंडिया ने टूर्नामेंट में बैक टू बैक दूसरी जीत हासिल की है। मुकाबले में भारतीय टीम ने जापान के खिलाफ पहले क्वार्टर से ही अपना दबदबा बना लिया था। तीसरे क्वार्टर तक टीम इंडिया का स्कोर 3-1 था, लेकिन अंतिम क्वार्टर में जापान ने वापसी करते हुए दूसरा गोल दागकर अपने स्कोर में सुधार किया, लेकिन टीम इंडिया को वह जीत से नहीं रोक पाई। मैच का पहला क्वार्टर भारत के लिए बेहतरीन रहा। भारतीय टीम ने आक्रामक शुरुआत करते हुए मनदीप सिंह और कप्तान हरमनप्रीत सिंह के गोल की बदौलत जल्द ही 2-0 की बढ़त बना ली। जापान ने दूसरे और तीसरे क्वार्टर में वापसी की कोशिश की और कवाबे कोसेई के गोल से स्कोर 2-1 कर दिया।



### भारतीय टीम का आखिरी मैच कजाखस्तान से

**मेजबान भारतीय टीम टूर्नामेंट में अपना अंतिम पूल मैच सोमवार को कजाखस्तान के खिलाफ खेलेगी। इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता का विजेता अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेगा।**

## अपने प्रदर्शन से खुश, लेकिन अभी लंबा रास्ता तय करना बाकी : तस्कीन अहमद



**एजेंसी। नई दिल्ली**

बांग्लादेश और नीदरलैंड के बीच तीन टी20 मैचों की सीरीज खेली जा रही है। शुक्रवार को खेले गए पहले टी20 मैच में बांग्लादेश की जीत में तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद की बड़ी भूमिका रही थी। अहमद ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए चार विकेट लिए थे। अपने इस प्रदर्शन से तस्कीन खुश तो हैं लेकिन वह इससे भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। तस्कीन अहमद ने कहा कि चोट की वजह से उन्हें लंबे समय तक क्रिकेट से दूर रहना पड़ा। श्रीलंका दौरे में मैंने वापसी की लेकिन तब लय नहीं मिल पाई थी। मैं खुश हूं कि नीदरलैंड सीरीज में मैं अपनी लय में वापस लौट रहा हूं। हालांकि सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौटने के लिए मुझे अभी लंबा रास्ता तय करना है। तस्कीन ने कहा है कि मैंने पिछले कुछ सप्ताह में बहुत मेहनत की है। एक तेज गेंदबाज के रूप में अपनी गेंदों में गति को अधिकतम स्तर पर ले जाना चाहता हूं। हालांकि गेंदबाजी मैच की परिस्थिति के मुताबिक करनी होती है। उन्होंने कहा कि मैच के दौरान मैंने शुरुआत में, बीच में और फिर आखिरी ओवरों में मैंने परिस्थिति के अनुसार गेंदबाजी करने की कोशिश की। टी20 में अच्छी गेंदें भी बाउंड्री के लिए जा सकती हैं, लेकिन कुल मिलाकर मैं वैरिएशन को सही ढंग से लागू कर सका। शनिवार को बांग्लादेश और नीदरलैंड के बीच खेले गए सीरीज के पहले टी20 मैच में तस्कीन अहमद की घातक गेंदबाजी की बदौलत बांग्लादेश ने नीदरलैंड को 8 विकेट पर 136 रन पर रोक दिया।

## इंग्लैंड की वनडे और टी20 टीम में जगह बनाएं क्रॉली और कॉक्स : हैरी ब्रूक

**लीड्स।** इंग्लैंड में 'द हंड्रेड' लीग खेली जा रही है। इस लीग में टेस्ट में इंग्लैंड के लिए पारी की शुरुआत करने वाले जैक क्रॉली और जॉर्डन काक्स अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इंग्लैंड के वनडे और टी20 कप्तान हैरी ब्रूक दोनों खिलाड़ियों के प्रदर्शन से प्रभावित हैं और उनसे राष्ट्रीय वनडे और टी20 टीम में जगह पक्की करने का लक्ष्य रखने को कहा है। 'द हंड्रेड' में जैक क्रॉली ने 280 और कॉक्स ने 327 रन बनाए। ईएसपीएनक्रिकइन्फो से बात करते हुए हैरी ब्रूक ने कहा, "अच्छा प्रदर्शन करने वाले हर खिलाड़ी की राष्ट्रीय टीम में जगह बन सकती है। क्रॉली में गेंदबाजों पर दबाव बनाने की क्षमता है। वह तेज और स्पिन गेंदबाजी दोनों बेहतर तरीके से खेल सकते हैं। वह बेहतरीन क्षेत्ररक्षक भी हैं। उनके पास इंग्लैंड के लिए सफेद गेंद (क्रिकेट) खेलने के सभी गुण हैं।" उन्होंने कहा, "हर कोई जॉर्डन कॉक्स के बारे में बात कर रहा है। वह निश्चित रूप से एक अविश्वसनीय खिलाड़ी है। उन्हें अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखनी होगी।"

## पीएम मोदी की शुभकामनाएं मेरे लिए सम्मान की बात : चेतेश्वर पुजारा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले चुके चेतेश्वर पुजारा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुभकामनाएं दीं, जिसके लिए पुजारा ने उनका आभार जताया है। चेतेश्वर पुजारा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "मेरे लिए यह सम्मान की बात है कि रिटायरमेंट पर मुझे माननीय प्रधानमंत्री से प्रशंसा-पत्र प्राप्त हुआ। आपकी ओर से व्यक्त की गई भावनाओं के लिए मैं बहुत आभारी हूं। जीवन की दूसरी पारी की ओर बढ़ते हुए, मैं मैदान पर बिताए हर पल और सभी से मिले प्रेम और सम्मान को संजोकर रखूंगा।"

प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय क्रिकेटर को बधाई देते हुए पत्र में लिखा, "मुझे क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास लेने के आपके फैसले के बारे में पता चला। इस घोषणा के बाद, फैंस और क्रिकेट जगत ने आपकी उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहना की है। मैं आपके शानदार क्रिकेट करियर के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।"



उन्होंने लिखा, "क्रिकेट के छोटे प्रारूपों के प्रभुत्व वाले युग में, आप खेल के लंबे प्रारूप की खूबसूरती की याद दिलाते थे। आपके अडिग स्वभाव और लंबे समय तक एकाग्रता के साथ बल्लेबाजी करने की क्षमता ने आपको भारतीय बल्लेबाजी क्रम का आधार बनाया। आपका उत्कृष्ट क्रिकेट करियर उल्लेखनीय कौशल और संकल्प के पलों से भरा है, खासकर विदेशों में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में।"

पीएम मोदी ने लिखा, "मुझे यकीन है कि आपके पिता को

## दलीप ट्रॉफी : आयुष बडोनी का नाबाद दोहरा शतक, सेमीफाइनल में पहुंची नॉर्थ

**एजेंसी। बेंगलुरु**

आयुष बडोनी के नाबाद अर्धशतक के दम पर नॉर्थ जोन ने बीसीसीआई सीओई ग्राउंड 1 पर दलीप ट्रॉफी में ईस्ट जोन के खिलाफ खेले गए मुकाबले में बढ़त बनाते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में बडोनी का यह दूसरा दोहरा शतक है। नॉर्थ जोन ने अपनी दूसरी पारी में 146.2 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 658 रन बनाए थे। आयुष बडोनी 223 गेंद में 3 छक्के और 13 चौके की मदद से 204 और कन्हैया वाधवन 45 गेंद पर 23 रन पर खेल रहे थे। नॉर्थ जोन की कुल बढ़त 833 रन की हो चुकी थी। इस समय अंपायर्स ने मैच ड्रॉ घोषित कर दिया। आयुष बडोनी के अलावा नॉर्थ जोन के लिए दूसरी पारी में कप्तान अंकित कुमार ने 321 गेंद पर 198 और यश ढुल ने 157 गेंद पर 133 रन की पारी खेली थी। निशांत सिंधु ने भी 68 रन बनाए थे। नॉर्थ जोन पहली पारी में 405 रन पर सिमटी थी। आयुष बडोनी ने 63 रन बनाए थे। वाधवन ने 76 रन की पारी खेली थी। निशांत सिंधु ने 47 और आकिब नबी ने 44 रन बनाए थे। पहली पारी में ईस्ट जोन 230 रन पर सिमट गई थी। विराट सिंह ने सर्वाधिक 69 रन बनाए थे। नॉर्थ जोन के लिए आकिब नबी ने 5 विकेट लिए थे। ईस्ट जोन पर बढ़त बनाने की वजह से नॉर्थ जोन सेमीफाइनल में पहुंच गई है। बडोनी भारतीय क्रिकेट का उभरता हुआ चेहरा हैं। वह दिल्ली के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं और टीम की कप्तानी भी कर चुके हैं। बडोनी आईपीएल में एलएसजी के लिए खेलते हैं और मध्यक्रम में विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। 2022 से एलएसजी का हिस्सा बडोनी ने 56 मैचों में 6 अर्धशतक लगाते हुए 963 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 138.56 रहा है।



## म्युचुअल फंड में बरस रहा पैसा, एयूएम ₹33 लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** म्युचुअल फंड पर निवेशकों का भरोसा लगातार बढ़ता जा रहा है। इक्विटी म्युचुअल फंड्स का एसेट अंडर मैनेजमेंट पिछले पांच साल में चार गुना से ज्यादा बढ़ गया है। एनालिटिक्स के आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई 2020 में जहां 7.65 लाख करोड़ था, वहीं जुलाई 2025 तक यह 335.31% बढ़कर 33.32 लाख करोड़ तक पहुंच गया। निवेश के मोर्चे पर भी बड़ा बदलाव देखने को मिला है। जुलाई 2020 में जहां इक्विटी म्युचुअल फंड्स से 3,845 करोड़ की निकासी हुई थी, वहीं जुलाई 2025 में 42,673 करोड़ का शुद्ध निवेश दर्ज किया गया। 2025 में इक्विटी म्युचुअल फंड्स में निवेश सालाना आधार पर 15.08% बढ़कर 42,673 करोड़ पर पहुंच गया, जबकि जुलाई 2024 में यह 37,082 करोड़ था। मासिक आधार पर इनफ्लो में ग्रोथ और भी तेज रही। जून 2025 के 23,568 करोड़ के मुकाबले जुलाई में इनफ्लो 81.06% की तेजी से बढ़ा। एनालिटिक्स के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और हेड मार्केट डेटा अश्विनी कुमार ने कहा, "पिछले कुछ वर्षों में इक्विटी म्युचुअल फंड्स में तेजी से निवेश में बढ़ोतरी हुई है।

## देश को टेक्नोलॉजी में लीडर बनाने के लिए टेक्नोक्सियन वर्ल्डकप जैसे आयोजन आवश्यक: राज के शर्मा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टेक्नोक्सियन वर्ल्डकप, दुनिया की सबसे बड़ी रोबोटिक्स चैम्पियनशिप है। टेक्नोलॉजी में लीडर और 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए भारत में इस तरह के आयोजन होना आवश्यक है। यह बयान आयोजक राज के शर्मा ने रविवार को दिया। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए राज के शर्मा ने बताया कि ऑल इंडिया काउंसिल फॉर रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन द्वारा वर्ल्ड रोबोटिक्स ऑर्गेनाइजेशन के साथ साझेदारी में आयोजित किए



गए टेक्नोक्सियन वर्ल्डकप 9.0 का उद्देश्य भारत को ग्लोबल टेक स्पोर्ट्स हब के रूप में तैयार करना है। यहां भाग लेने वाला प्रत्येक देश घरेलू स्तर पर नेशनल चैंपियनशिप आयोजित करता है और वहां की सर्वश्रेष्ठ टीमों को भारत में प्रतिस्पर्धा के लिए भेजा जाता है। इसका उद्देश्य है कि दुनिया भारत की प्रतिभा को देखे, और भारतीय छात्र सीखें और ज्ञान का आदान-प्रदान हो। जानकारी के मुताबिक, टेक्नोक्सियन वर्ल्डकप 9.0 को नोएडा स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में 15 श्रेणियों में लगभग 60 देशों के प्रतिभागी शामिल होंगे, जिसका उद्देश्य भारतीय छात्रों को ग्लोबल से परिचित कराना और ग्लोबल टेक्नोलॉजी लीडर बनने के भारत के दृष्टिकोण को मजबूत करना है। इसके अतिरिक्त, भारत हर क्षेत्र में टेक्नोलॉजी का तेजी से विकास हो रहा है।

### क्या ट्रंप के नोबेल जुनून से बिगड़े भारत-अमेरिका के रिश्ते?

# एनवाईटी का दावा- मोदी ने नॉमिनेट करने से किया इनकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों में पिछले कुछ महीनों से तनाव बढ़ता दिख रहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 17 जून को अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई फोन कॉल ने इस तनाव की शुरुआत की। इस कॉल में ट्रंप ने दावा किया कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान विवाद को "हल" कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकित करने पर विचार कर रहा है। ट्रंप ने इशारों-इशारों में उम्मीद जताई कि मोदी भी उनका समर्थन करें। लेकिन मोदी ने इस सुझाव को साफ ठुकरा दिया। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर दोतरफा बातचीत से हुआ, इसमें किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता नहीं थी। भारतीय अधिकारियों ने बाद में बयान जारी कर कहा कि भारत अपने और पाकिस्तान के बीच विवादों में कभी भी मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेगा।



### ट्रंप का नोबेल पुरस्कार का जुनून

रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप का नोबेल शांति पुरस्कार जीतने का जुनून इस तनाव की जड़ में है। ट्रंप कई बार कह चुके हैं कि उन्हें यह पुरस्कार मिलना चाहिए। फरवरी में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रंप ने शिकायत की, "वे मुझे कभी नोबेल शांति पुरस्कार नहीं देंगे, जबकि मैं इसके हकदार हूं।" व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने दावा किया कि ट्रंप ने अपने कार्यकाल में हर महीने औसतन एक शांति समझौता या सीजफायर करवाया। उन्होंने भारत-पाकिस्तान, कंबोडिया-थाईलैंड, रवांडा-डीआरसी, इजरायल-ईरान, सर्बिया-कोसोवो और मिस्र-इथियोपिया जैसे विवादों को सुलझाने का श्रेय ट्रंप को दिया।

## भारतीय चावल निर्यातकों का प्रतिनिधिमंडल फिलीपींस जाएगा खाद्य निर्यात बढ़ाने पर जोर

**नई दिल्ली।** भारतीय चावल निर्यातकों का एक प्रतिनिधिमंडल अगले महीने फिलीपींस का दौरा करेगा। फिलीपींस ने भारत से खाद्यान्न आयात नियमों में ढील दी है। इसका मकसद भारत से निर्यात को बढ़ावा देना है। फिलीपींस बासमती चावल के आयात पर प्रतिबंध हटाने पर सहमत हो गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस कदम से भारत से उच्च गुणवत्ता वाले चावल के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि होने और भारतीय किसानों की आय में वृद्धि होने की उम्मीद है। कृषि सचिव फ्रांसिस्को पी. तियु लॉरेल जूनियर के नेतृत्व में फिलीपींस का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल इस महीने की शुरुआत में भारत आया था। उन्होंने भारतीय कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) और भारतीय चावल निर्यातक संघ के अधिकारियों से मुलाकात की। इस मुलाकात में, फ़िलीपींस ने भारत से कई ज़रूरी खाद्य पदार्थों का आयात बढ़ाने पर सहमति जताई। इनमें चावल, भैंस का मांस, सब्ज़ियां, फल और मूंगफली सहित अन्य खाद्य पदार्थ शामिल हैं। इस फैसले से फ़िलीपींस को अपनी खाद्य आपूर्ति को अलग-अलग देशों से पूरा करने में मदद मिलेगी, खासकर जब दुनिया में व्यापार को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।